इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

"यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

पैसे बीमारी ठीक होने के बाद देना
उम्र की अधिकता और बीपी, शुगर से आई कमजोरी, मोटापा, लकवा, संतान न होना, नौजवानों की शारीरिक कमजोरी, धातु रोग, शीघ्र पतन, इन्द्रीयों की समस्या, शुक्राणु की कमी, टायमिंग की कमी एवं गुप्त रोगों का विशेष आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज किया जाता है। मनचाही शक्ति सफलता से प्राप्त करने हेतु संपर्क करें।
तुलसी आयुर्वेदिक
चौरसिया कॉम्प्लेक्स (मस्जिद के सामने) गुड़ाखू लाईन, शॉप नं.-4, राजनांदगांव
मो.नं.-7566609039
हर दिन सु. 10 बजे से शाम 7 बजे तक

वर्ष- 43 | अंक -92 | राजनांदगांव, शनिवार 17 फरवरी 2024 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

## महागठबंधन सरकार के मंत्रियों का फैसला पलटेगी राजग सरकार ! विभागों से मांगी गई रिपोर्ट, होगी समीक्षा

पटना। बिहार में 28 जनवरी 2024 को सुबह 11 बजे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस्तीफा दिया और उसी शाम फिर नए सीएम के रूप में उन्होंने शपथ भी ली। पहले वह महागठबंधन सरकार के मुखिया थे और अब वह राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार के सर्वेसर्वा हैं। नई सरकार के बहुमत हासिल करने के बाद अब फैसलों की घड़ी आ गई है। फैसले के तहत राज्य की नई सरकार ने पिछली सरकार के मंत्रियों के फैसलों की समीक्षा का निर्णय लिया है। इस फैसले के तहत राष्ट्रीय जनता दल कोटा के मंत्रियों के विभागों में लिए गए फैसलों की मुख्य रूप से समीक्षा की जाएगी। समीक्षा के बाद देखा जाएगा कि उनमें किसे रद्द करना है या किसे किस तरह से संशोधित कर काम चलाया जा सकता है।



### क्या लिखा है सरकार के द्वारा जारी किए गये पत्र में

सरकार के अपर सचिव निशीथ वर्मा के द्वारा जारी किये गए पत्र में लिखा है कि 1 अप्रैल 2023 से स्वास्थ्य विभाग, पथ निर्माण विभाग, नगर विकास एवं आवास विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग, खान एवं भूतत्व विभाग एवं लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग में पूर्व मंत्री के स्तर पर किए गए कार्यों एवं उनके द्वारा लिए गए निर्णयों की समीक्षा की जाए। आगे लिखा है कि यदि आवश्यक हो तो सक्षम प्राधिकार से अनुमोदन के उपरांत उनमें संशोधन किया जाए। इस संबंध में विभागीय मंत्री को संबंधित आदेशों की जानकारी देते हुए उक्त मंत्री से आवश्यक निदेश प्राप्त किया जाए।

### विभागों और ट्रांसफर पोस्टिंग की हो सकती है समीक्षा

राष्ट्रीय जनता दल के साथ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार में कई ऐसे विभाग थे, जो काफी विवादास्पद रहे। उन विभागों में कृषि विभाग, शिक्षा विभाग थे सहित कुछ अन्य विभाग रहे थे, जिनकी अब समीक्षा की जा सकती है। इसके अलावे कई ट्रांसफर पोस्टिंग भी किए गये थे, जिनकी समीक्षा की जा सकती है।

### शिक्षा मंत्री भी रहे थे विवादित

रामायण में कचरा है, उसे हटाना होगा। हिन्दी दिवस के अवसर पर एक सभा को संबोधित करते हुए शिक्षा मंत्री डॉ चंद्रशेखर ने कहा था कि रामचरितमानस में पोटैशियम साइनाइड है। शिक्षा मंत्री ने कहा था कि इसे खत्म कर देना चाहिए। प्रो. चंद्रशेखर के इस विवादित बयान के बाद उनका जमकर विरोध हुआ था। सीतामढ़ी जिले के गोयनका कॉलेज में एक निजी कार्यक्रम में पहुंचने पर उनको काला झंडा दिखाकर विरोध जताया था। भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा था कि सनातन धर्म को लेकर अनर्गल बयान देने के कारण शिक्षा मंत्री का विरोध किया गया है।

## 'कितने लोगों को अपने पाले में करने जा रहे हैं...', जब चाय बैठक में मल्लिकार्जुन खरगे ने पीएम मोदी से पूछा!



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर उनके गारंटी को लेकर निशाना साधते हुए कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि मोदी सभी झूठों के सरदार हैं। खरगे ने कहा कि उन्होंने 2014 के चुनाव अभियान के दौरान जो वादा किया था उसे भी पूरा करने में विफल रहे।

### मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा - 'मोदी झूठों का सरदार'

खरगे ने पुणे में कांग्रेस द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि 2014 के दौरान किए गए वादों का क्या हुआ? उन्होंने उन्हें कभी पूरा नहीं किया। 'मोदी झूठों का सरदार' हैं। उन्होंने कहा, पीएम मोदी झूठ बोलते रहते हैं, आप सभी जानते हैं कि उन्होंने पिछले दस वर्षों में क्या किया है। फिर भी, लोग उनकी प्रशंसा करते हैं। अगर ऐसा ही चलता रहा, तो जल्द ही एक दिन आएगा जब संविधान गायब हो जाएगा। संविधान की रक्षा के लिए हम लड़ाई लड़ रहे हैं और लड़ते रहना होगा।

प्रधानमंत्री मोदी को व्यक्तिवादी बताते हुए खरगे ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री अपनी गारंटियों की घोषणा करते समय अपनी पार्टी का नाम तक नहीं लेते। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि पीएम मोदी कहते रहते हैं कि यह मोदी की गारंटी है।

### अशोक चव्हाण पर भी बरसे खरगे

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण के हाल ही में भाजपा में शामिल होने पर खरगे ने कहा कि इस तरह पाला बदलना कायरतापूर्ण है। उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा विपक्षी नेताओं को डराकर अपनी पार्टी में शामिल कराया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि संसद में एक चाय बैठक के दौरान मैंने प्रधानमंत्री मोदी से पूछा कि आप (भाजपा) कितने लोगों को अपने पाले में करने जा रहे हैं, क्योंकि मंत्री और पूर्व मुख्यमंत्री आपके पाले में आ रहे हैं।

## केजरीवाल का एलान- विधानसभा में रखेंगे विश्वास प्रस्ताव, विधायकों को एकजुट दिखाने के लिए फैसला



इंदौर। अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि विधानसभा में आज मैं विश्वास मत रखूंगा, लेकिन यह गौर करने वाली बात है कि दिल्ली सरकार के खिलाफ विपक्ष की तरफ से कोई अविश्वास प्रस्ताव नहीं आया है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हम देख सकते हैं कि पार्टियों को तोड़ा जा रहा है। झूठे मामले दर्ज करके अन्य राज्यों में सरकारें गिराई जा रही है। दिल्ली में, वे शराब नीति मामले के बहाने से आप नेताओं को गिरफ्तार करने कर रहे हैं। उनका असली मकसद सरकार को गिराना है। वे जानते हैं कि वे दिल्ली में कभी चुनाव नहीं जीत सकते हैं। लोगों को यह दिखाने के लिए कि हमारा कोई भी विधायक नहीं टूटा और वे सभी बरकरार हैं। मैं विश्वास प्रस्ताव पेश करता हूं।

## छत्तीसगढ़ में 20 आईपीएस अधिकारियों का प्रमोशन, आरएन दास, मयंक श्रीवास्तव बीएस ध्रुव बनाए गए आईजी

रायपुर। छत्तीसगढ़ में 20 आईपीएस अधिकारियों की पदोन्नति की गई है। आरएन दास, मयंक श्रीवास्तव, बीएस ध्रुव को आईजी बनाया गया है। इनके अलावा संतोष सिंह, टी.आर. कोशिमा, सरजूराम सलाम, जीआर ठाकुर, पीके ठाकुर, डॉक्टर लाल उमेद सिंह अजात बहादुर सिंह को एसएसपी का सीनियर पे-स्केल दिया गया है। आईपीएस गिरिजा शंकर जायसवाल, अभिषेक मीणा, सुजीत कुमार, सदानंद कुमार, एमएल कोटवानी, दुखुराम आंचला, शंकर लाल बघेल, एमआर अहिरे, अरविंद कुजूर को मिली डीआईजी पद पर पदोन्नति दी गई है।

## दुनिया भारत में निवेश को उत्सुक, हरियाणा निवेश के लिए उत्तम राज्य-मोदी



नयी दिल्ली/ रेवाड़ी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि पूरी दुनिया इस समय भारत में नए-नए अवसरों को देखते हुए देश में निवेश करना चाहती है और निवेश के लिए हरियाणा एक उत्तम राज्य बन कर उभरा है।

श्री मोदी हरियाणा में रेवाड़ी में आज में एम्स और गुरुग्राम मेट्रो रेल परियोजना की आधारशिला रखने के साथ ही कई और परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास के अवसर पर आयोजित एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इन परियोजनाओं की लागत कुल मिला कर 9750 करोड़ रुपए से अधिक की है। श्री मोदी ने कहा,आज पूरा विश्व भारत में निवेश के लिए उत्सुक है और निवेश के लिए हरियाणा एक उत्तम राज्य बनकर उभर रहा है। कार्यक्रम के मंच पर में हरियाणा के राज्यपाल बंगारू दत्तात्रेय और मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर और कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इससे पहले श्री मोदी ने इस कार्यक्रम के बारे में सोसल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर कहा था कि इन परियोजनाओं से हरियाणा का स्वास्थ्य, रेल और पर्यटन सेक्टर और समृद्ध होगा। प्रधानमंत्री ने कहा, हरियाणा इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास और विस्तार के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। श्री मोदी ने सभा में कहा, हरियाणा की डबल इंजन सरकार विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण को लेकर प्रतिबद्ध है। रेवाड़ी में विभिन्न विकास परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित कर रहा हूं।

प्रधानमंत्री ने रेवाड़ी के कार्यक्रम में लगभग 5,450 करोड़ रुपए की लागत से विकसित होने वाली गुरुग्राम मेट्रो रेल परियोजना तथा लगभग 1,650 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले एम्स रेवाडी की आधारशिलाएं रखीं। तथा कई रेलवे परियोजनाओं की आधारशिला रखी और कुछ तैयार परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित किया। उन्हेंाने रोहतक-महम-हांसी खंड पर ट्रेन सेवा को हरी झंडी दिखाई। प्रधानमंत्री ने कहा, हरियाणा सरकार ने जल संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए सराहनीय कार्य किया है और राज्य हरियाणा कपड़ा तथा परिधान उद्योग में अपना बड़ा नाम बना रहा है। उन्होंने कहा, हरियाणा निवेश के लिए एक शीर्ष राज्य के रूप में उभर रहा है, और निवेश बढ़ने का मतलब है नई नौकरी के अवसरों में वृद्धि।

प्रधानमंत्री ने सभा में बहादुरों की भूमि रेवाड़ी को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके प्रति क्षेत्र के लोगों के स्नेह को रेखांकित किया। उन्होंने 2013 में प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के तौर पर अपने पहले कार्यक्रम को याद किया और लोगों की शुभकामनाओं को याद किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि जनता का आशीर्वाद उनके लिए बहुत बड़ी पूंजी है।उन्होंने भारत को दुनिया में नई ऊंचाइयों पर ले जाने का श्रेय लोगों के आशीर्वाद को दिया। संयुक्त अरब अमीरात और कतर की अपनी इसी सप्ताह की यात्रा के बारे में जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने वैश्विक मंच पर भारत को मिले सम्मान और सद्भावना के लिए देश (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## जयपुर एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी, मचा हड़कंप; दो घंटे तक चलाया सर्च ऑपरेशन



जयपुर। शुक्रवार को उस समय जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर हड़कंप की स्थिति हो गई, जब एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली. आनन-फानन में सुरक्षा एजेंसी अलर्ट हुई. फिर पूरे एयरपोर्ट परिसर की गहन तलाशी ली गई. लेकिन कोई संदिग्ध चीज नहीं मिली. दो घंटे की छानबीन के बाद एयरपोर्ट परिसर से कुछ आपत्तिजनक नहीं मिलने के बाद सुरक्षा एजेसिंयों ने राहत की सांस ली.

मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को जयपुर एयरपोर्ट की ऑफिशियल आईडी पर डॉन ऑफ इंडिया नाम की आईडी से ई-मेल भेजकर धमकी दी गई थी. इसके बाद एयरपोर्ट सुरक्षा जवानों के साथ ही बीडीएस टीम (बम निरोधक दस्ता) की टीम ने सर्च अभियान चलाया. धमकी के बारे में एयरपोर्ट एसएचओ ममता मीना ने बताया कि सुबह करीब 11.29 बजे पुलिस को एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी वाला मेल मिलने की सूचना दी गई. जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट की ऑफिशियल ई-मेल पर अज्ञात व्यक्ति ने धमकी भरा मेल भेजा है. मेल में जयपुर एयरपोर्ट के लैंड स्केप एरिया को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है. इस धमकी के बाद बीडीएस, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## स्वास्थ्य विभाग में 5 हजार से ज्यादा पदों पर पीएससी और व्यापमं के जरिए होगी भर्ती, स्वास्थ्य मंत्री ने दी ये जानकारी



रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर छत्तीसगढ़ में मेडिकल आफिसर्स एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों की भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने आज विधानसभा में यह जानकारी दी है कि हाल ही में अपनी डिग्री पूरी करने वाले 246 एमबीबीएस डाक्टरों को मेडिकल आफिसर के पद पर तथा 21 डाक्टर्स को विशेषज्ञ चिकित्सक के तौर पर पदस्थ किया गया है। इनमें से पचास फीसदी चिकित्सक बस्तर एवं सरगुजा संभाग में दूरस्थ क्षेत्रों में अपनी सेवाएं देंगे।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा है कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन योजना के अंतर्गत किसी भी हास्पिटल में जहां भी खाली पद है उसके विरूद्ध यदि कोई एमबीबीएस डाक्टर या विशेषज्ञ डाक्टर आवेदन देता है तो उसे 24 घंटे के भीतर राज्य शासन से नियुक्ति मिलेगी।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा है कि स्वास्थ्य विभाग में निचले कर्मचारियों से लेकर चिकित्सकों के 5 हजार से ज्यादा पद रिक्त हैं जिन्हें जल्द ही व्यापम और पीएससी के जरिए भरा जाएगा। मंत्री जायसवाल ने कहा है कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों तक डाक्टरों की नियुक्ति होने जा रही है ताकि आम लोग एवं दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया हो सकें।


## सरकार से बातचीत के लिए तैयार है दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी, नक्सलियों ने रखीं ये शर्तें



बीजापुर। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा नक्सलियों से वार्ता मामले पर नक्सलियों ने जवाब जारी किया है। नक्सलियों की दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी ने खुले तौर पर वार्ता के लिए हामी भरी है। माओवादियों ने वार्ता के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करने की मांग रखी है। नक्सली नेता ने कहा कि मुठभेड़ों व क्रॉस फायरिंग के नाम झूठी मुठभेड़ों में आदिवासियों की हत्याएं बंद हों। तमाम सशस्त्र बलों को छह माह के लिए बैरकों थाना व कैम्पों तक सीमित किया जाए। नए कैम्प स्थापित करना बंद किया जाए व राजनीतिक बंदियों को रिहा किया जाए।

नक्सली नेता ने कहा कि यदि वार्ता के लिए सरकार तैयार है तो इन बातों पर अमल करें। इसके बाद हम सीधी या मोबाइल वर्चुअल वार्ता के लिए आगे आएंगे। नक्सलियों की दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी के प्रवक्ता विकल्प ने यह बयान जारी किया है।

## महादेव एप केस में कोर कमेटी में शामिल नीतीश दीवान को ईडी ने किया गिरफ्तार, 24 फरवरी तक मिली रिमांड






रायपुर। महादेव एप केस में एक बड़ा अपडेट सामने आया है। प्रवर्तन निदेशायल (ईडी) ने महादेव एप के कोर कमेटी में शामिल नीतीश दीवान को गिरफ्तार कर लिया है। शुक्रवार को ईडी ने नीतीश को रायपुर कोर्ट में पेश किया, जहां कोर्ट ने नीतीश को 24 फरवरी तक ईडी रिमांड पर भेज दिया है।

इससे पहले नीतीश दीवान को दिल्ली एयरपोर्ट से पिछले साल छह नवंबर को पकड़ा गया था, लेकिन ईडी ने पूछताछ के बाद उसे छोड़ दिया गया था। नीतीश दीवान वही शख्स है, जिसने आइफा अवार्ड में फिल्म इंडस्ट्रीज के बड़ी हस्तियों को अवार्ड दिए थे। नीतीश और उसका भाई महादेव बुक के प्रमोटर सौरभ चंद्राकर के बहुत ही करीबी है। नीतीश दीवान भिलाई के वैशाली नगर का रहने वाला है। नीतीश का महादेव ऐप के संचालक सौरभ चंद्राकर से दुबई में संपर्क हुआ। इसके बाद नीतीश सौरभ के लिए काम करने लगा। नीतीश महादेव एप का पूरा हिसाब देखा करता था।

नीतीश ने अपने काम से सौरभ का विश्वास जीत लिया और उसके करीब पहुंच गया। इसके बाद सौरभ ने उसे अपने काले कारोबार के कोर कमेटी का सदस्य बना दिया। इसके बाद नीतीश ने फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखा। सौरभ के भाई गितेश चंद्राकर के साथ फिल्म निर्माण का काम करने लगा।

## पीपीबीएल के ग्राहकों को मिला और 15 दिन




नयी दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक ने पेटीएम पेमेंट बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) के ग्राहकों के हित को ध्यान में रखते हुए उन्हें वैकल्पिक व्यवस्था करने के लिए थोड़ा और समय देने के उद्देश्य से पीपीबील की सेवाओं को बंद करने की अवधि को 15 दिन बढ़ाकर 15 मार्च 2024 कर दी है।

रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा कि व्यापक सार्वजनिक हित को ध्यान में रखते हुए ये निर्णय लिए गए हैं। उन्होंने कहा कि 15 मार्च, 2024 (29 फरवरी, 2024 की पूर्व निर्धारित समयसीमा से विस्तारित) के बाद किसी भी ग्राहक खाते, प्रीपेड उपकरण, वॉलेट, फास्टैग, नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड आदि में कोई और जमा या क्रेडिट लेनदेन या टॉप अप की अनुमति नहीं दी जाएगी। किसी भी ब्याज, कैशबैक, पार्टनर बैंकों से स्वीप इन या रिफंड के अलावा जो कभी भी जमा किया जा सकता है। इसके ग्राहकों द्वारा बचत बैंक खाते, चालू खाते, प्रीपेड उपकरण, फास्टैग, नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड आदि सहित अपने खातों से शेष राशि की निकासी या उपयोग की अनुमति उनके उपलब्ध शेष राशि (कोई परिवर्तन नहीं) तक बिना किसी प्रतिबंध के दी जाएगी।

15 मार्च, 2024 (29 फरवरी, 2024 की पूर्व निर्धारित समयसीमा से विस्तारित) के बाद किसी भी ग्राहक खाते, प्रीपेड उपकरण, वॉलेट, फास्टैग, नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड आदि में कोई और जमा या क्रेडिट लेनदेन या टॉप अप की अनुमति नहीं दी जाएगी। किसी भी ब्याज, कैशबैक, पार्टनर बैंकों से स्वीप इन या रिफंड के अलावा जो कभी भी जमा किया जा सकता है। इसके ग्राहकों द्वारा बचत बैंक खाते, चालू खाते, प्रीपेड उपकरण, फास्टैग, नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड आदि सहित अपने खातों से शेष राशि की निकासी या उपयोग की अनुमति उनके उपलब्ध शेष राशि (कोई परिवर्तन नहीं) तक बिना किसी प्रतिबंध के दी जाएगी। उन्होंने कहा कि 15 मार्च, 2024 के बाद कोई भी बैंकिंग सेवा, जैसे फंड ट्रांसफर (एईपीएस, आईएमपीएस आदि जैसी सेवाओं के नाम और प्रकृति के बावजूद), बीबीपीओयू और यूपीआई सुविधा बैंक द्वारा प्रदान नहीं की जानी चाहिए। 29 फरवरी, 2024 की पूर्व निर्धारित समयसीमा से बढ़ा दिया गया)। हालाँकि, उपरोक्त (द्व) के प्रयोजन के लिए (अर्थात ग्राहकों या वॉलेट धारकों द्वारा उपलब्ध शेष राशि की निकासी या उपयोग के लिए), एईपीएस, आईएमपीएस और यूपीआई सहित ऐसे फंड ट्रांसफर की अनुमति किसी भी समय दी जा सकती है। पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड द्वारा बनाए गए वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड और पेटीएम पेमेंट्स सर्विसेज (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## दिल्ली की फैक्ट्री में आग: आठ मृतकों की हुई पहचान, अज्ञात शवों के लिए की जा सकती है डीएनए जांच



दिल्ली। बाहरी दिल्ली के अलीपुर में बृहस्पतिवार को एक फैक्टरी में लगी भीषण आग में मारे गए 11 लोगों में से आठ की पहचान उनके परिवार के सदस्यों ने कर ली है. जरूरत पड़ने पर अज्ञात शवों के लिए डीएनए जांच कराई जा सकती है. पुलिस ने यह जानकारी दी. पुलिस ने यह पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है कि घटना किस कारण से हुई और क्या पेंट फैक्टरी अवैध रूप से संचालित की जा रही थी.

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने एक बयान में कहा कि जिस इमारत में आग लगी, उसका इस्तेमाल अवैध रूप से रासायनिक पेंट मिश्रित करने के लिए किया जा रहा था. एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस घटना में फैक्टरी के मालिक अशोक कुमार जैन और उनके 10 कर्मचारी मारे गए. अधिकारी ने बताया कि फैक्टरी ओम सन्स पेंट 2017 से काम कर रही है. अधिकारी ने कहा, ''यह पता चला है कि जब काम चल रहा होता था तो मालिक फैक्टरी को अंदर से बंद कर देता था. मारे गए आठ लोगों की पहचान अशोक कुमार जैन (62), राम सूरत सिंह (44), विशाल गौंड (19), अनिल ठाकुर (46), पंकज कुमार (29), शुभम (19), मीरा (44) और बृजकिशोर (19) के तौर पर हुई.

पुलिस अधिकारियों ने कहा कि ऐसी आशंका है कि फैक्टरी का गेट बंद था और आग लगने के बाद कर्मचारी इमारत से बाहर नहीं निकल सके.

अधिकारी ने कहा कि फॉरेंसिक विशेषज्ञों ने घटनास्थल से नमूने एकत्र किए हैं. उन्होंने कहा कि ''प्रथम दृष्टया, आशंका है कि आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी और उस क्षेत्र में फैल गई जहां रसायन रखे हुए थे, जिससे कई विस्फोट हुए. एक अन्य अधिकारी ने कहा कि कुछ पीड़ितों की पहचान उनके कपड़ों और अन्य वस्तुओं के आधार पर की गई. उन्होंने कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो अज्ञात शवों का डीएनए टेस्ट कराया जाएगा. घटना अलीपुर के दयाल बाजार में हुई. (शेष पृष्ठ 6 पर...)

दादाजी डेंटल क्लीनिक
डॉ. सुबोध गुप्ता
BDS, DADS
प्रतिदिन उलब्ध- सुबह 10 बजे से रात्रि 8 बजे तक
रविवार अवकाश
अग्रसेन भवन के पास भरकापारा, राज.
फोन-07744-470074

मारुति सेल्स
पीविसी डोर, मेमरन डोर, लेमिनेशन डोर, एल्युमिनियम खिड़की, सागौन डोर, माइका डोर, माइका कटपिस डोर, WPVC डोर
* डीलर KAKA PVC के बने माड्यूलर किचन, टी.वी. यूनिट, आलमारी दीमक से बचत वाटर फ्रुफ 10 वर्ष की गारंटी
मो. मयूर टांक-8103046104
पता-मोतीपुर नवागांव राजनांदगांव (छ.ग.)

# एमएसपी कानून बनने से ही किसानों को मिलेगा न्याय: कुलबीर

## कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने अंबिकापुर में न्याय यात्रा के दौरान कहा था केन्द्र में हमारी सरकार बनती है तो किसानों को एमएसपी कानून बनाने की गारंटी

राजनांदगांव(दावा)। किसानों के द्वारा उठाई जा रही मांग जायज है बताते हुए कांग्रेस संगठन द्वारा समर्थन देते हुए कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार किसान विरोधी नीति अपनाई जा रही है किसान देश के प्रधानमंत्री से न्याय न मांगे, तो इसमें क्या गलत है। केन्द्र की मोदी सरकार लटकाओ, भटकाओ और अपना उल्लू सीधा करते जाओ, ये केन्द्र सरकार का तरीका बन गया है जिसको लेकर 16 फरवरी को शहर कांग्रेस द्वारा प्रेसवार्ता लेकर दी जानकारी।

पत्रकारवार्ता में जानकारी देते हुए शहर जिला शहर कांग्रेस कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि देश का अन्नदाता किसान और खेत मजदूर न्याय मांगने अब देश की राजधानी दिल्ली में नहीं जा सकता, क्या किसान को दिल्ली की परिधि के सौ किलोमीटर में आने की अब आजादी नहीं रही है, न्यू इंडिया में, किसान प्रधानमंत्री और देश की सरकार से न्याय न मांगे, तो कहां जाएं। आज देश में हर घंटे एक खेत मजदूर या किसान आत्महत्या का फंदा चूमने को मजबूर है, तो फिर किसान वादे की गारंटी क्यों न मांगे, क्योंकि आजकल सरकार हर बात की गारंटी दे रही है। 18 जुलाई 2022 को मोदी सरकार ने किया था, एमएसपी की गारंटी के कानून का रास्ता प्रशस्त करने का और कर्ज से राहत दिलवाने का बस, इसलिए हमारे लिये ये राजनीतिक एजेंडा नहीं, जीवन की कसौटी है और ये देश चलाने से और देश के चुनाव से भी बड़ा मुद्दा है।

श्री छाबड़ा ने आगे बताया कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने अंबिकापुर में न्याय यात्रा के दौरान केन्द्र में सरकार बनने पर किसानों को एमएसपी कानून बनाने की गारंटी दी है। रायपुर डिक्लेरेशन अगर आप पढ़े तो कांग्रेस पार्टी ने कहा है कि एमएसपी की गारंटी का कानून होना चाहिए, धान का फसल लगभग 50 प्रतिशत एमएसपी पर खरीदी जाती है, गेहूं,-17 प्रतिशत और बाकी सब एक प्रतिशत से कम। मोदी सरकार ने बाजारी ताकतों के पास किसान को फेंक देंगे,तो वो आंदोलन न करें, न्याय नहीं मांगे दिल्ली का दरवाजा नहीं खटखटाएं, तो क्या यूनाइटेड नेशन्स जाएं। केन्द्र की मोदी सरकार लटकाओ, भटकाओ और अपना उल्लू सीधा करते जाओ, ये केन्द्र सरकार का तरीका बन गया है, किसान के प्रति। 18 जुलाई 2022 को इस कमेटी की घोषणा हुई, अब हम 2024 में है, कमेटी की बैठकें ही नहीं हुई सवाल कमेटी का नहीं था, उन्होंने कहा कानून बनाने के लिए या वो रास्ता खोजने के लिए हम एक कमेटी बना रहे है। न कमेटी की रिपोर्ट आई, न निण्रय हुआ, लोकसभा का चुनाव आ गया। लोकसभा का चुनाव निकाल लो, लटकाओ, भटकाओ और सबको बहकाकर उल्लू सीधा करो, या सबको उल्लू बनाओ।

**0 स्वामीनाथ कमीशन की 201 सिफारिशें में से यूपीए सरकार 175 सिफारिशें लागू कर चुकी थी, 26 बची है**

**0 शहर कांग्रेस ने मोदी सरकार की नाकामियों को गिनाई**



दो साल से किसान यही पुकार तो लगा रहे है कि बात करिए, हल निकालिए, परंतु सरकार का काम है, लटकाना,भटकाना और किसान को न्याय से झटकाना, ये अब मंजूर नहीं है, केवल किसान ये कह रहा है। सोनीपत में कुंडली और बहादुरगढ़ में टीकरी दिल्ली बार्डर पर सीमेंट के बैरिकेड, बड़े-बड़े बोल्डर, रोड-रोलर व कंटेनर्स लगा उन्हीं सील कर दिया गया है। यही हाल यूपी और राजस्थान बॉर्डर का भी है। दिल्ली की चैतरफा ''किलेबंदी'' की गई है वहां सड़कों पर ''कीलें-बंदी'' कर दी गई है। यानी कीलें और नश्तर दिल्ली की चैतरफा सड़कों पर जमीन में गाढ़ दिए गए है। यही नहीं, कंटीले तारों की दीवारें बना दी गई है। हरियाणा की भाजपा सरकार ने पंजाब और हरियाणा के बीच, रतिया और बुडलाड़ा रोड के बीच दस फीट गहरी और पंद्रह फीट चैड़ी खाई खोद दी है। जैसे दो दुश्मन देशों के बीच में बनाते है। हॉसी, हरियाणा में जो है उसके निकट राष्ट्रीय राजमार्ग पर मैय्यड़ टोल है, सरकार ने वहां जेसीबी मशीनें लगा 50-50 फुट गहरे गड्ढे बना दिए गए है। सीमेंट बैरियर पर सीमेंट भरकर एक कांक्रीट की दीवार राष्ट्रीय राजमार्ग पर खड़ी कर दी गई है।

श्री छाबड़ा ने कहा कि स्वामीनाथन कमीशन की कितनी सिफारिशें थी-201 से यूपीए सरकार 175 सिफारिशें लागू कर चुकी थी, 26 बची है। 18 नवंबर 2004 को ये जो नेशनल फार्मर्स कमीशन बनी थी। पहली मीटिंग 14 अक्टूबर 2009 को हुई, जिसमें 201 सिफारिशें लागू होने की अनुशंसा की गई। दूसरी मीटिंग 3 जून 2010 को हुई, 42 सिफारिशें तब तक लागू की जा चुकी थी। तीसरी मीटिंग जून 2012 में हुई, 152 सिफारिशें स्वामीनाथन की तब तक लागू हो चुकी थी। चैथी और पांचवीं मीटिंग जो हुई सितंबर 2013 और जनवरी 2014 में हुई, 25 और लागू हो गई। मोदी सरकार और 2014 में 26 जो बची थी 201 में से उसमें से 25 अभी तक नहीं हुई। एमएसपी, इनपुट कॉस्ट .50 प्रतिशत के वादे करके आपके सामने ये आए, प्रधानमंत्री बने और उसके बाद क्या हुआ। मोदी सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल एक हलफनामे के माध्यम से आता है, जिसमें वो कहते है कि नहीं साहब हम एमएसपी इस तरह का नहीं दे सकते, जिसमें इनपुट कॉस्ट. 50 प्रतिशत, साफ-साफ जिसको कहते है मना कर दिया। मोदी, किसानों से ना केवल वादा तोड़ रहा है, वादा तोड़ने के साथ-साथ किसानों के रास्ते पर कील बिछाना,किसानों को खालिस्तानी बोलना, उपद्रवी बोलना, सोरोस का एजेंट बोलना, एक के बाद एक आप किसानों को गाली दिलवा रहे हो, आपने पूरी आपकी ट्रोल आर्मी जो सोशल मीटिया पर बैठी है। 19 नवंबर 2021 को आप सबके समाने हाथ जोड़ते हुए पहली बार प्रधानमंत्री दिखे, माफी मांगते हुए दिखे और कहा कि साहब मै ये तीनों काले कानून वापस लेता हूं। एक डायलॉग भी दिया था कि मेरी तपस्या में कमी रह गई होगी। सुना था, आप लोगों ने, तब कहा था कि एमएसपी की समस्या का समाधान निकालने के लिए एक कमेटी बनेगी। क्या हुआ दो साल से उपर हो गए।

### प्रधानमंत्री जी माफी मांगे

हम कांग्रेसजन प्रधानमंत्री से मांग करते है कि 2014 में जो प्रचार करते हुए भाषण के वक्त आपने झूठ बोला था उसके लिए मांफी मांगे, सुप्रीम कोर्ट में सरकार बनने के बाद जो हलफनामा दायर करके आप पलट गए थे, उसके लिए माफी मांगे। आरटीआई में जब पूछा गया इनमें एमएसपी के विषय में, तब कहा था कि नहीं मार्केट डिस्टर्ब हो जाएगा दूसरी बार तब पलटे थे, उसके लिए माफी मांगे। किसानों को आतंकवादी बताना, विदेशी एजेंट बताना, उसके लिए मांगी मांगे।

### कांग्रेस की घोषणा

एमएसपी की मांग कांग्रेस पूरी करेगी। उसकी कांग्रेस घोषणा कर चुके हैं, ये हमारी गारंटी है सरकार बनते ही इस देश के 15 करोड़ किसान परिवारों को यानी की 62 करोड़ किसानों को हम एमएसपी दिलवाएंगे और राहत देंगे और एमएसपी दिलवाने का मतलब ये नहीं होता है। सबको दिग्भ्रमित किया जा रहा है कि एमएसपी अगर आप दे देंगे तो एक्सचेकर पर लाखों करोड़ का नुकसान हो जाएगा। एमएसपी का अर्थ ये नही होता कि सारी उपज सरकार खरीद लेगी, एमएसपी का अर्थ होता है कि सरकार एक मिनिमम सपोर्ट प्राईस बताएगी और जितना सरकार को लेना है वो लेगी, बाकी उस प्राईस से कम मार्केट में भी नहीं बिकेगा। ये होता है एमएसपी का मतलब, लेकिन मुर्ख बनाने की कोशिश फिर से व्हाट्सअप यूनिवर्सिटी द्वारा। एमएसपी कानून बनने से किसान को उसकी फसल का दाम मिलेगा, उसका शोषण नहीं होगा। प्रेसवार्ता में प्रमुख रूप से प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता रूपेश दुबे, पंकज बांधव, शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष मोहम्मद यहया, महामंत्री अमित चंद्रवंशी, ब्लॉक अध्यक्षद्वय आसिफ अली, सूर्यकांत जैन उपस्थित रहे।

## पहला कॉलम...

### गांव/वार्ड चलो अभियान नवागांव मे



राजनांदगांव (दावा)। भारतीय जनता पार्टी के निर्देशानुसार गांव/वार्ड चलो अभियान बजरंगपुर नवागांव बूथ क्रमांक 18 मे आयोजित हुआ प्रवासी के रूप मे शक्ति केंद्र सह संयोजक सोशल मीडिया प्रभारी योगेश साहू ने बूथ बैठक कर लोकसभा चुनाव की तैयारी एवं अन्य निर्धारित कार्यक्रम भी किये एवं उज्जवला योजना प्रधानमन्त्री आवास योजना के हितग्राहियो से भेंट मुलाक़ात एवं मंदिर के पुजारियों सम्पर्क कर जानकारी ली गई उक्त कार्यक्रम में बूथ अध्यक्ष मनीष जैन, बी.एल.ए. रामकुमार साहू, सचिव उषा वर्मा, गोदावरी साहू, कान्ति धुरूव कुमारी यादव, यशोदा वर्मा, नीतू चौहान, अंजू क्षत्रिय, अशोक वर्मा संतोषी वर्मा सावन वर्मा अफजल खान प्रदीप वर्मा एवं भाजपा कार्यकर्ता ऊपस्थित थे।

### विश्व जागृति मिशन मंडल के गुरु भक्तों की कल बैठक



राजनांदगांव (दावा)। विश्व जागृति मिशन राजनांदगांव मंडल के अध्यक्ष प्रहलाद राय चेतवानी एवं सचिव सौरभ खंडेलवाल कोषाध्यक्ष दिनेश पटेल ने बताया कि 20 वर्षों के लंबे अंतराल बाद हम सबके प्यारे विश्व विख्यात संत परम पूज्य सदगुरुदेव श्री सुधांशु जी महाराज का आगमन संस्कारधानी राजनांदगांव में आगामी जून माह 2024 में होने जा रहा है। पूज्य गुरुवर के मुखारविंद से सनातन भक्ति सत्संग की धारा प्रवाहित होगी। आयोजन की तैयारी हेतु अति आवश्यक बैठक समस्त गुरु भक्तों महिला एवं पुरुषों की उपस्थिति में 18 फरवरी 2024 दिन रविवार समय दोपहर 3:00 बजे से स्थान संत झूलेलाल धाम लालबाग गली नंबर 6 के आखिरी में होने जा रही है। सनातन भक्ति आयोजन को सफल बनाने के लिए आप सभी गुरु भक्तों की उपस्थित अनिवार्य एवं प्रार्थनीय है। उक्त जानकारी विश्व जागृति मिशन राजनांदगांव मंडल के सचिव सौरभ खंडेलवाल ने दी.

## यातायात विभाग द्वारा आयोजित स्पर्धा में गायत्री विद्यापीठ अव्वल

राजनांदगांव(दावा)। जिले की प्रतिष्ठित शाला गायत्री विद्यापीठ ने यातायात विभाग द्वारा आयोजित अन्तरशालेय वाद-विवाद, स्लोगन, निबंध, चित्रकला प्रतियोगिता में अव्वल स्थान बनाया।

शाला की प्राचार्य श्रीमती वत्सला अय्यर के मार्गदर्शन में उक्त प्रतियोगिताओं में बच्चों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। वाद-विवाद प्रतियोगिता में कक्षा 11वीं से हर्षिता साहू प्रथम, पूजा शर्मा द्वितीय रही। स्लोगन स्पर्धा में 11वीं के छात्र काव्य देवांगन प्रथम स्थान पर रहे। इसी प्रकार चित्रकला स्पर्धा में भी कक्षा 11वीं के छात्र काव्य देवांगन प्रथम स्थान पर रहे। निबंध प्रतियोगिता में कक्षा 7वीं की छात्रा कुमकुम साहू ने द्वितीय स्थान, कक्षा 9वीं से सुधांशु चौधरी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर गायत्री शिक्षण समिति के अध्यक्ष बृजकिशोर सुरजन, उपाध्यक्ष श्री राजेश जैन, श्रीमती संध्यादेवी सिंघल, सचिव श्री गगन लड्ढा, कोषाध्यक्ष श्री सूर्यकांत चितलांग्या, संरक्षक श्री नंदकिशोर सुरजन, श्रीमती सुषमा सुरजन, सांस्कृतिक प्रभारी श्री हरीश गांधी, प्राचार्य श्रीमती वत्सला अय्यर, उपप्राचार्य श्रीमती रश्मि ठाकुर, शैक्षणिक प्रभारी श्री अमित उत्तलवार, प्रशासक श्री अनिल बाजपेयी एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा शुभकामनाएं दी गई। उक्त जानकारी शाला की व्याख्याता श्रीमती उषा झा ने दी।





## रॉयल किड्स कान्वेंट के तन्मय साहू इंस्पायर अवार्ड 2023-24 में जिला स्तरीय रूप से चयनित

राजनांदगांव (दावा)। शहर के हृदय स्थल में स्थित रॉयल ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूट के छात्र तन्मय साहू कक्षा नवमी (आईसीएसई बोर्ड) पिता रुपेश कुमार साहू ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय(डी.एस.टी.) भारत सरकार के द्वारा आयोजित इंस्पायर अवार्ड (वर्ष 2023-24) में जिला स्तरीय रूप से चयनित होकर शाला, जिले और परिवार का मान बढ़ाया है तन्मय शुरू से ही होनहार छात्र रहे हैं, पढ़ाई के अलावा अन्य क्षेत्रों में भी इन्होंने उपलब्धि हासिल की है। तन्मय की इस उपलब्धि में राहुल गेडाम और श्रीमती तृप्ति मेश्राम ने उनका मार्गदर्शन किया है। शाला परिवार तन्मय की उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें बधाई एवं आशीर्वाद दिया।

## एक दिवसीय हड़ताल पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता




राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ के आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका अपनी 8 सूत्रीय मांगों को लेकर जिला कार्यालय सामने फ्लाईओवर के नीचे इकट्ठा हुई और संयुक्त मंच के बैनर तले एक दिवसीय हड़ताल कर सरकार के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद की।

गौरतलब है कि राजनंदगांव जिला कार्यालय के सामने ओवरब्रिज के नीचे 16 फरवरी को आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं सहायिका हड़ताल पर रही। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने बिंदु और 8 सूत्रीय मांगों को लेकर नारेबाजी की। उसके बाद दोपहर 2 बजे शहर में रैली निकालकर तहसीलदार को ज्ञापन सौपा।

छत्तीसगढ़ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ के जिला अध्यक्ष संतोषी वर्मा ने बताया है कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मिनी और सहायिकाओं को शिक्षाकर्मियो, पंचायत कर्मियों की तरह नीति निर्धारण कर शासकीय कर्मचारी घोषित कर नर्सरी शिक्षक के पद पर उन्नयन किया जाए। शासकीय कर्मचारी घोषित किये जाने तक श्रम कानून के तहत न्यूनतम पारिश्रमिक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मिनी कार्यकर्ता को कम से कम प्रतिमाह 21 हजार और सहायिका को कार्यकर्ता के मानदेय 21 हजार का 85 प्रतिशत राशि 17850 रुपए किया जाए।

मिनी आंगनबाड़ी पूर्ण आंगनबाड़ी केन्द्र बने जावे। समान काम का समान वेतन, समाजिक सुरक्षा के रूप में आंगनबाड़ी / मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को 5 लाख ग्रेज्युवेटी और 10 हजार मासिक पेंशन मिले। इसी तरह से सहायिकाओं को इसका 85 प्रतिशत के अनुपात में रूपए 4 लाख 25 हजार ग्रेज्युवेटी और 8 हजार 5 सौ मासिक पेंशन और समूह बीमा का लाभ देने के लिए नीति निर्धारण किया जावे। सुपरवाईजर के रिक्त पदों पर कार्यकर्ता को बिना उम्र बंधन और परीक्षा कर सीधे पदोन्नति दिया जाए। इसी तरह कार्यकर्ता के रिक्त पदो पर सहायिकाओं को पदोन्नत किया जाए और इसके लिए विभागीय सेवा भर्ती नियम में आवश्यक संशोधन किया जाए। क्रेश कार्यकर्ता को कार्यकर्ता पद पर समायोजित किया जाए। कार्यकर्ता सहायिकाओं के आकस्मिक मृत्यु होने पर परिवार के एक सदस्य कोअनुकम्पा नियुक्ति का प्रावधान किया जाए। गरम खाना बनाने के लिए प्रत्येक केन्द्र में गैस सिलेण्डर प्रदाय किया जाए और खाली होने पर रिफिलिंग विभाग करें।

### शुभांक

अनुमानित

बी. के
1-3-7
447-5 237-2
राजधानी
2-6-0
347-4 357-5

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

## जेईई मेन्स में डीपीएस के छात्रों का चयन

राजनांदगांव (दावा)। डी.पी.एस. राजनांदगांव के कक्षा बारहवीं के छात्र पुनेश्वर राम, प्रज्जवल कंवर एवं साहिल कुंजाम जे.ई.ई. मेन्स 2024 के लिए चयनित हुए है। इसी श्रृंखला में यातायात पुलिस शाखा के द्वारा 'यातायात सड़क सुरक्षा माह' का आयोजन 15 जनवरी से 14 फरवरी तक किया गया था।



जिसमें डी.पी.एस. राजनांदगांव के कक्षा आठवीं की छात्रा प्रिशिता श्रीवास्तव ने वाद-विवाद प्रतियोगिता में विपक्ष में अपनी प्रस्तुति देकर प्रथम स्थान एवं कक्षा नवमीं की छात्रा रिद्धिमा चावड़ा ने पक्ष में प्रस्तुति देकर तृतीय स्थान प्राप्त किया है।

रंगोली प्रतियोगिता में कक्षा नवमीं की छात्राएँ सिमरन सोनवानी, डॉली जॉगड़े, संजना चौहान, प्रीति बढ़ाई, उर्वशी पैकरा, सुनैना जुड़ावन एवं रिया निराला ने सामुहिक रूप से अपनी कलात्मक कला का प्रदर्शन करके प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

भारत सरकार द्वारा 2022 में कम बजट में अच्छा कारगर प्रोजेक्ट योजना चलाई गई थी। जिसके तहत 'दी केश ह्वील चेयर प्रोजेक्ट' के लिए डीपीएस के छात्र तनमय सिंह राजपूत को इन्सपायर अवार्ड के लिए चयनित किया गया। शाला के निदेशकगण एवं प्राचार्या श्रीमती निर्मला सिंह ने शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन की सराहना करते हुए छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## शंकरपुर देवांगन समाज ने मनाई परमेश्वरी जयंती

राजनांदगांव(दावा)। मां परमेश्वरी देवी की असीम कृपा से प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी शंकरपुर देवांगन समाज द्वारा मां परमेश्वरी महोत्सव का भव्य रूप से आयोजन किया गया। जिसमे माता का कलश यात्रा भव्य रूप ऐतिहासिक 108 कलश मात्रा के साथ सेवा-भजन में रम निकाला गया। सामाजिक बंधुओं का स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने का प्रयास हेतु स्वास्थ्य शिविर का कैम्प किया गया। जिसमें विशेष रूप से शंकरपुर स्वा. उप-स्वास्थ्य सहयोग रहा, अतिथियों को ससम्मान स्वास्थ्य पौधा देकर सम्मान कर पर्यावरण संरक्षण जागरूक का संदेश शंकरपुर समाज द्वारा दिया गया।



**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मोहला जिला-मोहला-मानपुर-अं.चौकी (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

एतत् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक मनोज कुमार पिता परशराम जाति महार निवासी कोटरा तहसील अं.चौकी जिला मोहला मानपुर अं.चौकी द्वारा ग्राम कोटरा स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नं. 117/5 रकबा 0.093 हे. में से 0.081 हे. भूमि का व्यवसायिक प्रयोजन के लिये व्यपवर्तन कर पुननिर्धारण करने आवेदन पत्र के साथ नक्शा, खसरा, बी-1 एवं बयनामा की छायाप्रति की प्रति सहित आवेदन पेश किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति व उजर हो तो अपना दावा/आपत्ति दिनांक 26/02/2024 तक मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। समय बाद प्रस्तुत आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 12/02/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मोहर से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), मोहला**
**जिला - मोहला-मानपुर, अं. चौकी**

**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग,**
**कार्यालय मुख्य अभियंता, महानदी गोदावरी कछार, रायपुर (छ.ग.)**

**ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना**

**eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**

**(निविदा सूचना आमंत्रण)**

निम्नलिखित कार्यो के लिए निविदाएं आमंत्रित की जाती है जिसका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:-

| निविदा सिस्टम नं. निविदा सूचना क्रं. दिनांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत | निविदा ऑनलाईन पर आमंत्रित पर अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| निविदा सिस्टम नं.- 152606 41/वलेस/2023-24 दिनांक 14.02.2024 | कबीरधाम जिले के विकासण्ड पंडरिया की क्रांति जलाशय मुख्य नहर आर.डी.2310 मी. से 7530 मी. तक रिमॉडलिंग,लाइनिंग एवं 6 नग फॉल, 1 नग फॉल कम व्ही.आर.बी, 01 नग व्ही.आर.बी. का निर्माण तथा कोलाबा पाइप फिक्सिंग कार्य (द्वितीय आमंत्रण) | रू. 294.26 लाख | 04-03-2024 |
| निविदा सिस्टम नं.- 152605 40/वलेस/2023-24 दिनांक 14.02.2024 | कबीरधाम जिले के विकासखण्ड पण्डरिया की देवसरा जलाशय के मुख्य नहर आरडी 0 मीटर से आर डी 4060 मीटर तक एवं देवसरा माइनर, आरडी 0 मी. से 1380 मी. तक तथा बिरमपुर माइनर आर डी 0 मी. से आर.डी. 1955 मी. तक रिमाडलिंग एवं सी.सी. लाईनिंग कार्य, 13 नग फाल, 05 नग व्ही. आर. बी. का निर्माण कार्य एवं 38 नग कोलाबा पाइप फिक्सिंग कार्य। (द्वितीय आमंत्रण) | रू. 315.04 लाख | 04-03-2024 |
| निविदा सिस्टम नं.- 152592 39/वलेस/2023-24 दिनांक 14.02.2024 | कबीरधाम जिले के विकासखण्ड पण्डरिया की हाफ नदी पर डायवर्सन वियर का निर्माण तथा हेड स्लूस एवं फीडर नहर आर. डी. 0 मी से आर.डी. 610 मी. तक 4 निरीक्षण कक्ष सहित निर्माण कार्य। (द्वितीय आमंत्रण) | रू. 474.54 लाख | 04-03-2024 |

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 21.02.2024 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते हैं।


नोटः- निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

**कार्यपालन अभियंता**
जल संसाधन संभाग, कवर्धा, जिला-कबीरधाम (छ.ग.) कृते मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.)

जी- 07869/2

dts श्री कृष्णा (एयरकूल) में
शानदार दूसरा सप्ताह — रोजाना 4 खेलों में
समय : 12, 3, 6 व 9 बजे
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
मनोज राजपूत फिल्मस प्रस्तुत
गांव के जीरो शहर मा हीरो
(छत्तीसगढ़ी भाषा में)
कलाकार - मनोज राजपूत, इशिका यादव, किशानी घोष, धर्मेन्द्र चौबे, संजय महानंद आदि


ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

SILVER SCREEN Multiplex
17th Feb to 22nd Feb 2024


Madame Web (Hindi)- 03:30 and 09:30 pm
Aakhir Palaayan Kab tak - 06:15 pm
Dashmi - 12:15 pm
Teri Baaton Main Aisa Uljha Jiya - 12:00, 03:00, 06:00 and 09:00 pm
Fighter - 12:30, 03:15, 06:30 and 09:15 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G.) 8085600200

# आज से पी-4 सद्भावना रात्रिकालीन क्रिकेट

राजनांदगांव (दावा)। प्रशासन, पुलिस, प्रेस, पब्लिक के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने वाली चौथी पी-4 सद्भावना क्रिकेट लीग प्रतियोगिता आज 17 फरवरी 2024 से खेल नगरी राजनांदगांव में प्रारंभ होने जा रही है। अतिथियों की उपस्थिति में प्रतियोगिता का शुभारंभ संध्या 6 बजे से दिग्विजय स्टेडियम में होगा। आयोजन समिति द्वारा प्रतियोगिता की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। प्रतियोगिता अपने नियमों एवं खिलाड़ियों के साथ ही आम नागरिकों में सद्भावना बनी रहे, इसी उद्देश्य को लेकर पी-4 आयोजन समिति द्वारा यह अनोखी क्रिकेट स्पर्धा आयोजित की जाती है।




- प्रशासन, पुलिस, प्रेस, पब्लिक की पहल
- आयोजन की सभी तैयारियां पूरी

कलेक्टर एवं आयोजन समिति के अध्यक्ष श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में आयोजन समिति के सदस्यों द्वारा इस रात्रिकालीन पी-4 सद्भावना क्रिकेट लीग प्रतियोगिता को भव्य रूप दिया गया है।

साथ ही खिलाड़ियों के अलावा खेल प्रेमियों में हर एक गेंद पर मनोरंजन के साथ आनंद की अनुभूति हो ऐसा प्रयास किए जा रहे हैं।

इस भव्य आयोजन में प्रशासन, पुलिस, प्रेस, पब्लिक द्वारा इस वर्ष भी प्रतियोगिता में दस टीमों के मध्य दो पूल बनाकर लीग राऊण्ड के मैच पहले दौर में 17 से 22 फरवरी तक खेले जायेंगे। स्पर्धा का सेमीफायनल मैच 23 फरवरी को तथा फायनल मैच एवं समापन समारोह 24 फरवरी को आयोजित किया जाएगा। इस वर्ष पूल ए में प्रेस क्लब, नागरिक इलेवन बी, डॉक्टर इलेवन, पुलिस इलेवन, नागरिक इलेवन ए तथा पूल बी में टैक्स बार एसोसिएशन, न्यायालय इलेवन, नगर निगम, नागरिक इलेवन सी तथा प्रशासन इलेवन की टीमें हिस्सा लेगी।

मैदान को ध्वज पताका से सजाया गया है। इसके अलावा खिलाड़ियों एवं दर्शकों के लिए भी विशेष व्यवस्था की गई है। प्रतियोगिता के शुभारंभ दिवस आज 17 फरवरी को संध्या 6 बजे से तीन मैच खेले जायेंगे।

मैच 8-8 ओव्हर का होगा। पहला उद्घाटन मैच संध्या 6 बजे से डॉक्टर इलेवन विरूद्ध पुलिस इलेवन, दूसरा मैच संध्या 7.15 बजे से टैक्स बार विरूद्ध प्रशासन इलेवन, तीसरा मैच नागरिक इलेवन बी विरूद्ध प्रेस क्लब के मध्य रात्रि 8.30 बजे से खेला जाएगा।

# भारत बंद के आह्वान पर संयुक्त ट्रेड यूनियनों का ज्ञापन सभा व धरना



राजनांदगांव (दावा)। संयुक्त ट्रेड युनियन द्वारा निर्धारित भारत बंद के आह्वान पर आज 16 फरवरी को राजनांदगांव में सीटू युनियन, छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा, प्रदेश किसान संघ तथा कांग्रेस संगठन आदि द्वारा संयुक्त रूप से कलेक्टर कार्यालय के सामने फ्लाई ओवर के नीचे सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक हजारो की संख्या में धरना दिये इस दौरान हुई सभा को सीटू के नेता गजेन्द्र झा, शैलेन्द्री कोसरे, होमिन साहू, छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के प्रांतीय अध्यक्ष भीमराव बागड़े, प्रदेश किसान संघ से सुदेश टीकम, अशोक साहू, विरेन्द्र उके, शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा, ग्रामीण अध्यक्ष भागवत साहू, उपाध्यक्ष पंकज बांधव, महामंत्री महेन्द्र यादव आदि वक्ताओ ने संबोधित किये। सभा के प्रश्चात राष्ट्रपति के नाम जिला कलेक्टर के प्रतिनिधि तहसीलदार महोदय को ज्ञापन सौंपा गया। सभा के दौरान वक्ताओ ने कहा कि समर्थन मूल्य गारंटी कानून पास करने व श्रम कानूनो में किया गया संशोधन वापस लेने सहित अन्य मांगो के लिए किसान आंदोलन कर रहे हैं। उन्हे दिल्ली में पहुंचने से रोका जा रहा है। सड़को को खुदाई किया गया। अश्रु गैस छोड़े जा रहे है गृह युद्ध जैसी स्थिति निर्मित हो रही है। जिसकी जितनी निंदा की जावे उतनी ही कम है। उन्होने यह भी कहा कि सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ तथा ईवीएम मशीन के बजाय बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग की गई तथा अडानी के लिए हसदेव जंगल काटा जा रहा है जो बीस गांव के आदिवासियों का जीवन उसी पर निर्भर है उस पर रोक लगाने की मांग की गई। सभी संगठनो ने अपनी-अपनी ओर से ज्ञापन दिये है सभा का संचालन छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के संगठन मंत्री तुलसी देवदास ने किया।

# रॉयल किड्स कॉन्वेंट में नवागंतुक बच्चों का हुआ पट्टी पूजन एवं विद्यारंभ के साथ मना बसंत पंचमी पर्व



राजनांगांव (दावा)। रॉयल किड्स कॉन्वेंट में मां सरस्वती के प्रकाटय दिवस के रूप में बसंत पंचमी पर्व हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया एवं नौनिहाल नवागंतुक बच्चों का विद्यारंभ पट्टी पूजन करवा कर उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर बच्चे पीले परिधान में छटा बिखेरते हुए मनमोहक लग रहे थे। रॉयल किड्स कॉन्वेंट में संस्कार से संबंधित सभी पर्व मनाये जाते हैं इसी कड़ी में मां सरस्वती की पूजा अर्चना एवं पुष्पांजलि के साथ बच्चों को तिलक लगाकर प्रसाद वितरित किया गया। मॉ से आशीर्वाद प्राप्त कर बच्चों ने नृत्य की सुमधुर प्रस्तुति दी एवं इस पर्व की विशेषताएं बताते हुए बच्चों द्वारा कविता पाठ आदि किया गया। रॉयल किड्स शाला परिवार द्वारा छात्र-छात्राओं को बसंत पंचमी की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी गई।

# पुलिस आरक्षक हत्या के मामले में आठवां पशु तस्कर गिरफ्तार



राजनांदगांव (दावा)। गत 9 फरवरी के रात्रि 2.30 बजे संदिग्ध वाहन का पीछा करते हुए हाईवे पेट्रोलिंग के चालक की सूचना पर संदिग्ध वाहन को एमसीपी लगाकर रोकने की कोशिश करते हुए थाना बागनदी के पुलिस आरक्षक शिवचरण मंडावी को संदिग्ध वाहन का चालक अपने पिकअप वाहन को तेज रफ्तार से चलाते हुए जानबूझकर कुचलकर जान से मारने की नीयत से आरक्षक शिवचरण मंडावी के उपर वाहन चढ़ाकर घसीटते हुए देवरी महाराष्ट्र की ओर फरार हो गया। आरक्षक शिवचरण मंडावी को गंभीर चोट आने पर ईलाज के लिए देवरी अस्पताल लेकर गये जहां ईलाज के दौरान आरक्षक का फौत हो गया। जिस पर थाना बागनदी में अपराध कमांक 13/2024 भा.द.वि. की धारा 307, 302, 34,120 क्छ. ग. पशु परि. अधि. धारा 4,6,10 का अपराध पंजीबद्ध किया गया था । विवेचना दौरान अलग अलग स्थान से पूर्व में 7 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

मामले में घटना दिनाक को गिरफ्तार आरोपी अनिल थापा ,मनीष अंबादे डोंगरगढ़ निवासी के साथ मिलकर पशुओं को पिकअप में लोड कराकर बॉर्डर तक रेकी करते हुए वाहनों को पार कराता था। आरोपी द्वारा पशुओं से भरे पिकअप को घटना दिनांक डोंगरगढ़ से चिचोला तक पार कराना बताया। पशु तस्करी के आरोपी को पकड़ने के लिए लगातार टीम छापा मार रही थी जो मुखबिर सूचना पर आरोपी को डोंगरगढ़ से पकड़े। आरोपी द्वारा घटना में शामिल होना स्वीकार किया है। आरोपी अनिल थापा पिता स्व. धन बहादुर थापा उम्र 26 वर्ष निवासी रजा नगर, जेल रोड, वार्ड नं. 20, थाना डोंगरगढ़ को आज गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के पेश किया है। उक्त कार्रवाई में साइबर सेल राजनांदगांव, थाना डोंगरगढ़ एवं थाना बागनदी स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित

राजनांदगांव (दावा)। आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखने वाले छत्तीसगढ़ एवं छत्तीसगढ़ राज्य के बाहर अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों से नवीन एवं नवीनीकरण के लिए ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किया गया हैं। छत्तीसगढ़ राज्य में अध्ययनरत विद्यार्थी 14 मार्च 2024 तक तथा छत्तीसगढ़ राज्य के बाहर अध्ययनरत विद्यार्थी 26 मार्च 2024 तक पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए नवीन एवं नवीनीकरण हेतु ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। ड्राफ्ट प्रपोजल लॉक की अंतिम तिथि 28 मार्च 2024, सैंक्शन ऑर्डर लॉक करने की अंतिम तिथि 30 मार्च 2024 तथा डिसबुरस करने की अंतिम तिथि 31 मार्च 2024 है।

# जेईई मेन्स में गायत्री के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन



राजनांदगांव (दावा)। शिक्षा व संस्कार के क्षेत्र में अग्रणी जिले की प्रतिष्ठित शाला गायत्री विद्यापीठ के विद्यार्थियों ने शानदार सफलता अर्जित की है। जेईई मेन्स 2024 में विद्यालय के चार छात्रों ने सफलता अर्जित की है, जिसमें कक्षा 12वीं के मृदुल साहू 95 परसेन्टाइल, सम्यक घरडे 94 परसेन्टाइल, आदि जैन 92.3 परसेन्टाइल एवं राहुल वर्मा 88 परसेन्टाइल के साथ सफल रहे।

ज्ञात हो कि ये सभी छात्र पढ़ाई में आरंभ से ही अव्वल रहे हैं। विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता के साथ विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती वत्सला अय्यर के साथ-साथ विषय विशेषज्ञ शिक्षक संतू गुप्ता, बसंत वर्मा एवं समस्त शिक्षकों को दिया है। सभी विद्यार्थियों ने प्राचार्य से कहा कि विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, प्रबंधन व्यवस्था सभी के लिए अनुकूल है। इस विद्यालय में हर प्रतिभा को आगे आने का अवसर प्राप्त होता है। हमारी सफलता में आप सभी का बहुत बड़ा योगदान है। यहां के शिक्षक दक्ष व अनुभवी है। इसका लाभ हमें मिला।

इस अवसर पर गायत्री शिक्षण समिति के अध्यक्ष बृजकिशोर सुरजन, उपाध्यक्ष राजेश जैन, श्रीमती संध्यादेवी सिंघल, सचिव गगन लड्ढा, कोषाध्यक्ष सूर्यकांत चितलांग्या, संरक्षक नंदकिशोर सुरजन, श्रीमती सुषमा सुरजन, सांस्कृतिक प्रभारी हरीश गांधी, प्राचार्य श्रीमती वत्सला अय्यर, उपप्राचार्य श्रीमती रश्मि ठाकुर, शैक्षणिक प्रभारी अमित उत्तलवार, प्रशासक अनिल बाजपेयी एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा उक्त विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी गई। उक्त जानकारी शाला की व्याख्याता श्रीमती उषा झा ने दी।

# गौरव स्थल में पुलवामा हमले के वीर शहीद जवानों को नमन करते हुए दीपांजलि अर्पित एक दीपक शहीदों के नाम अर्पित



राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी राजनंदगांव अपने संस्कारों के लिए जाना जाता है। युवाओं की संस्था दिया युवा संगठन गायत्री परिवार के जिला समन्वयक योगेश साहू, सचिव सौरभ खंडेलवाल ने बताया कि मां भारती की सेवा में वीर जवान हर पल हर क्षण तत्पर रहते है। पुलवामा हमले में शहीद हुए हमारे वीर जवानों को श्रद्धा सुमन के पुष्प अर्पित करते हुए विगत 14 फरवरी 2024 दिन बुधवार संध्या 6:30 बजे स्थान गौरव स्थल जी रोड राजनांदगांव में पुलवामा हमले में शहीद हुए वीर शहीदों को श्रद्धासुमन के पुष्प अर्पित करते हुए एक दीपक शहीदों के नाम जलाकर श्रद्धा सुमन दीपांजलि अर्पित कि गई। विभिन्न धार्मिक सामाजिक संस्थाओं की संयुक्त पहल कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सैनिक कल्याण संगठन के भगवान सिंह, एम.आर.डडसेना एवं प्रवीण कुमार गंगादास साहू, दिलीप चंद्राकर देवेंद्र कुमार प्रेम कुमार वैष्णव खिलेश्वर एवं धार्मिक संस्था बाल रतन मंच सेवा समिति के रितेश यादव, महेश शर्मा, मनीष यादव, एवं नन्हे संचित खंडेलवाल बागेश्वर मंदिर धर्मार्थ ट्रस्ट के सूरज गुप्ता, सनातन धर्म सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष संतोष पटाक पूर्व निगम अध्यक्ष शिव वर्मा विश्व ब्राह्मण महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती मौसमी शर्मा ममता शर्मा मधु अग्रवाल शनि धाम परिवार के राकेश ठाकुर वरिष्ठ अधिवक्ता अमलेनदु हाजरा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के युवा साथी एवं एनसीसी की महिला विंग साथ ही संस्कारधानी राजनांदगांव के जन सामान्य बड़ी संख्या में सभी की उपस्थिति में सामूहिक राष्ट्रगान गया एवं वीर शहीदों को 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए।

# केन्द्रीय पशुपालन एवं मत्स्य पालन मंत्री पुरुषोत्तम रूपाला से सौजन्य भेंट



राजनांदगांव(दावा)। केन्द्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री परषोत्तम रूपाला के आज राजनांदगांव आगमन के दौरान हरीश गांधी, जिला अध्यक्ष हिन्दू जागरण मंच एवं सांस्कृतिक प्रभारी गायत्री विद्यापीठ, राजनांदगांव ने सौजन्य भेंट किया। इस अवसर पर उन्होंने गुरूदेव का साहित्य भेंट कर गायत्री परिवार राजनांदगांव की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी।

वेदमूर्ति तपोनिष्ठ पं.श्रीराम शर्मा जी आचार्य जिन्होंने कक्षा 4थीं तक की पढ़ाई कर 3200 सौ पुस्तकों की रचना की और 15 करोड़ लोगों को जोड़कर अखिल विश्व गायत्री परिवार बना दिया। उन्होंने 5 हजार से अधिक शक्तिपीठ बनाया, 70 से अधिक देशों में अखिल विश्व गायत्री परिवार की स्थापना किया। आज गुरूदेव के साहित्य में लोग पीएचडी कर रहे है।

अखण्ड ज्योति, युग निर्माण योजना, व्यक्तित्व निर्माण की मासिक पत्रिका करोड़ों लोगों के जीवन को परिवर्तित कर रही है। उन्होंने युग ऋषि पं.श्रीराम शर्मा जी को भारत रत्न की उपाधि प्रदान करने की केन्द्रीय मंत्री श्री रूपाला जी से आग्रह एवं निवेदन किया। इस अवसर पर सांसद संतोष पाण्डेय, एबीस के डायरेक्टर बहादुर अली एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# अज्ञात आरोपियों ने महिला पर किया चाकू से वार



छुरिया(दावा)। आज संध्या पद्मा पटेल, पति महावीर पटेल उम्र 50 वर्षीय छुरिया बाजार सब्जी बेचकर अपने दामाद के साथ ग्राम हालेकोसा जा रही थी, रास्ते में गौशाला पिंजरापोल के पास दो अज्ञात व्यक्ति मोटर सायकल से ओवर टेक करते हुए मिर्ची पाउडर फेंककर वाहन चालक प्रकाश पटेल गाड़ी रोकी। अज्ञात व्यक्तियों ने पद्मा पटेल को पैसा छिनने की कोशिश में पेट पर चाकू से वारकर मोटर सायकल से छुरिया की ओर भाग गये। जिसमें महिला पद्मा पटेल गंभीर स्थिति में राजनांदगांव मेडिकल कालेज हॉस्पिटल में उपचार्थ भर्ती कराया गया है। पुलिस अज्ञात आरोपी की तलाश कर रही है।

# गांव-गांव में होने चाहिए डिजास्टर मैनेजमेंट एवं फर्स्ट एड वालेंटियर - सीईओ सह जनरल सेक्रेटरी राज्य रेडक्रास एमके राउत

- ग्राम पंचायत स्तर पर डिजास्टर मैनेजमेंट एवं फर्स्ट एड के लिए तैयार किए जायेंगे वालेंटियर, दिया जाएगा ट्रेनिंग
- भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी में अधिक से अधिक सदस्य बनाने किया निर्देशित




राजनांदगांव (दावा)। राज्य रेडक्रॉस के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सह जनरल सेक्रेटरी एमके राउत एवं चेयरमेन अशोक कुमार अग्रवाल की उपस्थिति में कलेक्टोरेट कार्यालय के सभाकक्ष में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी की जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर संजय अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह उपस्थित रहे।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी सह जनरल सेक्रेटरी राज्य रेडक्रॉस एमके राउत ने कहा कि रेडक्रॉस दुनिया का सबसे बड़ा एनजीओ है, जिसका उद्देश्य लोगों में सामाजिक भावना जागृत कर निस्वार्थ भाव से सेवा कार्य करना है। बैठक में उन्होंने जिला शाखा रेडक्रॉस की वर्तमान गतिविधियां, रेडक्रॉस दवा दुकान, ब्लड सेंटर और एंबुलेंस का संचालन, निक्षय मित्र अभियान पर चर्चा, सदस्यता अभियान, प्राथमिक सहायता प्रशिक्षण, शालाओं एवं महाविद्यालयों में रेडक्रॉस का गठन एवं गतिविधियों का संचालन, स्कूल-कालेजों के छात्राओं को फर्स्ट एड प्रशिक्षण दिया जाना, ब्लड डोनेट करने के लिए जनजागरूकता लाने, प्रत्येक गांवों में रेडक्रॉस वालेन्टियर नियुक्त करने, रेडक्रॉस सदस्यता अभियान चलाये जाने जैसे विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा किया गया एवं आवश्यक निर्णय लिया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी सह जनरल सेक्रेटरी श्री एमके राउत ने निक्षय मरीजों को दिए जा रहे फूड बास्केट की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि इलाज प्रारंभ होने के साथ ही उन्हें सप्लीमेन्ट्री फूड बास्केट प्रदान किया जाना सुनिश्चित किया जाए, जिससे बेहतर रिजल्ट मिल सके। इस दौरान जिले में संचालित वृद्धाश्रम, पुनर्वास केन्द्र, नशामुक्ति केन्द्र के संबंध में भी जानकारी ली। मुख्य कार्यपालन अधिकारी सह जनरल सेक्रेटरी एमके राउत ने कहा कि डिजास्टर मैनेजमेंट एवं फर्स्ट एड के लिए वालेन्टियर तैयार करने हेतु ग्राम पंचायत स्तर पर पंचायत सचिवों को प्रशिक्षण देने संबंधी कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। जिससे ग्राम पंचायत स्तर पर उन्हें प्रशिक्षण प्रदान कर ट्रेंड वेलेन्टियर के रूप में तैयार किया जा सके। इस दौरान उन्होंने शिक्षा विभाग को प्रत्येक स्कूलों में भी फर्स्ट एड से संबंधित प्रशिक्षण संचालित करने के निर्देश दिए। मुख्य कार्यपालन अधिकारी सह जनरल सेक्रेटरी श्री राउत के द्वारा दान, सदस्यता अभियान के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने स्कूल व कालेज में नये सदस्य बनाने को कहा। बैठक में शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग से सदस्यता शुल्क के संबंध में चर्चा की। उन्होंने अधिक से अधिक सदस्य बनाने हेतु निर्देशित किया।

बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह, राज्य सचिव रेडक्रॉस डॉ. रूपल पुरोहित, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एके बसोड़, उपसंचालक समाज कल्याण विभागबीएल ठाकुर, प्राचार्य दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव डॉ. के.एल. टांडेकर, उपाध्यक्ष दामोदर दास मुंदडा, नंदकुमार अग्रवाल, अनुराग अग्रवाल, उमेश अग्रवाल, श्रीमती शारदा तिवारी, श्रीमती अनिता जैन, हेमंत तिवारी, सुशील जैन, जिला संगठक सह प्रबंधक रेडक्रास सोसायटी प्रदीप शर्मा सहित भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा राजनांदगांव के सदस्यगण उपस्थित थे।

# प्रदेश के कर्मचारियों के लिये मोदी की गारंटी का इंतजार कर रहे है कर्मचारी : राजेश चटर्जी



केन्द्र के समान डीए और लंबित डीए एरियर्स कब मिलेगा?

राजनांदगांव(दावा)। छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन के प्रांताध्यक्ष राजेश चटर्जी एवं प्रांतीय प्रमुख महामंत्री सतीश ब्यौहरे, जिला संरक्षक मुकुल साव, जिला अध्यक्ष पीआर झाड़े, पीएल साहू, जितेंद्र बघेल, बृजभान सिन्हा, सीएल चंद्रवंशी, वीरेंद्र रंगारी, सोहन निषाद, अब्दुल कलीम खान, भूषण साव, स्वाति वर्मा, नवीन कुमार पांडे, उत्तम डड़सेना, देवचंद बंजारे, शिव प्रसाद जोशी, खोम लाल वर्मा, हेमंत पांडे, लीलाधर सेन, पुष्पेंद्र साहू, संजीव मिश्रा, हेमंत दोंदिलकर, श्रीमती संगीता ब्यौहरे, श्रीमती अभिषिक्ता फंदियाल, सुधांशु सिंह, पायल देवांगन, वंदना पानसे, शिरीष कुमार पांडे, रमेश साहू, राजेश शर्मा, नरेश प्रसाद दुबे, रानी ऐश्वर्य सिंह ने 1 जुलाई 2019 से 31 जनवरी 24 तक कर्मचारियों को हो चुके आर्थिक क्षति की जानकारी न्यूनतम वेतन, ग्रेड पे, लेवल तथा कुल आर्थिक क्षति के क्रम में दिया है।

उन्होंने बताया कि प्रदेश के शासकीय कर्मचारियों को 1 जुलाई 2019 से 31 जनवरी 2024 तक देय तिथि से महंगाई भत्ता (डीए) स्वीकृत नहीं होने से प्रत्येक वेतन लेवल के न्यूनतम वेतन (औसत) में क्लास-1 को 1,70,58,05,400 रूपये, क्लास-2 को 9,024,367,650 रूपये, क्लास-3 को 28,239,107,050 रूपये, क्लास-4 को 3,543,682,500 रूपये कुल (औसत) 42,512,962,600 रूपये का एरियर्स राशि का भुगतान नहीं हुआ है।

जहां, केन्द्र सरकार अपने 47.58 लाख से अधिक कर्मचारियों तथा 67.95 लाख से अधिक पेंशनरों को देय तिथि से महंगाई भत्ता (डीए) तथा महंगाई राहत (डीआर) दे रही है। वहीं, राज्य सरकार अपने 4 लाख कर्मचारियों एवं 1.25 लाख पेंशनरों को देय तिथि से महंगाई भत्ता (डीए) तथा महंगाई राहत (डीआर) नहीं दे पा रही है।

# अनमोल दावा

> अपने रास्ते स्वयं चुनिए, क्योंकि आपको खुद से अच्छा कोई और नहीं जानता।

## नाबालिग और कम उम्र के बच्चों के भीतर हिंसा, बिगड़ रहा सामाजिक सोच का ताना-बाना

पिछले कुछ समय से बच्चों के भीतर बढ़ती हिंसक प्रवृत्ति को लेकर लगातार चिंता जताई जा रही है। ऐसे भी मामले सामने आ रहे हैं, जिनमें कम उम्र के बच्चे भी अपने सहपाठियों और यहां तक कि शिक्षकों पर जानलेवा हमला कर दे रहे हैं। उत्तर प्रदेश के नोएडा में दो नाबालिग लड़कों ने जिस तरह एक स्कूल के अध्यापक को गोली मार दी, उससे यही पता चलता है कि समाज और व्यवस्था के स्तर पर एक गंभीर विकृति अपने पांव जमा रही है। नोएडा के स्कूल में हुई घटना में शिक्षक की जान बच गई खबरों के मुताबिक साकीपुर गांव में स्कूल से थोड़ी दूर पर हुई घटना में गनीमत बस यह रही किसी तरह शिक्षक की जान बच गई। वरना हमले की प्रकृति को देखते हुए कहा जा सकता है कि आरोपी छात्रों का मकसद शिक्षक की हत्या करना रहा होगा! सवाल है कि इतने उम्र में बच्चे किसी मामूली बात पर हत्या करने जैसे अपराध करने पर क्यों उतर जा रहे हैं! इस घटना को कुछ बिगड़े हुए नाबालिग बच्चों की करतूत मान कर गुजर जाने दिया जा सकता है, मगर नाबालिग और कम उम्र के बच्चों के भीतर आक्रामकता और हिंसा के सहारे अपनी मंशा पूरी करने की बढ़ती प्रवृत्ति न सिर्फ ऐसे बच्चों की जिंदगी बर्बाद कर रही है, बल्कि यह समाज और सरकार के लिए भी चिंतित होने का विषय है। संदेश खाली विवाद की पूरी कहानी जहां महिलाओं ने खड़ा कर दिया ममता सरकार के खिलाफ आंदोलन अव्वल तो शिक्षक पर हमला करने वाले नाबालिग छात्रों के भीतर एक जघन्य स्तर के अपराध को अंजाम देने की बात क्यों आई! फिर इतनी कम उम्र के बच्चों के पास बंदूक जैसा जानलेवा हथियार कहां से आया? जाहिर है, हमलावर बच्चे ऐसे लोगों के दायरे या संपर्क में अपना वक्त गुजार रहे होंगे, जिनके लिए अपराध एक सामान्य बात है। ऐसे बच्चों के अभिभावकों और उन्हें जानने वाले आस-पड़ोस के लोगों के लिए बच्चों की रोजमर्रा की संगति और गतिविधियां अनदेखी करने लायक क्यों होनी चाहिए?

इसके अलावा, कानून-व्यवस्था का आलम ऐसा क्यों है कि किसी पर जानलेवा हमला करने वाले लोगों या बच्चों के भीतर पुलिस की कार्रवाई का खौफ काम नहीं करता? अगर समाज के ढांचे में पलती विकृतियों और बच्चों के भीतर बढ़ती आपराधिक हिंसक प्रवृत्ति को लेकर सरकार और आम लोग गंभीर नहीं हुए तो इस तरह के बच्चों की जिंदगी की दिशा सबके लिए जटिल हालात पैदा कर दे सकती है।




# सुप्रीम कोर्ट के फ़ैसले का चुनावी फंडिंग पर क्या असर होगा?

**राघवेंद्र राव पदनाम**

शुरू से ही विवादों में घिरी केंद्र सरकार की इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम को सुप्रीम कोर्ट ने असंवैधानिक क़रार दिया है. इस स्कीम के तहत जनवरी 2018 और जनवरी 2024 के बीच 16,518 करोड़ रुपये के इलेक्टोरल बॉन्ड ख़रीदे गए थे और इसमें से ज़्यादातर राशि राजनीतिक दलों को चुनावी फंडिंग के तौर पर दी गई थी. पिछले कुछ सालों में सामने आई रिपोर्ट्स में ये पता चला कि इस राशि का सबसे बड़ा हिस्सा केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी को मिला था. इन बॉन्ड्स पर पारदर्शिता को लेकर कई सवाल उठ रहे थे और ये आरोप लग रहा था कि ये योजना मनी लॉन्डरिंग या काले धन को सफ़ेद करने के लिए इस्तेमाल हो रही थी.

इलेक्टोरल बॉन्ड्स की वैधता पर सवाल उठाते हुए एसोसिएशन फ़ॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर), कॉमन कॉज़ और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी समेत पांच याचिकाकर्ताओं ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाज़ा खटखटाया था.

एडीआर के संस्थापक और ट्रस्टी प्रोफ़ेसर जगदीप छोकर कहते हैं, ये फैसला क़ाबिल-ए तारीफ़ है. इसका असर ये होगा कि इलेक्टोरल बॉन्ड्स स्कीम बंद हो जाएगी और जो कॉरपोरेट्स की तरफ से राजनीतिक दलों को पैसा दिया जाता था जिसके बारे में आम जनता को कुछ भी पता नहीं होता था, वो बंद हो जाएगा. इस मामले में जो पारदर्शिता इलेक्टोरल बॉन्ड्स स्कीम ने ख़त्म की थी वो वापस आ जाएगी. सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया को राजनीतिक पार्टियों को इलेक्टोरल बॉन्ड के ज़रिए मिली धनराशि की जानकारी 6 मार्च तक चुनाव आयोग को देनी होगी. ये जानकारी चुनाव आयोग को 13 मार्च तक अपनी वेबसाइट पर प्रकाशित करनी होगी. इस जानकारी के सार्वजनिक होने पर ये साफ़ हो जाएगा कि किसने इलेक्टोरल बॉन्ड ख़रीदा और किसे दिया. इस मामले से बतौर याचिकाकर्ता जुड़े रहे मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव सीताराम येचुरी कहते हैं, इस फैसले का हम स्वागत करते हैं. ये स्कीम असंवैधानिक थी और लेवल प्लेइंग फील्ड (समान अवसर) को ख़त्म करती थी. अगले तीन हफ़्तों में ये जानकारी सार्वजानिक करनी होगी कि किसने इलेक्टोरल बॉन्ड ख़रीदे और किसे दान दिया. तो अब पता चलेगा कि क्या क्विड प्रो क्वो (कुछ पाने के एवज़ में कुछ देना) हुआ, किस से कितना लिया और उनके लिए क्या किया. येचुरी कहते हैं कि शुरू से ही उनकी और उनकी पार्टी की राय ये थी कि इलेक्टोरल बॉन्ड राजनीतिक भ्रष्टाचार को वैध बनाने का साधन है. वो कहते हैं, इसलिए हमने विरोध किया और तब से लेकर आज तक हमारी पार्टी ने एक भी इलेक्टोरल बॉन्ड स्वीकार नहीं किया. बाकी पार्टियां इलेक्टोरल बॉन्ड ले रही थीं लेकिन हमारी पार्टी नहीं ले रही थी इसीलिए कोर्ट ने हमारी याचिका को सुना.



बीजेपी नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा, ये निर्णय एक बहुत ही प्रामाणिक उद्देश्य के लिए लाया गया था. चुनाव में पारदर्शिता हो फंडिंग में, इसके लिए लाया गया था. चुनाव में कैश का प्रभाव कम हो उसके लिए भी लाया गया था. इस बात को समझना बहुत ज़रूरी है. हमारे जितने चंदा देने वाले लोग हैं उनकी अपेक्षा थी कि उचित होगा कि हमारे लिए भी एक गोपनीयता रखी जाए. वो कहते हैं, ये बहुत अस्वाभाविक नहीं है. मैं आपको अपने राजनीतिक अनुभव से ये बात कहना चाहता हूँ. मान लीजिए कि कोई सरकार हार गई और उनके विरोधी दूसरी जगह आए तो वो चंदा देने वालों के ख़िलाफ़ हो जाते हैं. इसलिए कोई ईमानदारी से बिज़नेस कर रहे हैं तो वो अपना काम करें, ऐसा विचार था. रविशंकर ने कहा, माननीय सुप्रीम कोर्ट ने एक फैसला किया है. हम उनका सम्मान करते हैं. इस फैसले पर क्या बोलना है, निर्णय पढ़ने के बाद हम बताएँगे.

ग्लोबल थिंक टैंक कार्नेगी एंडॉवमेंट में सीनियर फ़ेलो और निदेशक मिलन वैष्णव कहते हैं कि हम इस स्कीम के लागू होने से पहले की यथास्थिति पर वापस आ गए हैं, एक ऐसी स्थिति जिसकी ख़ासियत ऊँचे दर्जे की अपारदर्शिता भी थी. वो कहते हैं, अब यह सरकार पर निर्भर है कि वह संसद के साथ मिलकर एक नई प्रणाली तैयार करे जो व्यक्तियों और कॉरपोरेट्स दोनों की पारदर्शिता सुनिश्चित करे. वैष्णव कहते हैं कि उनके लिए सुप्रीम कोर्ट का फैसला हैरान करने वाला है. वे कहते हैं, न्यायालय ने बार-बार सरकार के साथ सीधे टकराव से दूर रहने का विकल्प चुना है, ख़ासकर सरकार की प्रमुख प्राथमिकताओं या अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर. चूंकि ये फ़ैसला सर्वसम्मति से लिया गया है तो ये बताता है कि न्यायाधीशों ने दृढ़ता से महसूस किया कि बॉन्ड योजना संवैधानिक रूप से अस्थिर थी. पत्रकार नितिन सेठी द रिपोर्टर्स कलेक्टिव के सदस्य हैं और इलेक्टोरल बॉन्ड्स के मुद्दे पर इन्वेस्टिगेटिव रिपोर्टिंग कर चुके हैं. वो कहते हैं, भ्रष्टाचार पर जो एक क़ानूनी जामा पहना दिया गया था वो सुप्रीम कोर्ट ने इलेक्टोरल बॉन्ड्स को रद्द करते हुए उतार दिया है. कोर्ट के फ़ैसले में कहा गया है कि अप्रैल 2019 से लेकर अभी तक जिन शैल कंपनियों ने इलेक्टोरल बॉन्ड के रास्ते से राजनीतिक दलों को पैसा दिया था वो पूरा ब्योरा बाहर आए. ये कोर्ट की तरफ से उठाया गया एक साहसिक क़दम है. सेठी के मुताबिक़ ये याद रखना चाहिए कि काला धन और बेहिसाब धन राजनीति में आने का ये एक ज़रिया है. वो कहते हैं, ये तो एक गदंगी थी जो और फैल गई थी लेकिन अभी बहुत से सुधारों की गुंजाइश है जो दिखता नहीं कि अभी जल्दी होंगे. आगे की तरफ देखें तो मुझे शक है कि सरकार नहीं चाहेगी कि ये बाहर आए कि कौन उनको पैसा देता था. हमने ये पाया था कि सबसे ज़्यादा पैसा इलेक्टोरल बॉन्ड से बीजेपी को और उन सरकारों को आता था जो राज्यों में सत्ता में हैं. मुझे लगता है कि कोशिश होगी कोर्ट के ज़रिए या किसी के ज़रिए केस फ़ाइल करके कि वो डेटा बाहर न आए. जो 16,500 करोड़ रुपये लिए गए उसका ब्यौरा बाहर न आए.

साल 2018 से पहले ये चर्चा होती थी की कैश से दिए गए चंदे की वजह से चुनावी फंडिंग में पारदर्शिता नहीं है. इलेक्टोरल बॉन्ड स्कीम को लाते वक़्त सरकार का कहना था कि ये स्कीम पारदर्शिता सुनिश्चित करेगी. अब जबकि इलेक्टोरल बॉन्ड्स को असंवैधानिक क़रार दे दिया गया है तो चुनावी फंडिंग पर इसका क्या असर पड़ेगा? आर्थिक मामलों के जानकार और जेएनयू के पूर्व प्राध्यापक प्रोफ़ेसर अरुण कुमार कहते हैं, इलेक्टोरल बॉन्ड ख़त्म होने से चुनाव की फ़ंडिंग पर बहुत कम फ़र्क पड़ता है क्योंकि चुनावी फंडिंग का ज़्यादातर हिस्सा नक़दी में आता है. ये फ़ैसला केवल फंडिंग की पारदर्शिता की दृष्टि से महत्वपूर्ण है.

# विटामिन डी की कमी पहुंचा सकती है दिल को नुकसान




विटामिन डी हमारी बॉडी के लिए जरूरी सप्लीमेंट है जो हमारे बॉडी के अंगों का विकास करता है और हमारी बॉडी को हेल्दी रखने में मदद करता है। विटामिन डी हमें डाइट और कुदरती धूप से मिलता है। रोजाना सुबह की धूप लेने से आपको पर्याप्त मात्रा में विटामिन डी मिल सकता है। बॉडी में विटामिन डी की कमी होने से मांसपेशियों की थकान,हड्डियों में दर्द, ज्वाइंट डिफॉर्मिटीज,बच्चों की मांसपेशियों में कमजोरी, बार-बार बीमार या संक्रमित होना,थकान महसूस होना और पीठ में दर्द होने जैसी परेशानियां होती है। विटामिन डी की आवश्यकता हर इंसान में उम्र के मुताबिक बदलती रहती है। एक साल के बच्चे से लेकर 60 साल की उम्र के बूढ़े इंसान की विटामिन डी की आवश्यकता बदलती रहती है। एक्सपर्ट के मुताबिक एक हेल्दी इंसान को रोजाना 600 आईयू की आवश्यकता होती है। 60 साल के ऊपर के लोगों को 800 आईयू विटामिन डी की आवश्यकता होती है। एक साल से छोटे बच्चों के लिए रोजाना 400 इंटरनेशनल यूनिट विटामिन डी जरूरी होता है।

उम्र के मुताबिक बॉडी में विटामिन डी का स्तर इस लेवल से कम होने पर दिल के रोगों का खतरा बढ़ने लगता है। स्विस न्यूट्रिशन एंड हेल्थ फाउंडेशन के हालिया अध्ययन के मुताबिक कम विटामिन डी का स्तर और दिल से संबंधी घटनाओं के बीच हाई रिस्क है। हृदय रोग विशेषज्ञों का कहना है कि फैट सॉल्यूबल विटामिन दिल की सेहत के लिए खतरा है। आइए जानते हैं कि विटामिन डी दिल की सेहत के लिए कैसे जरूरी है।

### विटामिन डी दिल की सेहत के लिए कैसे है जरूरी

एस्कॉर्ट्स हार्ट इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च में हृदय रोग विशेषज्ञ और इलेक्ट्रोफिजियोलॉजिस्ट डॉ.अपर्णा जसवाल कहती हैं कि विटामिन डी का स्तर सामान्य बनाए रखने से ग्लूकोज टॉलरेंस और संक्रमण का खतरा कम होता है। इस विटामिन से हड्डियां और मांसपेशियां मजबूत होती हैं। विटामिन डी के अच्छे स्तर को बनाए रखना आवश्यक है। एक्सपर्ट के मुताबिक विटामिन डी के स्तर में बढ़ोतरी होने से हृदय रोग में कमी आएगी।

### विटामिन डी दिल के लिए कैसे ठीक है

हार्वर्ड टी एच चान स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ का कहना है कि यह वसा में घुलनशील विटामिन धमनियों को लचीला और शिथिल बनाए रखने में मदद करता है। ये विटामिन हाई ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करता है। कई अध्ययनों के विश्लेषण से पता चला है कि विटामिन डी के सबसे कम सीरम लेवल वाले लोगों में उच्चतम स्तर वाले लोगों की तुलना में स्ट्रोक और दिल के रोग का खतरा बढ़ गया था।

### इस तरह करें विटामिन डी की कमी को पूरा

रिपोर्ट्स के मुताबिक बॉडी में विटामिन डी की कमी को पूरा करने के लिए आप डाइट में विटामिन डी से भरपूर फूड्स का सेवन करें। विटामिन डी पाने का सबसे अच्छा स्रोत फैटी फिश का सेवन करें। मांस और फैटी फिश ऑयल का सेवन करें। अंडे की जर्दी,पनीर का सेवन करें। मशरूम का सेवन करें,दोपहर के समय धूप सेकने का सबसे अच्छा समय होता है। डाइट में अंडे का पीला भाग,मछली का तेल, विटामिन डी युक्त दूध और मक्खन का सेवन करें।



## लघुकथा

### रफ्तार पकड़ती नारी

सदियों से पुरुषों की गुलामी में, जीने वाली नारी
खुले आसमान में सांस ले रही, तोड़कर बंधन सारी
गांव हो या शहर हर क्षेत्र, अपने की सिध्ध कर
दिखाने का उठाया बीड़ा
हर कामो मे तालमेल बनाई, कभी नही दिखाई अपनी पीढ़ा
पंचायत से संसद तक, करवाई अपनी उपस्थिति दर्ज
जांबांज आर्मी आफिसर बन, बेखुबी निभाई अपना दर्ज
घर बाहर के कामी में, बिठाई तालमेल हर पग
बच्चों के भविष्य को लेकर, दिखाई देती हमेशा सजग,
बच्चों के परवरिश संस्कार, बनाने मे सदियों से रहा योगदान
शिक्षा से लेकर रहन-सहन, स्वास्थ्य के प्रति रहती परेशान
घर से लेकर आफिस तक, निर्णय लेने मे दिखाती आत्मविश्वास
उसकी बुद्धिमता काम देखकर पुरूषो को भी हो गया है विश्वास
आज नारी अपने कर्तव्यों को, निभाने में है सक्षम
सास बहू की तूतू मे-मै, देखने को मिलती अब कम
ये सारी खूबियां उसने, अपने ऊपर कर ली है समाहित
पुरुषो की कमजोरी नही, बनी ताकत सहयोगी मित
आज नारी नहीं है अबला, चला रही है मोटरकार
हर क्षेत्र मे आगे आकर, पकड़ ली हे पूर्ण रफ्तार।



**श्रीमती शशिकला कठोलिया**
**राज्यपाल से पुरस्कृत शिक्षिका**
**शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला दीवानभेड़ी डोंगरगांव**

## कविता

### वसुंधरा सजने लगी

वसुंधरा अब, सजने-संवरने लगी है
चमन में ये कलियां, चटकने लगी है
बागों से यह गलियां महकने लगी है
भीनी-भीनी बयार भी बहने लगी है।
कोयल की तान अब गुंजने लगी है
बौरों की मधुर-महक, आने लगी है
मस्त-महुए की गमक, छाने लगी है
सारी सृष्टी मनमोहक, भाने लगी है।
पलास-टेसू में निखार आने लगी है
सरसराती बहार अब, आने लगी है
स्वागत-वंदन पंछियां, करने लगी है
वसंत की ये सवारियां आने लगी है।



अशोक पटेल ''आशु''
मेघा, धमतरी(छ.ग.)
9827874578

## दिल, दिमाग को चुस्त और तंदुरुस्त रखने वाले चुकंदर के 5 बड़े फ़ायदे



आपकी फ़िटनेस और सेहत का चाहे जो भी स्तर हो इसे बेहतर करने के लिए चुकंदर सर्वोत्तम उपाय हो सकता है. ये कंदमूल न केवल आपकी मजबूती में सुधार कर सकता है बल्कि आपको तेज़ी से दौड़ने में भी मदद कर करता है. साथ ही इसके कई और फ़ायदे हैं, जैसे- यह बढ़ती उम्र में ब्लड प्रेशर को नियंत्रित रखते हुए आपके मस्तिष्क को स्वस्थ रखने में भी मददगार होता है. प्राचीन ग्रीस के समय से ही यह पता है कि ये हमारे शरीर के लिए अच्छा है.


लेकिन अब इसके नए सबूत सामने आने लगे हैं जो इसके असाधारण लाभ को उजागर करने लगे हैं और यही वो कारण है कि इसे हमें अपने नियमित आहार में शामिल करना चाहिए. चुकंदर को बीटालेंस कहा जाने वाला प्राकृतिक पिगमेंट एक गहरा मजबूत रंग देता हैं, यह इसे एंटीऑक्सीडेंट बनने की बड़ी ताक़त प्रदान करता है.

## शब्द सामर्थ्य -336

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. व्यर्थ, अकारण, बेवजह (उर्दू) 4. साथ में, सहित 5. वर्षा, बारिश, बरखा 8. कथा, किस्सा 9. चिड़चिड़ा, बदमिजाज 11. प्रलय, आफत, हलचल 12. लाश ढकने का कपड़ा 13. पिता, क्लर्क, सम्मानित व्यक्ति 14. वायु, पवन 16. निवास करना, उपस्थित होना, ठहरना 18. जिसे लात खाने की आदत हो गई हो 19. सेवक, दास, चाकर 21. भ्राता 22. मेघ, जलद, नीरद।

**ऊपर से नीचे**
1. विशेष, विशिष्ट 2. सुगंध, खुशबू 3. आदमी, मनुष्य, मानव 5. अपेक्षाकृत, अपेक्षया 6. कष्ट, दर्द, दिक्कत 7. पठन, पढ़ने का काम, शिक्षा 10. किस्मत, नसीब, भाग्यवान 12. एक पक्षी जो पुराने समय में संदेश वाहक का काम करता था 13. बाल, बच्चा, लड़का, छोकरा 17. वायु संबंधी, हवा में रहने, उड़ने या होने वाला, बिलकुल काल्पनिक और निर्मूल 19. नाव, कश्ती 20. वर्ष, बरस, एक इमारती वृक्ष।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 335 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पं | क्ति | ■ | स्वा | द | ■ | स | ब | ब |
| जा | ■ | सु | हा | ना | ■ | ■ | ली | द |
| ब | हु | धा | ■ | द | ल | ना | ■ | ल |
| ■ | ■ | क | मा | न | ■ | ग | ह | ना |
| भं | व | र | ■ | ■ | ■ | वा | म | ■ |
| गी | त | ■ | म | ज | बू | र | ■ | ट |
| ■ | न | म | स्का | र | ■ | ■ | ■ | र |
| ■ | ■ | र्या | ■ | ■ | बी | ■ | ना | का |
| सं | वि | दा | ■ | ब | स | च | ल | ना |

## सू- दोकू क्र.336


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | 4 | | 3 | | |
| 2 | | | 3 | | | 9 | | 4 |
| | 6 | | | 2 | | | | |
| 3 | | 1 | | | 7 | | 4 | |
| | 2 | | | 1 | | | 6 | |
| 8 | | | 9 | | 4 | | | 1 |
| | | 2 | | 3 | | 7 | | |
| 1 | | | 7 | | 2 | 4 | | 3 |
| | 5 | 3 | | 8 | | | 7 | 2 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।


**सू-दोकू क्र.335 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 8 | 3 | 1 | 5 | 7 | 4 | 6 |
| 4 | 1 | 6 | 8 | 9 | 7 | 2 | 5 | 3 |
| 7 | 3 | 5 | 4 | 6 | 2 | 8 | 1 | 9 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 8 | 1 | 4 | 6 | 5 |
| 5 | 4 | 1 | 6 | 7 | 3 | 9 | 2 | 8 |
| 6 | 8 | 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 7 |
| 3 | 6 | 2 | 7 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 |
| 8 | 5 | 7 | 1 | 2 | 6 | 3 | 9 | 4 |
| 1 | 9 | 4 | 5 | 3 | 8 | 6 | 7 | 2 |

## राशिफल




**मेष**
आज पारिवारिक जीवन में चल रहे कुछ महत्वपूर्ण काम पूरे होंगे। अपना व्यवहार सकारात्मक बनाए रखें। भविष्य के लिए बनाई योजनाओं पर भी आज कुछ सोच-विचार कर सकते हैं। अपने उद्देश्यों को प्राप्त करने में मदद भी मिलेगी। जीवन में अपने परिवार, दोस्तों और जीवनसाथी की भूमिका को पहचानेंगे।




**वृषभ**
आज का दिन व्यापार के लिए फायदेमंद रहेगा। निवेश से जुड़े कुछ बेहतर मौके मिल सकते हैं। नए विचार आपके सामने आते रहेंगे। आज योजना बनाने और फैसला लेने के लिए दिन बहुत अच्छा है। आज आप पूरा ध्यान अपनी जिमेदारियों पर रखें। हर काम जोश से पूरा करने की कोशिश करें।




**मिथुन**
आज आपका दिन खुशियों भरा रहेगा। आज आपका मन नए काम करने में लगेगा। बिजनेस में दो गुना वृद्धि होने के योग बन रहे हैं। आज अपने कामकाज को पूरी सावधानी से करें, साथ ही दूसरों की हर संभव मदद करें। आर्थिक स्थिति सामान्य रहेगी। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा।



**कर्क**
आज का दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। आज अपनी सोच को सकारात्मक रखें। आज आप जॉब स्विच करने का मन बना सकते हैं। इसके लिए आपको अच्छे ऑप्शन मिल सकते हैं। आज ऑफिस में पुराने कामकाज निपटाने में सफल रहेंगे। आज रुठे हुए साथी को मनाने के लिए उसे मनपसंद गिफ्ट दे सकते हैं।




**सिंह**
आज का दिन अच्छा रहेगा। आज जिससे भी मिलेंगे वह व्यक्ति आपसे प्रभावित होगा। बिजनेस में परिवार से सहयोग मिलेगा। वर्क प्लेस पर अपनी वाणी पर संयम बनाए रखें। अपने करियर को लेकर मन में दुविधा होगी, लेकिन जल्द ही वह सॉल्व भी हो जाएगी। आपका स्वास्थ्य पहले से ठीक रहेगा, ड्राई फूड खाएं।




**कन्या**
आज आपका मन घर और ऑफिस की दुनिया से बाहर निकाल कर प्रकृति का आनंद लें। आर्थिक रूप से पुरानी बहुमूल्य चीजों के मोलभाव पर लाभ होगा। अपने अधूरे कामों को पूरा करने के लिए भी आज का दिन अच्छा है। आपकी आर्थिक स्थिति में भी सुधार होगा। आपका आत्मबल आपके लिए सफलता की कुंजी साबित होगा।




**तुला**
आज आपके मन में नए-नए विचार आएंगे। आज आप कुछ ज्यादा ही जोश में रहेंगे। आपके बनाए प्लान में कोई बदलाव हो सकता है। बिजनेस में कुछ नया करने की इच्छा होगी। दिल की बजाए दिमाग से काम लें। व्यापार में आर्थिक लाभ होने से कर्ज से छुटकारा मिलेगा।




**वृश्चिक**
आज प्रॉपर्टी में निवेश के लिए दिन अच्छा रहेगा। बड़े-बुजुर्गों की सलाह आपके लिए लाभकारी सिद्ध होगी। धन लाभ का योग बन रहा है। समाज कल्याण की तरफ भी आपका रुझान होगा। शत्रु आपको हराने का प्रयास करेंगे, लेकिन आपके सम्मुख ठहर नहीं सकेंगे।




**धनु**
आज आपका रुझान अध्यात्मक की तरफ ज्यादा रहेगा। आप किसी धार्मिक यात्रा पर जा सकते हैं। राजनीतिक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी। आज पड़ोसियों के बीच आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। शिक्षा प्रतियोगिता में आपको सफलता मिलेगी। साइंस से जुड़े छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा है।



**मकर**
आज कार्यस्थल पर वरिष्ठ अधिकारी आपके काम की तारीफ करेंगे। आपकी सैलरी में बढ़ोत्तरी भी हो सकती है, जिससे आपका आज का दिन अच्छा रहेगा। अपने सीनियर्स के प्रति अच्छा व्यवहार बनाए रखें। छात्रों के लिए भी आज का दिन अनुकूल रहने वाला है। आपके करियर पर स्पष्ट रूप से दिखाई देगा।



**कुंभ**
आज का दिन आपके लिए उत्तम रहेगा। आज सामाजिक कार्यों में अपना योगदान देंगे। कार्यक्षेत्र में उम्मीद के अनुसार कामयाबी हासिल होगी। आज आपकी मुलाकात अपने बेस्ट फ्रेंड से हो सकती है। पारिवारिक मामलों में किसी बात को लेकर जीवनसाथी से वार्तालाप हो सकती है।



**मीन**
आज का दिन आपके लिए उत्साहपूर्वक रहेगा। आज कोई भी शुभ कार्य करेंगे और साथ ही मांगलिक कार्य भी करेंगे। संतान के करियर के लिए मन में चिंताएं बनी रहेंगी। दोस्तों के साथ बाहर मौसम का लुफ्त उठा सकते हैं। पूरा दिन इंज्वाय से भरा रहेगा। सरकारी ऑफिस में काम को लेकर बॉस आपकी तारीफ कर सकते हैं।

# केन्द्र की भाजपा सरकार अन्नदाताओं के संवैधानिक अधिकारों का हनन कर रही है - अनिल मानिकपुरी

*(अभिषेक त्रिपाठी)*

अंबागढ़ चौकी (दावा)। न्यू इंडिया में मोदी सरकार न केवल देश की संवैधानिक संस्थाओ का दुरूपयोग कर रही है बल्कि अब तो देश के आम नागरिको की संवैधानिक अधिकारों को भी कुचलने एवं उसका हनन करने का काम कर रही है। दिल्ली में शांति पूर्ण ढंग से अपने अधिकारों व न्याय के लिए आवाज उठाने वाले अन्नदाताओ के साथ केन्द्र की भाजपा सरकार जिस तरह का व्यवहार कर रही है, उसे देखकर तो कम से कम यही समझा जा सकता है की हमे जो भारत वर्श में सविधान के तहत संवैधानिक अधिकार मिले हुए है। उस अधिकार के तहत हम उचित फोरम में अपनी आवाज भी नही उठा सकते है। शुक्रवार को किसान यूनियनों का देष्व्यापी भारत बंद के आंदोलन को समर्थन करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी मोहला मानपुर अंबागढ चौकी के जिला अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने एक पत्रकारवार्ता आयोजित कर देश में किसानो के साथ केन्द्र सरकार एवं भाजपा की हरियाणा सरकार द्वारा किए जा रहे अन्याय एवं अत्याचार की निंदा करते हुए आरोप लगाया की अन्नदाताओं के संवैधानिक अधिकारो का हनन किया जा रहा है।

जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने कहा की देश के अन्नदाता अपने हक व अधिकारो की रक्षा तथा अपने समस्याओ के निदान के लिए देश की सरकार और प्रधानमंत्री से फरियाद न करें तो किसके पास करें और यदि वे अपने संवैधानिक अधिकारो के तहत देश की राजधानी दिल्ली में न्याय की मांग को लेकर दिल्ली पहुच रहे है तो उनके साथ ऐसा व्यहार किया जा रहा है कि वे हमारे नही किसी अन्य देश के नागरिक हो जो शत्रु की तरह हमारी सीमा एवं देश की राजधानी दिल्ली में बलात घुस रहे हो।



जिला कांग्रेस अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने कहा की दिल्ली की सडको में लोहे की किल एवं सीमेंट क्रांकीट की दीवारे, रोड रोलर्स, कंटेनर्स एवं सडको में कंटीले तारो का जाल, एवं पंद्रह फीट चौड़ाई एवं दस दस फीट के गहरे गढढे बनाकर किसानो को दिल्ली आने से मोदी रोकना ऐसा लग रहा है की वे देश के किसान न होकर दो देषो के मध्य चल रहे युद्ध में भाग लेने वाले हमारे षत्रु हो। जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा की भारत जैसे विशाल लोकतांत्रिक गणराज्य में देष के नागरिको के साथ इस तरह से केन्द्र की सरकार द्वारा व्यवहार किया जाना कतई एवं किसी भी दृष्टि से उचित नही है। प्रजातंत्र में एक चुनी हुई सरकार द्वारा देश के नागरिको के संवैधानिक अधिकारो का हनन की उम्मीद नही की जा सकती है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने केन्द्र सरकार से किसानो के अधिकार एवं न्याय की रक्षा करने की मांग की। पत्रकारवार्ता में ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष मनीष बंसोड, पूर्व पार्षद प्रमोद ठलाल, गोलू खान, पार्षद शंकर निशाद, मुकेश सिन्हा, कांग्रेस नेता शमीमुद्दीन कुरैशी, विनोद डेहरिया उपस्थित थे।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने पत्रकारवार्ता में केन्द्र सरकार एवं पीएम मोदी पर आरोप लगाया की भाजपा ने देश की कुर्सी हासिल करने के लिए किसानो की आय दोगुनी करने एवं एमएसपी , इनपुट कास्ट - पचास परसेंट के वायदे कर सरकार में आए थे। लेकिन मोदी जी के दस वर्षो के कार्यकाल में न तो किसानो की आय दोगुनी हुई और न ही किसानो से किए गए अन्य वायदे पुरे हुए। और तो और सौ दिनो में महंगाई कम करने, काला धन वापस लाने, हर वर्ष दो करोड युवाओ को रोजगार देने , जनधन योजना से हर भारतवासी के खाते में पंद्रह पंद्रह लाख डालने एवं अच्छे दिन लाने का वायदा भी चुनावी जुमला निकला। जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया की मोदी जी ने किसान आंदोलन के बाद जुलाई 2022 में अन्नदाताओ से एमएसपी की गारंटी कानून का मार्ग प्रशस्त करने तथा कर्ज से राहत दिलाने का वायदा किया लेकिन पौने दो साल में इस पर भी केन्द्र सरकार ने कुछ नही किया। बल्कि अब भी किसानो को भटकाने एवं किसानो के हितो को लटकाने का काम कर रही है।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने पत्रकारवार्ता में कहा की कांग्रेस की सरकार यदि देश में बनती है तो पार्टी किसानो के साथ किए गए वायदो को निभाएगी और अन्नदाताओ के हित में एमएसपी गारंटी कानून लाएगी। जिला अध्यक्ष ने कहा की कांग्रेस पार्टी ने यूपीए सरकार के समय स्वामीनाथन कमीशन की 201 सुझावो में से 175 सिफारिषो को लागू कर चुकी है। देश में बचे हुए 26 सिफारिशों को भी कांग्रेस पार्टी केन्द्र में सरकार बनने का बाद पुरा कर देगी। जिलाध्यक्ष ने बताया की भारत जोडो न्याय यात्रा में अंबिकापुर में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, और राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी ने केन्द्र में सरकार पर आने के बाद एमएसपी गारंटी कानून लागू करने का ऐलान किया।

चुनावी फंडिंग में पारदर्शिता लाने के दावे के साथ शुरू की गई चुनावी बांड योजना को गुरूवार को सुप्रीम अदालत ने असंवैधानकि करार दिया। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी के नेतृत्व में गुरूवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने बस स्टैन्ड में केन्द्र की मोदी सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्षन करते हुए माननीय उच्चतम न्यायालय के संविधान पीठ द्वारा किए गए फैसले का स्वागत किया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने खुलासा किया की कांग्रेस पार्टी ने चुनावी बांड योजना का षुरू होते ही इसका विरोध करते हुए इसे असंवैधानिक बताया था। जिलाध्यक्ष ने कहा की अब स्रुप्रीम कोर्ट का निर्णय आने के बाद दूध का दूध एवं पानी का पानी हो गया है। और तस्वीर पुरी तरह साफ हो गई है की मोदी सरकार ने अपने आर्थिक हित के लिए यह चुनावी बांड योजना लाई थी। जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया की केन्द्र की भाजपा सरकार द्वारा अपने स्वार्थ एवं हितो के लिए सुनियोजित तरीके से इस तरह कानून का निर्माण कर रही है। जो किसी भी दृष्टि से राष्ट्र के हित में नहीं है।

## बसंत पंचमी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया



राजनांदगांव (दावा)। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बुचीभरदा में 14 फरवरी को बसंत पंचमी एवं मातृ पितृ दिवस मनाया गया। सबसे पहले विद्या दायिनी मां सरस्वती जी की पूजा अर्चना करने के बाद उपस्थित गणमान्य लोगों का तिलक एवं फूल माला से स्वागत किया गया। तत्पश्चात माता पिता के महत्व के बारे में बच्चों को बताया गया एवं बसंत उत्सव के बारे में जानकारी दिया गया। बच्चों द्वारा शानदार गीत भजन प्रस्तुत किए गए। इस कार्यक्रम में शामिल हुए शाला के शिक्षक गण चान्ता राम साहू,रितुराज चतुर्वेदी एवं विनोद कुमार चन्द्राकर पालक वर्ग से शाला विकास समिति के अध्यक्ष अनउरूद्ध कौशिक, उपाध्यक्ष उत्तम कलिहारी, हरीराम साहू, अनिल कुमार साहू, चुनू राम साहू, दुग्धा राम कोटवार, किरण साहू, अंजनी निषाद, गायत्री यादव, लीला मंडलोई, उमेश्वर निषाद एवं लीलाधर साहू उपस्थित रहे।

## आत्म चिंतन का ग्रंथ है राम चरित्र मानस- संत रामज्ञानी दास महात्यागी



डोंगरगांव (दावा)। अंचल में बहने वाली शिवनाथ के दर्री-खुज्जी तट पर स्थित ब्रम्हचारी आश्रम के संत त्रिलोचन ब्रम्हचारी के पावन सानिध्य में श्रीलक्ष्मी नारायण यज्ञ का शुभारंभ कलश यात्रा के सांथ हुआ. इस धार्मिक आयोजन में अंचल सहित अन्य अनेक स्थलों से पधारे श्रद्धालु यहाँ स्थित अनेक मन्दिरों के दर्शन लाभ के सांथ यज्ञ परिक्रमा कर, तिरखेड़ी आश्रम(महाराष्ट) से पधारे संत रामज्ञानीदास महात्यागी के संगीतमयी राम कथा का भी रस पान कर रहे हैं. उन्होंने अपने प्रथम दिवस की कथा में श्री रामचरित मानस की महिमा का विस्तार पूर्वक वर्णन करते हुए बताया कि राम चरित मानस एक दृढ़ ग्रन्थ है, विश्वास का ग्रन्थ है, जिसे तर्क और कुतर्क से नहीं समझा जा सकता है. राम को पाने के लिए सत्य को जानना होगा क्योंकि राम ही शास्वत सत्य हैं. राम को जानने के लिए सबसे पहले मन में बैठे संशय रूपी विहंग को सत्संग के माध्यम से उड़ाना पड़ेगा. उन्होंने आगे बताया कि भारत की अस्मिता को बरकरार रखने सबसे पहले कृषि और ऋषि परम्परा को बचाना होगा. सन्त महात्यागीजी ने अपनी ओज पूर्ण वाणी से सती मोह की कथा का सविस्तार वर्णन करते हुये श्रावक श्राविकाओं को भाव विभोर कर दिया. उन्होंने बताया कि रामकथा शास्त्र भी है, जरूरत पड़े तो शस्त्र भी है. राम चरित मानस आत्म चिंतन का ग्रन्थ है, जिनको भगवान राम के प्रति अति अनुराग है, वही मनुष्य इस ग्रन्थ का चिंतन मनन कर राम को जान सकता है.

## सिर्राभांठा में मड़ई मेला 20 को

हरदी (दावा)। ग्राम कुतुलबोड़ सिर्राभांठा में मड़ई मेला का आयोजन 20 फरवरी को रखा गया है। लोगों के मनोरंजन के लिए रात्रि में माटी के सिंदूर छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी ग्राम बूटाकसा अंबागढ़ चौकी वाले का कार्यक्रम रखा गया। उक्त जानकारी देते हुए योगेन्द्र साहू व महेन्द्र गोसाई ने अंचल के व्यापारिओं एवं जन मानस को अधिक से अधिक संख्या में आने की अपील की है।

## आज बीपीएस इंग्लिश मीडियम स्कूल में वार्षिक उत्सव

डोंगरगांव (दावा)। स्थानीय बीपीएस पैरेन्टस् प्राइड इंग्लिश मीडियम स्कूल में एनुअल फंक्शन सृजन का आयोजन आज 17 फरवरी को सुबह 11 बजे से आयोजित किया गया है. कार्यक्रम में बतौर अतिथि संस्था के चेयरमेन, सेक्रेटरी, ट्रेजरर तथा डायरेक्टरगण रहेंगे. फंक्शन में संस्था के छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जायेगी. प्रभारी प्राचार्य नीलेश कुमार ने समस्त अभिभावकों सहित शुभचिंतकों से कार्यक्रम का अधिकाधिक लाभ लेने कहा है।

## गांव चलो अभियान के तहत भाजपाई पहुंच रहे हैं गांव-गांव



डोंगरगांव(दावा)। गांव चलो अभियान डोंगरगांव मंडल में बुथ स्तर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के के आव्हान पर चलाया जा रहा है. इस अभियान को सफल बनाने के लिए अभियान प्रभारी देवलाल साहू, मोहन साहू वरिष्ठ नागरिक, नारद साहू, हृदयराम, दिलीप कुमार, टीकम देवांगन सहित जिला के सहप्रभारी दिनेश साहू प्रमुख रूप से अपनी उपस्थिति देकर ग्रामीणजनों के पास पहुंच रहे हैं.

## राष्ट्रीय अधिवेशन में शामिल होने विक्रांत सिंह व घम्मन साहू दिल्ली हुए रवाना



खैरागढ़ (दावा)। भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय अधिवेशन की बैठक 17-18 फरवरी, 2024 को भारत मंडपम, प्रगति मैदान, नई दिल्ली में होगी. राष्ट्रीय अधिवेशन की बैठक की अध्यक्षता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी.नड्डा करेंगे. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्रीय अधिवेशन बैठक के समापन सत्र को संबोधित करेंगे. उल्लेखनीय है कि लोकसभा चुनाव की तैयारियों के लिए बीजेपी ने कमर कस ली है. भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय अधिवेशन की बैठक 17-18 फरवरी, 2024 को भारत मंडपम, प्रगति मैदान, नई दिल्ली में होगी. जिसके लिए देश भर से हज़ारों नेताओं को बुलाया गया है. यहां पीएम मोदी कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र देंगे. राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति के सभी सदस्यों के अलावा राष्ट्रीय परिषद के सभी सदस्य आमंत्रित किए गए हैं.राष्ट्रीय अधिवेशन की बैठक की शुभारंभ पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी.नड्डा करेंगे. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी राष्ट्रीय अधिवेशन बैठक के समापन सत्र को संबोधित करेंगे. इस अधिवेशन का रजिस्ट्रेशन सुबह 11:00 बजे शुरू होगा. उद्घाटन सत्र दोपहर 3:00 बजे शुरू होगा. राष्ट्रीय अधिवेशन की बैठक 18 फरवरी, 2024 को दोपहर 2:00 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समापन भाषण के साथ समाप्त होगी. इस राष्ट्रीय अधिवेशन में राष्ट्रीय कार्यकारी समिति के सदस्य, राष्ट्रीय परिषद के सदस्य, सांसद (राज्यसभा और लोकसभा), विधायक, एमएलसी, पूर्व सांसद, मोर्चा के राष्ट्रीय पदाधिकारी, राज्य पदाधिकारी, कोर समिति अनुशासन समिति वित्त समिति- चुनाव समिति के सदस्य इसमें हिस्सा लेंगे. इसके अलावा जिला पंचायत अध्यक्ष उपाध्यक्ष व जिला भाजपा अध्यक्ष उपस्थित रहेंगे इसी के मद्देनजर राजनांदगांव जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह व केसीजी जिला भाजपा अध्यक्ष घम्मन साहू राष्ट्रीय अधिवेशन में सम्मिलित होने के लिए दिल्ली रवाना हुए हैं। भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय अधिवेशन दिल्ली के भारत मंडपम मे आयोजित है, इस अधिवेशन मे खैरागढ़ पूर्व विधायक कोमल जंघेल भी शामिल होंगे। राष्ट्रीय अधिवेशन को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी.नड्डा सम्बोधित करेंगे।

## महिला सेल खैरागढ़ के सार्थक प्रयासों से ढहने से बचा लक्ष्मी खडे का गृहस्थर जीवन



**पति पत्नी की पुनर्मिलन गढ़ेगा एक नया इतिहास**

खैरागढ़ (दावा)। बीते दिनों ग्राम गबरा की रहने वाली लक्ष्मी खंडे ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत आवेदन प्रस्तुत किया था। कि इनके पति त्रिलोक खंडे द्वारा घरेलू पारिवारिक बातों को लेकर शराब पीकर आए दिन झगड़ा विवाद करता है। जिससे परेशान होकर आवेदिका विगत 8 महीने से अपने मायके में रह रही थी। यहां बताना लाजमी होगा कि दोनों का विवाह सामाजिक रिती रिवाज अनुसार हुआ था।

मामले की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल (भा.पु.से.) जिला खैरागढ़ छुईखदान गंडई, नेहा पाण्डेय अति. पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में मामला नवविवाहिता एवं पति पत्नी के मध्य होने से महिला सेल प्रभारी प्रतिभा लहरे प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक को शिकायत आवेदन के दोनों पक्षों का काउंसलिंग कर उनकी समस्या का निराकरण करने निर्देश प्राप्त हुआ था। जिसके परिपालन में दोनों पक्षों का काउंसलिंग आयोजित किया गया। पति पत्नी को समझाईश दिया गया, बाद में दोनों पक्षों द्वारा एक साथ जीवन व्यतीत करने की मंशा जाहिर किए इस प्रकार लक्ष्मी खंडे और त्रिलोक खंडे की वैवाहिक जीवन तबाह होने से बच गई। पति पत्नी ने अपने पुनर्मिलन कराने पर छत्तीसगढ़ पुलिस का धन्यवाद ज्ञापित करते समाज में अपनी छाप छोड़ने की दावा किया।

उपरोक्त काउंसलिंग आयोजन कार्यवाही में महिला सेल प्रभारी प्रतिभा लहरे प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक, सउनि. सविता वर्मा की सराहनीय योगदान रही।

## संगीतमय देवी पुराण ज्ञान यज्ञ संपन्न



खैरागढ़ (दावा)। देवांगन समाज के द्वारा दाऊचौरा मे सात से चौदह फरवरी तक संगीतमय देवी पुराण ज्ञान यज्ञ कार्यक्रम हुआ संपन्न। कार्यक्रम की शुरुआत सात फरवरी की सुबह 10 बजे कलश यात्रा से शुरू की गई। पहले दिन मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना कर देवी पुराण कथा की शुरुआत किया। देवी पुराण कथा सुनाने के लिए खरोरा से परम श्रद्धेय भागवताचार्य पंडित संतोष राव जी अपनी टीम के साथ खैरागढ़ पहुंचे थे।

दोपहर 1 बजे से शाम 6 बजे तक संगीतमय देवी पुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन होता था।। शाम 7 बजे से रात्रि 10 बजे तक प्रति दिन जस, झांकी, रामायण, आर्केस्टा, व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति मनमोहक रहा। परमेस्वरी महोत्सव के उत्सव पर 13 फरवरी को शहर मे संगीतमय के साथ विशाल सोभा यात्रा निकाली गई.

14 फरवरी को माता परमेस्वरी का पूजा अर्चना कर मूर्ति विसर्जन की गई। उसके बाद देवांगन समाज के द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। परम श्रद्धेय भागवताचार्य पंडित संतोष राव जी देवी पुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह के विभिन्न प्रसंगों पर व्याख्यान किया। देवी पुराण से जुड़े हुए विभिन्न धार्मिक थीमों पर झांकी भी निकाली गई, इस कार्यक्रम का आयोजन देवांगन समाज के द्वारा आयोजित की गई। देवांगन समाज के कार्यक्रम में बतौर अथिति पूर्व खनिज निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन उपस्थित रहे। जिन्होंने माता की पूजा अर्चना कर समाज को संबोधित किया। इसके पूर्व समाज द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया समाज के संरक्षक मनराखन देवांगन (अधिवक्ता) अध्यक्ष सेवक राम देवांगन ने आभार व्यक्त किया। उक्त कार्यक्रम में13 फरवरी को बतौर मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत के उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, जिला पंचयात सभापति विप्लव साहू उपस्थित रहे। विशाल शोभायात्रा कथा स्थल से जय स्तंभ चौक गोल बाजार बक्शी मार्ग इतवारी बाजार कुम्हारपारा, ठाकुरपारा होते हुए स्कूल चौक में सम्पन्न हुआ।

शोभायात्रा में मां परमेश्वरी की मूर्ति कथा वाचक पंडित संतोष राय जी सहित समाज की महिलाएं शामिल हुए। माता के भक्ति गीतों में लोग नाचते रहे। जय देवांगन जय महाजन के नारे लगते रहे। 14 फरवरी को मां परमेश्वरी मूर्ति का विसर्जन किया गया। जिसमें वार्ड में विशाल भंडारे का आयोजन दे रात तक चलता रहा. दूर-दूर से कथा सुनने आए भक्तो ने आयोजन का दर्शन लाभ लिया। इस पूरे आयोजन मे समाज के सभी पदाधिकारी मौजूद रहे।

## बांधाबाजार कोसरिया मरार पटेल समाज का सामूहिक आदर्श विवाह

**स्नेह सम्मेलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह 25 फरवरी को नादिया में**

राजनांदगांव (दावा)। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कोसरिया मरार पटेल समाज अंबागढ़ चौकी राज का सामूहिक आदर्श विवाह, स्नेह सम्मेलन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन 25 फरवरी कबीर मठ नादिया में होगा। समाज के पदाधिकारी एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं के द्वारा जोर-शोर से तैयारी की जा रही है। सामूहिक आदर्श विवाह के लिए अब तक आठ जोड़ों का पंजीयन किया जा चुका है। इस बार आयोजन को नए कलेवर देने के लिए शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभावान बालक, बालिकाओं को समाज के सम्माननीय मंच से सम्मान किया जाएगा। जिससे आने वाले समय में कोसरिया मरार पटेल समाज में शिक्षा में क्रांति आएगी, ऐसा कयास समाज के इस कदम से लगाया जा रहा है। शिक्षित समाज ही विकसित समाज की परिकल्पना को पूर्ण कर सकता है। उक्त पंक्ति को चरितार्थक करने का प्रयास समाज द्वारा किया जा रहा है। विगत 2012 से हमारे समाज द्वारा सामूहिक आदर्श विवाह एवं स्नेह सम्मेलन का आयोजन किया जाता आ रहा है जिसमें हमारे समाज के गणमान्य नागरिकों , माता युवाओं एवं बुजुर्गों द्वारा उनकी सराहना की जा रही है। राज अध्यक्ष देव कुमार पटेल राज सचिव श्रीमान द्वारिका पटेल, रोमन पटेल, सुदर्शन पटेल, बिंझवार पटेल, भुनेश्वर पटेल, देवीलाल पटेल, चरण पटेल, मानसिंह पटेल, हीरालाल पटेल, राम पटेल, भगत पटेल, अनिल पटेल के द्वारा एवं राज पदाधिकारी एवं परिक्षेत्र पदाधिकारी के द्वारा विगत एक माह से इसकी तैयारी की जा रही है।

## शिवनाथ रत्न से सम्मानित हुए साहित्यकार पी.सी. लाल यादव



राजनांदगांव (दावा)। बसंत पंचमी के पावन पर्व पर श्री शिवनाथ क्षेत्रीय विकास समिति द्वारा शा. दिग्विजय महाविद्यालय के सृजन संवाद में सरस्वती पुत्रों की गरिमामयी उपस्थिति में ज्ञान बुद्धि विद्यादायिनी माँ सरस्वती की पूजा अर्चना के साथ प्रारंभ हुआ।

उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. के.एल. टाण्डेकर प्राचार्य शा. दिग्विजय महाविद्यालय, डॉ डी.सी. जैन अध्यक्ष शिवनाथ क्षेत्रीय विकास समिति विशिष्ट अतिथि हिमांशु याज्ञिक, योगेन्द्र पाण्डेय केन्द्रीय विद्यालय शिवनाथ रत्न, पी.सी. लाल यादव के गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन करते हुए समिति के सचिव अमलेन्दु हाजरा ने माँ सरस्वती के पृथ्वी पर अवतरण को रेखांकित करते हुए कहा कि माता सरस्वती के वीणा की ध्वनि से इस संसार के प्राणियो को वाणी मिली बिना वाणी के जीवन अधूरा है। साहित्य संगीत व कला ही राष्ट्र की पहचान होती है और वह राष्ट्र को जीवित रखती है। डॉ.डी.सी. जैन ने अपने अध्यक्षी उद्बोधन में सभी को बसंत पंचमी की शुभकानाएं देते हुए कहा कि शिवनाथ क्षेत्रीय विकास समिति विगत 25 वर्षो से जल संरक्षण, संवर्धन, नदी बचाव के क्षेत्र में कार्य कर रही है प्रमुख रूप से 2014 का शिवनाथ बचाव अभियान अपना विशेष महत्व रखता है। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह द्वारा घाट निर्माण, तट बंध निर्माण हेतु दी गई राशि व वर्तमान में मोहारा मेला के सौंदर्यीकरण हेतु शासन द्वारा दिये गये राशि का उल्लेख करते हुए शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया तथा वर्तमान में विधानसभा अध्यक्ष द्वारा आक्सीजोन व मेला स्थल को जोड़ने हेतु लक्ष्मण झूला के प्रस्ताव पर कार्यवाही प्रारंभ किये जाने की प्रशंसा करते हुए शिवनाथ रत्न पुरस्कार के संबंध में बताया कि यह पुरस्कार साहित्यकारो को प्रोत्साहित करने हेतु स्व. ममता जैन जो कि उनकी पुत्री है के स्मृति में वर्ष 2021 से किया जा रहा है उन्होने यह भी बताया कि वे स्वयं व उनकी पुत्री ने दिग्विजय महाविद्यालय के विद्यार्थी रहे है और जहां से उन्होने स्नातक व एलएलबी की परीक्षा उत्तीर्ण की है। उनकी पुत्री स्व. ममता जैन भी इस महाविद्यालय की विद्यार्थी रही है इसलिए महाविद्यालय के प्रांगण से यह पुरस्कार इस वर्ष प्रदान किया जा रहा है। मुख्य अतिथि के आसंदी से महाविद्यालय के प्राचार्य श्री टाण्डेकर ने सभी को बसंत पंचमी की शुभकामनाएं देते हुए समिति के सदस्यो द्वारा किये जा रहे अच्छे सामाजिक कार्यो की सराहना करते हुए उन्हे धन्यवाद दिया और कहा कि समिति के सेवा कार्यो में मैं भी स्वयं भाग लिया हूँ जिसका मुझे सुखद अनुभव है। समिति द्वारा समाज में साहित्य को प्रोत्साहन देने के लिए अच्छा कार्य किया जा रहा है। जिसकी मैं प्रशंसा करता हूं विशिष्ट अतिथि हिमांशु याज्ञिक ने कहा कि संस्कारधानी नगरी संगीत साहित्य कला एवं खेल के क्षेत्र अपनी विशिष्ट पहचान रखता है। इस शहर में अलग-अलग विचारधारा के लोग एक साथ मिलते बैठते है और सभी शहर, प्रदेश व देश की उन्नति के लिए कुछ न कुछ प्रेरक कार्य करते रहते है। इस अवसर पर साहित्यकार पी.सी.लाल यादव को अतिथियों द्वारा शिवनाथ रत्न पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया है। श्री यादव ने अपनी छत्तीसगढ़ी रचना हाय रे, हाय रे गोंदा फूल की शानदार प्रस्तुति से जनमानस को विभोर किया और बसंत, गोंदाफूल व छत्तीसगढ़ की माटी को एकसाथ पिरोते हुए अपनी रचना की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राजभाषा के जिला समंवयक आत्माराम कोशा (अमात्य), योगेन्द्र पाण्डेय (शिवनाथ रत्न) केन्द्रीय विद्यालय, व्यंग्यकार गिरीश ठक्कर (स्वर्गीय), राजमोहन (राज), राकेश इन्दु भूषण ठाकुर ने भी अपनी साहित्यिक रचनाओ से जनमानस को भाव विभोर किया कार्यक्रम में विशेष रूप से सर्वश्री कचरू प्रसाद शर्मा, शैलेन्द्र कुमार तिवारी, पूर्व निर्देशक खादी ग्राम उद्योग, डॉ. ओंकार लाल श्रीवास्तव, डॉ.बी.एन. जागृत, डॉ. किरन जैन, डॉ. कैलाश देवांगन, सुनील जैन, हरजीत सिंह भाटिया, श्रीमति सरला जैन, पवन यादव (पहुना) के अलावा गणमान्य नागरिक सहित पत्रकारिता एवं हिन्दी विभाग के प्राध्यापक, छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के अंत में समिति की ओर से पूर्व पार्षद नमिताभ जैन द्वारा आभार व्यक्त किया।

## खैरागढ़ विश्वविद्यालय की कार्यकारिणी समिति में शामिल हुई प्रो. डॉ. मृदुला शुक्ल



खैरागढ़. (दावा)। इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ की कार्यकारिणी समिति में सीनियर प्रोफेसर डॉ. मृदुला शुक्ल शामिल की गई हैं। इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ अधिनियम 1956 में निहित प्रावधानों के अनुसार कुलाधिपति के द्वारा प्रोफेसर के रूप में प्रो. डॉ. मृदुला शुक्ल को कार्यकारिणी समिति में सदस्य नियुक्त किया गया है। उक्ताशय की अधिसूचना लसचिव प्रो. डॉ. नीता गहरवार के द्वारा 09 फरवरी 2024 को जारी की गई है। उल्लेखनीय है कि प्रो. डॉ. शुक्ल इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ में हिंदी विभाग की वरिष्ठ प्राध्यापक हैं। इससे पूर्व डॉ. शुक्ल अधिष्ठाता, विभाग प्रमुख, विभागाध्यक्ष आदि विभिन्न दायित्वों का निर्वहन कर चुकी हैं।

# पहला कॉलम...

## जेल में अचानक बिगड़ी इमरान खान की पत्नी बुशरा बीबी की हालत



नई दिल्ली। बुशरा बीबी, इमरान खान की पत्नी। पाकिस्तान के अडियाला जेल में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पत्नी बुशरा बीबी की तबीयत बिगड़ गई है। बुशरा की बहन ने जेल में दूषित भोजन खाने की शिकायत की है। बता दें कि बुशरा बीबी तोशाखाना और गैर इस्लामिक निकाह के मामले में अडियाला जेल में बंद हैं और उन्हें जेल की ओर से दूषित खाद्य उपलब्ध कराए जाने का आरोप लगाया गया है। एआरवाई की रिपोर्ट के अनुसार बुशरा की बहन मरियम रियाज वट्टू ने जेल अधिकारियों पर यह सनसनीखेज आरोप लगाया है। मरियम रियाज ने पूर्व प्रधानमंत्री की पत्नी बुशरा की जान को जेल में खतरा होने का अंदेशा भी जताया है। पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट के अनुसार मरियम ने कहा कि मेरी बहन की हालत लगातार खराब बनी है। वह दर्द में है और पिछले 6 दिनों से कुछ भी खाया पीया नहीं है। मरियम ने कहा कि बुशरा को जेल में दूषित और नुकसानदायक भोजन दिया गया। एआरवाई न्यूज के अनुसार जेल के अधिकारी घर का बना खाना बुशरा को दिए जाने के अनुमति नहीं दे रहे हैं।

## ऑस्ट्रेलिया में आई बाढ़ की चपेट में आकर भारतीय नागरिक ने गंवाई जान

कैनबरा। ऑस्ट्रेलिया के क्वींसलैंड में मौसम काफी खराब है। यहां बाढ़ के हालात बने हुए हैं। इस बीच, माउंट ईसा के पास आई बाढ़ में एक भारतीय नागरिक की मौत हो गई। कैनबरा में भारतीय उच्चायोग ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

पीड़ित के परिवार के प्रति संवेदना भारतीय उच्चायोग ने पीड़ित के परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। साथ ही विश्वास दिलाया कि वह किसी भी सहायता के लिए उनके संपर्क में है। उसने सोशल मीडिया एक्स पर कहा, ऑस्ट्रेलिया से दिल तोड़ने वाली खबर है। यहां एक भारतीय शख्स की मौत हो गई है। मृतकों के परिवार के प्रति गहरी संवेदना। उच्चायोग की टीम सभी आवश्यक सहायता के लिए संपर्क में है। हालांकि, उच्चायोग के अधिकारियों ने मरने वाले की पहचान उजागर नहीं की है। इस बीच, बारिश और आंधी के गंभीर अलर्ट के बीच क्वींसलैंड में स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। गंभीर आंधी-तूफान की चेतावनी क्वींसलैंड की पुलिस ने बताया, %सनशाइन कोस्ट काउंसिल क्षेत्र के लोगों के लिए गंभीर आंधी-तूफान की चेतावनी है।

## शेयर बाजार में लगातार चौथे दिन तेजी, सेंसेक्स 376 अंक चढ़ा

नई दिल्ली. स्थानीय शेयर बाजारों में शुक्रवार (16 फरवरी) को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में तेजी रही और सेंसेक्स-निफ्टी हरे निशान पर बंद हुए. कारोबार के अंत में तीस शेयरों पर आधारित बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का सेंसेक्स 376.26 अंक यानी 0.52 फीसदी की बढ़त के साथ 72,426.64 के स्तर पर बंद हुआ. वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 129.95 अंक यानी 0.59 फीसदी की तेजी के साथ 22,040.70 के स्तर पर बंद हुआ. 2.11 लाख करोड़ बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का कुल मार्केट कैप आज 16 फरवरी को बढ़कर 389.41 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया, जो इसके 15 फरवरी को 387.30 लाख करोड़ रुपये था. इस तरह बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप आज करीब 2.11 लाख करोड़ रुपये बढ़ा है. इस तरह निवेशकों की संपत्ति में करीब 2.11 लाख करोड़ रुपये का इजाफा हुआ है

सेंसेक्स 227.55 अंक यानी 0.32 फीसदी की बढ़त के साथ 72,050.38 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 70.70 अंक यानी 0.32 फीसदी की बढ़त के साथ 21,910.75 अंक पर बंद हुआ था.

## अंतरिक्ष में रूसी परमाणु क्षमता को लेकर अमेरिकी दावे को रूस ने नकारा

नई दिल्ली। अंतरिक्ष में रूसी परमाणु क्षमता को लेकर अमेरिकी दावे को रूस ने नकारा, मॉस्को ने कहा- मनगढ़ंत बातें फैला रहा है अमेरिका अंतरिक्ष में रूसी परमाणु क्षमता को लेकर अमेरिकी दावे को रूस ने नकारा। फोटोः रायटर। रायटर, मास्को। रूस ने गुरुवार को अंतरिक्ष में नई रूसी परमाणु क्षमताओं को लेकर अमेरिका के दावे को सिरे से खारिज कर दिया। रूस ने अमेरिकी दावे को दुर्भावनापूर्ण और व्हाइट हाउस की चाल बताया। कहा- अमेरिका ने ऐसा इसलिए कहा ताकि वह मास्को से मुकाबला करने के लिए अमेरिकी सांसदों को और अधिक धनराशि स्वीकृत करने के लिए प्रेरित कर सके। अमेरिकी इंटेलिजेंस एजेंसी ने दावा किया था कि रूस अंतरिक्ष में अपनी परमाणु शक्ति बढ़ा रहा है जो कि काफी खतरनाक है। रूस की आर्मी अंतरिक्ष में न्यूक्लियर एंटी सेटेलाइट सिस्टम तैनात करना चाहती है ताकि अंतरिक्ष में जाकर दुश्मन की सभी नेविगेशन सेटेलाइट को खत्म कर सके। पेसकोव ने कहा कि यह स्पष्ट है कि व्हाइट हाउस किसी भी तरह से अमेरिकी संसद को धन आवंटित करने के विधेयक पर मतदान करने के लिए उकसाने की कोशिश कर रहा है। साथ ही कहा कि अमेरिका भी कई नए हथियार विकसित कर रहा है। यहां बता दें कि रूस और चीन को अमेरिका अपना बड़ा प्रतिद्वंदी मानता है।

# केन विलियमसन के वर्ल्ड रिकॉर्ड के दम पर न्यूजीलैंड ने जीता दूसरा टेस्ट



दक्षिण अफ्रीका ने 0-2 से झेला क्लीन स्वीप

नई दिल्?ली। केन विलियमसन (133*) के रिकॉर्ड शतक और विल यंग (60*) की उम्दा पारी के दम पर न्यूजीलैंड ने शुक्रवार को हैमिल्टन में दूसरे टेस्ट में दक्षिण अफ्रीका को 7 विकेट से हरा दिया। इसी के साथ न्यूजीलैंड ने दो मैचों की सीरीज में दक्षिण अफ्रीका का 2-0 से क्लीन स्?वीप किया। याद दिला दें कि न्यूजीलैंड ने पहला टेस्ट 281 रन के विशाल अंतर से जीता था।

हैमिल्टन में खेले गए दूसरे टेस्ट में दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी की और पहली पारी में 242 रन बनाए। जवाब में न्यूजीलैंड की पारी 211 रन पर ऑलआउट हो गई। इस तरह मेहमान टीम को पहली पारी के आधार पर 31 रन की बढ़त मिल गई। फिर प्रोटियाज की दूसरी पारी 235 रन पर ऑलआउट हो गई और न्यूजीलैंड को जीत के लिए 267 रन का लक्ष्य मिला। मेजबान टीम ने तीन विकेट खोकर लक्ष्य हासिल किया। न्यूजीलैंड की पारी का हाल याद दिला दें कि न्यूजीलैंड ने चौथे दिन अपनी पारी 40/1 के स्कोर से आगे बढ़ाई। डान पीड्ट ने टॉम लैथम (30) को हमजा के हाथों कैच आउट कराकर न्यूजीलैंड को दूसरा झटका दिया। इसके बाद विलियमसन ने रचिन रवींद्र (20) के साथ तीसरे विकेट के लिए 64 रन की साझेदारी करके न्यूजीलैंड को 100 रन के पार पहुंचाया।

यहां से विलियमसन ने विल यंग (60*) के साथ दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों पर काउंटर अटैक किया और चौथे विकेट के लिए 152 रन की अविजित साझेदारी करके न्यूजीलैंड को सात विकेट की जीत दिलाई। विलियमसन का रिकॉर्ड शतक केन विलियमसन ने इस दौरान अपने टेस्ट करियर का 32वां शतक जमाया।

उन्होंने 203 गेंदों में सैकड़ा पूरा किया। केन विलियमसन टेस्ट क्रिकेट में सबसे तेज 32 शतक जमाने वाले बैटर बने। उन्होंने 172 पारियों में 32 शतक ठोके। विलियमसन ने ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज स्टीव स्मिथ का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 174वीं पारी में 32वां शतक जमाया था।

## कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी की बिगड़ी तबीयत, अस्पताल में भर्ती



नई दिल्ली। यूपी प्रभारी एवं कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा अस्वस्थ होने के कारण शुक्रवार को भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल नहीं हो सकेंगी। उन्होंने कहा कि सेहत में सुधार होते ही वह इस यात्रा का हिस्सा बनेंगी। पहले से तय कार्यक्रम के अनुसार, उन्हें आज शाम उत्तर प्रदेश के चंदौली से यात्रा में शामिल होना था। प्रियंका गांधी ने सोशल मीडिया मंच च्एक्स% पर पोस्ट कर खुद के अस्वस्थ होने और अस्पताल में भर्ती होने की जानकारी दी।

उन्होंने कहा, मैं बड़े चाव से उत्तर प्रदेश में च्भारत जोड़ो न्याय यात्रा के पहुंचने का इंतजार कर रही थी, लेकिन बीमारी की वजह से मुझे आज ही अस्पताल में भर्ती होना पड़ा। स्वास्थ्य थोड़ा बेहतर होते ही मैं यात्रा में शामिल होउंगी। तब तक के लिए मैं, चंदौली-बनारस पहुंच रहे सभी यात्रियों, पूरी मेहनत से यात्रा की तैयारी में लगे उत्तर प्रदेश के मेरे सहयोगियों और प्यारे भाई को शुभकामनाएं देती हूं। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की अगुवाई में मणिपुर से मुंबई तक च्भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकाली जा रही है। यात्रा फिलहाल बिहार में है और शुक्रवार को उत्तर प्रदेश में प्रवेश करेगी। यात्रा 16-21 फरवरी तक पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ जिलों और फिर रायबरेली एवं अमेठी में निकाली जाएगी। 22 और 23 फरवरी यात्रा के लिए विश्राम के दिन हैं तथा 24 और 25 फरवरी को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में यात्रा फिर से शुरू होगी।

## भारत ने इजराइल को भेजे अडानी ग्रुप की कंपनी में बने हर्मीस 900 ड्रोन




नई दिल्ली। भारतीय कंपनी गाजा में हमले के लिए उपयोग करने के लिए इजराइल को ड्रोन का निर्माण और निर्यात कर रही है। ये दावा मिडिल ईस्ट आई की रिपोर्ट में किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, अडानी-एलबिट एडवांस्ड सिस्टम्स इंडिया लिमिटेड के ज्वाइंट प्रोडक्शन के जरिए भारत में बने 20 हर्मीस 900 ड्रोन को इजरायल को डिलीवर किया गया है।

भारत के अडानी डिफेंस एंड एयरोस्पेस और इजरायल के एल्बिट सिस्टम्स ने एल्बिट 900 ड्रोन के निर्माण के लिए एक ज्वाइंट वेंचर बनाया हुआ है। हालांकि, किसी भी देश ने भारत में बने हर्मीस 900 ड्रोन को इजरायल को सौंपने की बात स्वीकारी नहीं है। मिडिल ईस्ट आई की रिपोर्ट में मानवाधिकार कार्यकर्ताओं और रक्षा विश्लेषकों ने इस डील को लेकर चिंता जाहिर की है। उनके मुताबिक ये ड्रोन सौदा इजराइल के साथ भारत की बढ़ती भागीदारी को रेखांकित करता है और दोनों देशों के बीच बढ़ते आर्थिक और सैन्य संबंधों को उजागर करता है। हर्मीस 900 ड्रोन कितना खतरनाक हर्मीस-900 ड्रोन का निर्माण हैदराबाद में एक निजी विनिर्माण फैसेलिटीज में किया जाता है।

## केन विलियमसन 18,000 अंतरराष्ट्रीय रन पूरे करने वाले दूसरे बल्लेबाज बने

नई दिल्ली। न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के दिग्गज बल्लेबाज केन विलियमसन ने दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के खिलाफ दूसरे टेस्ट में शानदार शतक (133) लगाया।उन्होंने हैमिल्टन टेस्ट की चौथी पारी में अपने करियर का 32वां शतक लगाया।इसके साथ विलियमसन ने अपनी पारी के दौरान एक महत्वपूर्ण भी उपलब्धि हासिल की।दरअसल, उन्होंने अंतरराष्टीय स्तर पर अपने 18,000 रन पूरे किए। वह ऐसा करने वाले न्यूजीलैंड के केवल दूसरे खिलाड़ी बने हैं। जीत के लिए मिले 267 रन का पीछा करते हुए जब मेजबान टीम ने 40 रन पर अपना पहला विकेट खोया था।

## भारतीय महिलाओं ने क्वार्टर फाइनल में हांगकांग को हराया, पहला पदक पक्का किया



शाह आलम। भारतीय महिला बैडमिंटन टीम ने शुक्रवार को क्वार्टर फाइनल में हांगकांग को 3-0 से हराकर बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप (बीएटीसी) में अपना पहला पदक पक्का कर लिया।

शीर्ष शटलर ने चोट के बाद वापसी करते हुए अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए लो सिन यान हैप्पी को 21-7, 16-21, 21-12 से हराकर भारत को शुरुआती बढ़त दिला दी।

अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रैस्टो की युगल जोड़ी ने युंग नगा टिंग और युंग पुई लैम पर सीधे गेमों में 21-10, 21-14 से जीत दर्ज करके बढ़त दोगुनी कर दी।

फिर, अश्मिता चालिहा ने युंग सुम यी पर 21-12, 21-13 से जीत के साथ ताबूत में आखिरी कील ठोक दी और टीम के लिए सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली।पदक पक्का, भारत अब शीर्ष वरीयता प्राप्त जापान और चीन के बीच दूसरे क्वार्टर फाइनल के विजेता से भिड़ेगा। द्विवार्षिक महाद्वीपीय टीम चैंपियनशिप का 2024 संस्करण अप्रैल-मई में चीन के चेंगदू में होने वाले 2024 थॉमस और उबेर कप के लिए एशियाई क्वालीफायर के रूप में भी काम करेगा। भारत थॉमस कप का वर्तमान धारक है।

बीएटीसी 2024 मूल्यवान रेस टू पेरिस 2024 रैंकिंग अंक भी प्रदान करता है, जो आगामी ओलंपिक खेलों में प्रतिस्पर्धा करने के इच्छुक शटलरों के लिए महत्वपूर्ण होगा।

## अर्जेंटीना ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे अल्काराज



**ब्यूनस आयर्स। कार्लोस अल्काराज ने अर्जेंटीना के क्वालीफायर कैमिलो उगो काराबेली के खिलाफ अर्जेंटीना ओपन के पहले मैच में सीधे सेटों में जीत दर्ज की और क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।**

ऑस्ट्रेलियन ओपन के क्वार्टरफाइनल से बाहर होने के बाद अपना पहला मैच खेल रहे स्पैनियार्ड ने गुरुवार रात दूसरे मैच में दो मैच प्वाइंट गंवाने के बाद 6-2, 7-5 से जीत दर्ज की।

अल्काराज का अगला मुकाबला क्वालीफायर एंड्रिया वावसोरी से होगा जिन्होंने सातवीं वरीयता प्राप्त इटली के लास्लो जेरे को 6-4, 7-5 से हराकर बड़ा उलटफेर किया।

अल्काराज ने मैच के बाद एटीपी टूर के हवाले से कहा, यह वास्तव में एक कठिन मैच रहा है। मैच में उसे हराना वास्तव में कठिन था। मैं सच बताऊं तो उसके प्रति फैंस का समर्थन देखकर मैं घबरा गया था।

पिछले सीज़न में बार्सिलोना और एटीपी मास्टर्स 1000 में घरेलू खिताब बरकरार रखने के बाद स्पेनिश शीर्ष वरीय अपने करियर में तीसरी बार खिताब का सफलतापूर्वक बचाव करने के लिए प्रयास कर रहे हैं।

इससे पहले एटीपी 250 में अर्जेंटीना के फेडेरिको कोरिया ने दूसरी वरीयता प्राप्त कैमरून नोरी को 4-6, 6-4, 6-3 से हराया। अपनी चौथी शीर्ष 20 जीत और 2022 के बाद पहली अर्जित करके, घरेलू पसंदीदा अपने 12वें टूर-स्तरीय क्वार्टरफाइनल में आगे बढ़ गया। कोरिया का अगला मुकाबला अपने ही देश के सेबेस्टियन बाएज़ से होगा।

## देश में तीन से अधिक बच्चे पैदा करें रशियन महिलाएं, राष्ट्रपति पुतिन

मास्को। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने रूस के लोगों से अधिक बच्चे पैदा करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि रूसी परिवारों को देश के जातीय अस्तित्व की खातिर कम से कम दो बच्चे पैदा करने चाहिए और अगर इसे विकसित और फलना-फूलना है तो तीन या अधिक बच्चे पैदा करने चाहिए। रूस में लगातार गिर रही जन्म दर पुतिन ने उरल्स क्षेत्र में एक टैंक फैक्ट्री में कर्मचारियों से कहा कि अगर रूस के लोगों को अपनी पहचान बनाए रखनी है तो प्रति परिवार को कम से कम दो बच्चे पैदा करनी चाहिए।

## ग्रीस ने दी समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता

नई दिल्ली। ग्रीस समलैंगिक सिविल मैरिज को वैध बनाने वाला पहला रूढ़िवादी ईसाई देश बन गया है. 300 सीटों वाली संसद में 176 सांसदों ने गुरुवार देर रात प्रधानमंत्री क्यारीकोस मित्सोटाकिस की सेंटर-राइटर सरकार द्वारा के विधेयक के पक्ष में मतदान किया. 76 ने खिलाफ वोट किया जबकि दो वोटिंग से अलग रहे और 46 वोट के लिए उपस्थित नहीं थे. संसद से पारित होने के बाद आधिकारिक सरकारी गजट में प्रकाशित होने पर यह बिल कानून बन जाएगा. इसे एलजीबीटी अधिकारों के समर्थकों के लिए एक ऐतिहासिक जीत माना जा रहा है. विधेयक के समर्थकों ने मतदान को एक ऐतिहासिक क्षण बताया.

नया कानून समलैंगिक जोड़ों के लिए माता-पिता के अधिकारों को मान्यता देता है. यह कानून समलैंगिक जोड़ों को शादी करने और बच्चे गोद लेने का अधिकार देता है. हालांकि यह समलैंगिक पुरुषों को सरोगेट माताओं के माध्यम से जैविक बच्चे प्राप्त करने की अनुमति नहीं देगा. अधिकांश यूनानी सुधार के समर्थन में ओपिनियन पोल बताते हैं कि अधिकांश यूनानी सुधार का समर्थन करते हैं. बढ़ती महंगाई से चिंतित देश में यह मुद्दा समाज में अधिक हलचल नहीं मचा पाया. सरकार को मिला मुख्य विपक्षी दल का साथ सरकार द्वारा तैयार किए गए ऐतिहासिक विधेयक को मुख्य विपक्षी सिरिज़ा सहित चार वामपंथी दलों का समर्थन प्राप्त था. तीन छोटे दक्षिणपंथी दलों और स्टालिनवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने मसौदा कानून को खारिज कर दिया.

*दुनिया भारत में निवेश को उत्सुक...*

की जनता को श्रेय दिया। उन्होंने कहा कि जी-20, चंद्रयान और भारतीय अर्थव्यवस्था का 11वें से 5वें स्थान पर पहुंचना जनता के समर्थन के कारण बड़ी सफलता रही। उन्होंने आने वाले वर्षों में भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए लोगों का आशीर्वाद मांगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश को विकसित भारत बनाने के लिए हरियाणा का विकास जरूरी है। उन्होंने आज हरियाणा के विकास के लिए सुसज्जित अस्पतालों के साथ-साथ रोडवेज और रेलवे नेटवर्क के आधुनिकीकरण के लिए लगभग 10,000 करोड़ रुपए की कई विकास परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित करने और आधारशिला रखने का उल्लेख करते हुए कहा कि राज्यों का विकास भारत का विकास है। प्रधानमंत्री ने अनुभव केंद्र ज्योतिसर के बारे में कहा कि यह दुनिया को भगवद् गीता में भगवान श्री कृष्ण की शिक्षाओं से परिचित कराएगा और साथ ही भारतीय संस्कृति में हरियाणा की गौरवशाली भूमि के योगदान को भी उजागर करेगा।यह अनुभवात्मक संग्रहालय लगभग 240 करोड़ रुपए की लागत से बनाया गया है। संग्रहालय 17 एकड़ में फैला है, जिसमें 100,000 वर्ग फुट से अधिक की छत के नीचे की जगह है। उन्होंने आज की विकास परियोजनाओं के लिए हरियाणा की जनता को बधाई दी।

## शेष प्रथम पृष्ठ का

*जयपुर एयरपोर्ट को बम से उड़ाने...*

सीआईएसएफ और डॉग स्क्वायड टीम की ओर से एयरपोर्ट पर सर्च ऑपरेशन चलाया गया. करीब 2 घंटे चले सर्च ऑपरेशन में एयरपोर्ट परिसर में कोई भी संदिग्ध चीज नहीं मिली है. मालूम हो कि इससे पहले भी 27 दिसंबर को भी जयपुर सहित करीब आधा दर्जन से अधिक एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी. लेकिन जांच में कुछ संदिग्ध नहीं मिला था.

*पीपीबीएल के ग्राहकों को...*

लिमिटेड के नोडल खातों को जल्द से जल्द 29 फरवरी, 2024 से पहले समाप्त किया जाना है। इन नोडल खातों में सभी पूर्व निर्धारित लेनदेन का निपटान (29 फरवरी, 2024 को या उससे पहले शुरू किए गए सभी लेनदेन के संबंध में) 15 मार्च, 2024 तक पूरा किया जाएगा और उसके बाद किसी भी अन्य लेनदेन की अनुमति नहीं दी जाएगी। यह भी निर्देश दिया गया है कि बैंक द्वारा सभी खातों और वॉलेट से, कानून प्रवर्तन या न्यायिक अधिकारियों द्वारा फ्रीज या ग्रहणाधिकार चिह्नित खातों को छोड़कर, उनके उपलब्ध शेष तक निकासी की सुविधा दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह निर्देशित किया जाता है कि बैंक स्वचालित 'स्वीप-इन स्वीप-आउट' सुविधा के तहत भागीदार बैंकों के पास जमा ग्राहकों की जमा राशि की निर्बाध निकासी की सुविधा देगा, जिससे ऐसे ग्राहकों को कोई असुविधा नहीं होगी।

*दिल्ली की फैक्टरी में आग....*

फैक्टरी में रासायनिक सामग्री के गोदाम थे. आग एक पुनर्वास केंद्र और आठ दुकानों सहित आस-पास की इमारतों में फैल गई. स्थानीय लोगों का आरोप है कि दमकल की गाड़ियां देर से पहुंचीं, जिसके कारण आग अन्य इमारतों में फैल गई. दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के एक अधिकारी ने बताया कि आग लगने की सूचना शाम 5¬25 बजे मिली और दमकल गाड़ियों को घटनास्थल पर भेजा गया, लेकिन जी टी करनाल रोड के पास भारी ट्रैफिक जाम के कारण देरी हुई. दिल्ली पुलिस ने किसानों के आंदोलन के मद्देनजर अलीपुर की ओर जाने वाली कुछ सड़कों पर बैरिकेडिंग की हुई है. सूत्रों ने दावा किया कि देरी नजदीकी दमकल केंद्र पर दमकल गाड़ियों की अनुपलब्धता के कारण हुई क्योंकि उन्हें दूसरे स्थान पर भेजा गया था.

पुलिस अधिकारियों ने कहा कि चूंकि घटना में फैक्टरी मालिक की मौत हो गई, इसलिए उसके बेटे, हरियाणा के सोनीपत के अखिल जैन से पूछताछ की जा रही है. फैक्टरी मालिक के बेटे के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 304 (गैर इरादतन हत्या) और 308 (गैर इरादतन हत्या का प्रयास) के तहत मामला दर्ज किया गया है. डीएफएस अधिकारी ने कहा कि दमकल की 22 गाड़ियों को आग बुझाने के लिए भेजा गया था.

## अश्विन फैमिली इमरजेंसी के कारण तीसरे टेस्ट से बाहर- बीसीसीआआई ने कहा, खिलाड़ी और परिवार का स्वास्थ्य जरूरी

स्पोर्ट्स डेस्क। फैमिली इमरजेंसी के कारण भारतीय टीम के स्पिनर आर अश्विन राजकोट में इंग्लैंड के खिलाफ खेले जा रहे तीसरे टेस्ट से बाहर हो गए है। शुक्रवार को बीसीसीआई ने इसकी जानकारी दी। बीसीसीआई ने कहा, चैंपियन क्रिकेटर और उनके परिवार के लिए हम सपोर्ट करते हैं। खिलाड़ियों और उनके प्रियजनों का स्वास्थ्य सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण है।

बोर्ड अश्विन और उनके परिवार की प्राइवेसी का सम्मान करने का अनुरोध करता है क्योंकि वे इस चुनौतीपूर्ण समय से गुजर रहे हैं। बोर्ड और टीम अश्विन को हर आवश्यक सहायता प्रदान करना जारी रखेगी और आवश्यकता के मुताबिक मदद भी करेगी। राजकोट टेस्ट में शुक्रवार को रविचंद्रन अश्विन ने टेस्ट क्रिकेट में अपने 500 विकेट पूरे किए। वे इस मुकाम तक पहुंचने वाले सिर्फ दूसरे भारतीय गेंदबाज बने। उनसे पहले अनिल कुंबले ने 105 मैचों यह उपलब्धि हासिल की थी। टेस्ट मैच के दूसरे दिन आर अश्विन ने अपने 500 टेस्ट विकेट पूरे किए। दूसरे दिन के खेल के बाद अश्विन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस भी की। इसमें उन्होंने कहा, मैं गलती से स्पिनर बन गया। 37 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा कि श्रीलंका के लिजेंडरी स्पिनर मुथैया मुरलीधरन की वजह से उन्हें फुल टाइम स्पिनर बनने का मौका मिला।

मुरलीधरन अभी भी रेड-बॉल क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वालों की लिस्ट में टॉप पर हैं। एक समय मुरलीधरन और अश्विन साथ चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेलते थे। अश्विन ने बताया, छ्रस्य के लिए मुरलीधरन नई गेंद लेने के लिए तैयार नहीं थे, इसके बाद उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई। अश्विन आगे बोले, मैं एक बैटिंग ऑलराउंडर बनना चाहता था। जब मैं चेन्नई सुपर किंग्स के ड्रेसिंग रूम में गया, तो मुरलीधरन नई गेंद नहीं फेंकना चाहते थे और आखिरकार, मुझे नई बॉल डालने का मौका मिला। मैंने अपने जीवन की फर्स्ट क्लास क्रिकेट में भी अच्छी शुरुआत की, लोगों को शक था कि मैं टेस्ट गेंदबाज बन पाऊंगा या नहीं, 13 साल बाद यह कोई बुरी उपलब्धि नहीं है। मैं बहुत खुश हूं।

# गैंदाटोला पुलिस ने तीन पेटी महाराष्ट्र निर्मित संत्री शराब कोचियों से किया जब्त

राजनांदगांव (दावा)। गैदाटोला पुलिस ने अवैध शराब तस्करों से तीन पेटी महाराष्ट्र निर्मित 144 पाव शराब एवं घटना में प्रयुक्त एक मोटर साइकिल की जप्ती की है। इस तरह पुलिस द्वारा महाराष्ट्र से शराब परिवहन करते दो अंतर राज्यीय शराब कोचिया को गिरफ्तार किया गया है।

गिरफ्तार आरोपी का नाम गौतम कुमार साहू पिता हरिराम साहु उम्र 25 निवासी हाल ग्राम रियांटोला मूल ग्राम घूपसाल थाना छुरिया एवं भुवनेश्वर साहू पिता दिनाराम साहु उम्र 34 निवासी ग्राम रियांटोला चौकी चिचोला थाना छुरिया बताया जाता है। दोनों आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़े हैं। बता दें कि पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहूल देव शर्मा व पुलिस अनुविभागीय अधिकारी दिलीप सिसोदिया के दिशा-निर्देशन पर जिले में चलाये जा रहे अवैध मादक पदार्थ तस्करी के रोकथाम हेतु लगातार कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था। जिसके परिपालन में रात्रि में महाराष्ट्र से छत्तीसगढ आने वाले रास्तों पर रात्रि में लगातार पेट्रोलिंग किया जा रहा था। गुरुवार 15 फ़रवरी की रात पेट्रोलिंग के दौरान ग्राम सीताकसा के पास रोड में दो लोग एक मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 00 ए एन7043 से




ककोड़ी महाराष्ट्र से राजनांदगांव की ओर आते मिले। जिनको कड़ाई से रोका गया, आरोपियों में से गौतम कुमार साहू एवं भुवनेश्वर साहू के द्वारा मोटर साईकिल के बीच में एक सफेद प्लास्टिक की बोरी में वजनी सामान रखा मिला।, बोरी को खोलकर चेक करने पर अंदर में महाराष्ट्र निर्मित कुल 144 पाव प्रत्येक में 180-180 मिलीलीटर जो प्लास्टिक की शीशियों में सीलबंद देशी दारू संत्री नामक शराब, कुल 25.920 लीटर, कीमती 10,080 रूपये को मोटर साईकिल से अवैध रूप से परिवहन करते पाए जाने पर शराब एवं मोटर साईकिल कीमती 50 हजार रूपये जुमला कीमती 60 हजार 80 रूपये को जप्त कर आरोपियों कृत्य मामला 34(2), 36 आबकारी एक्ट के अंतर्गत अपराध करते पाये जाने पर उन्हें न्यायिक रिमांड हेतु न्यायालय पेश किया गया।

उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी गैंदाटोला निरीक्षक रमेश पटेल, प्रधान आरक्षक केदार चंद्रवंशी, आरक्षक महेन्द्र जोशी का विशेष योगदान रहा।

# आपदा प्रभावितों को सहायता अनुदान राशि स्वीकृत



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने दैवीय विपत्तियों के संबंध में राहत मद अंतर्गत आपदा प्रभावितों को सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। डोंगरगढ़ तहसील अंतर्गत अधिक वर्षा से 3 मकान आंशिक क्षति होने पर 24 हजार रूपए, राजनांदगांव तहसील अंतर्गत अतिवृष्टि से 26 मकान आंशिक क्षति होने पर 1 लाख 4 हजार रूपए, अतिवृष्टि से 3 पशुशाला क्षति होने पर 9 हजार रूपए तथा डोंगरगांव तहसील अंतर्गत आग से जनहानि होने पर 4 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

# विश्व पुस्तक मेला में डॉ. अनुपम कुमार राय द्वारा रचित 'भारतीय ज्ञान परंपरा' का लोकार्पण

राजनांदगांव (दावा)। श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल विश्वविद्यालय के पत्रकारिता विभाग के सहायक अध्यापक डॉ. अनुपम कुमार की पुस्तक 'भारतीय ज्ञान परंपरा' का पुस्तक लोकार्पण समारोह 14 फरवरी को विश्व पुस्तक मेला, प्रगति मैदान, नई दिल्ली में किया गया है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महान शिक्षाविद, शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, के राष्ट्रीय संगठन मंत्री अतुल कोठारी, अखिल भारतीय शैक्षिक महासंघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शिक्षाविद, महेंद्र, केंद्रीय विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. साकेत कुशवाहा, पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय सीकर, राजस्थान के कुलपति, प्रो. अनिल कुमार राय, किताबवाले प्रकाशन के प्रबन्ध निदेशक, प्रशांत जैन अनेक विद्वतजन इस समारोह में उपस्थित रहे।



कार्यक्रम का संचालन, दिल्ली विश्वविद्यालय के सहायक अध्यापक, डॉ. सुधीर रिंटेंन ने किया। स्वागत भाषण से कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए पुस्तक के संपादक डॉ. अनुपम कुमार राय ने सभी विद्वतजनों का स्वागत एवं परिचय कराया। तत्पश्चात किताब वाले प्रकाशक के प्रबंध निदेशक प्रशांत जैन ने सभी विद्वतजनों को शॉल और माँ सरस्वती की मूर्ति देकर सम्मानित किया। विशिष्ट अतिथि अखिल भारतीय शैक्षिक महासंघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्रीयुत महेंद्र ने भारतीय ज्ञान परंपरा के तत्वों पर प्रकाश डालते हुए राय द्वय संपादक डॉ. रिन्जु राय, डॉ. अनुपम कुमार राय को बधाई दी एवं कार्यों की सराहना की।

मुख्य अतिथि शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्रीयुत अतुल कोठारी ने भारतीय ज्ञान परंपरा को अपने व्यक्तव्य में बताया और आज के युवा वर्ग को यह सलाह दिया कि सभी को अपने राष्ट्र की संस्कृति, परंपरा को अपनाना चाहिए। जिससे राष्ट्र का विकास होगा। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. मंजुल ने किया।

# हल्दी स्कूल में मनाया गया मातृ पितृ पूजन दिवस

राजनांदगांव (दावा)। 14 फरवरी बुधवार को स्वामी विवेकानंद युवा जागृति मंच एवं हल्दी हाईस्कूल के द्वारा स्कूल में मनाया गया मातृ पितृ पूजन सर्वप्रथम माँ सरस्वती और विवेकानंद जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण व दीपप्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई, इसके पश्चात बच्चों ने अपने अपने माता पिता व गुरुजनों को बैठाकर विधिविधान से पूजा अर्चना किये।

कार्यक्रम में अतिथि के रूप में शाला के प्राचार्य कमल नारायण सिंह युवा जागृति मंच के संरक्षक रितेश यादव, शहर अध्यक्ष एस के देवांगन, रहे इस कार्यक्रम की शुरुआत स्वामी विवेकानंद युवा जागृति मंच के जिलाध्यक्ष जीवन साहू द्वारा की गई। मंच संचालन करते हुए श्री साहू ने बच्चो से कहाँ की युवा देश की शान है आप युवाओं से ही देश आगे चलकर विश्वगुरु कहलायेगा आपके संस्कार ही आपकी पहचान बनेगी इसलिए हमेसा माता पिता का आदर सम्मान करे और आज के दिन को मातृ पितृ पूजन दिवस के रूप में हमेशा मनाये यहाँ से



संकल्प लेके अपने घर जाए और जिनके माता पिता पूजन कार्यक्रम में नही आ पाए वो अपने घरों में जाके पूजन करें।

कार्यक्रम के अतिथि प्राचार्य नारायण सिंह ने बच्चों के अंदर ऊर्जा भरते हुए कहा माता पिता सदैव पूजनीय है हमें हमेसा इनका आदर सत्कार करना चाहिए इनकी पूजन करके अपने जीवन को धन्य करना चाहिए श्री प्राचार्य सर द्वारा वहा उपस्थित सभी माता पिता व गुरुजनों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया साथ ही उन्होंने युवा जागृति मंच के सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि आप सभी एक अच्छी पहल से जुड़े हुए है इस कार्यक्रम को देख हमारे गुरुजन व माता पिता के आँख भर आयी ये हृदय को छू लेने वाला आयोजन है।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से, युवा जागृत मंच के जिला उपाध्यक्ष आदित्य पराते, मेहुल जाटव व शाला के दुर्गेश पराते अमित शर्मा, श्रीमती लक्ष्मी चंद्रवंशी, गीता साहू, राकेश मिश्रा, अर्चना कन्नौजे, बबिता झा, टिकेस्वर वर्मा, यामिनी साहू, सुषमा ठाकुर, सुनील चंद्राकर, धर्मेद्र कुमार, चम्पेश्वर, घनश्याम, देवश्री साहू, चंद्रवंती, इंदरचंद वर्मा, अंगराज गंजीर, आशीष जैन, अभिषेक ताम्रकार, दिनेश देशमुख आदि उपस्थित थे, उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी रोहित देवांगन ने दी।

# दुल्लापुर उपकेन्द्र में 5 एम.व्ही.ए. के नये पॉवर ट्रांसफार्मर क्रियाशील

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा मुख्यमंत्री विद्युत अधोसंरचना विकास योजना के अन्तर्गत कबीरधाम जिले के ग्रामीण अंचलों में समुचित वोल्टेज पर निर्बाध व गुणावत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विद्यमान उपकेन्द्रों की क्षमता आवर्धन हेतु अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मरों के स्थापना के कार्यो को सर्वोच्च प्राथमिकता से किया जा रहा है। कवर्धा वृत्त के अधीक्षण अभियंता रंजीत घोष की उपस्थित में कवर्धा संभाग के ग्राम दुल्लापुर स्थित 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र में विद्यमान 3.15 एम.व्ही.ए. के पॉवर ट्रांसफार्मर का क्षमता में वृद्धि करते हुए मुख्यमंत्री विद्युत अधोसंरचना विकास योजना के तहत लगभग 1 करोड़ 30 लाख रूपये के लागत से 5 एम.व्ही.ए. का नया पॉवर ट्रांसफार्मर स्थापित कर चार्ज किया गया। इस प्रकार ग्राम दुल्लापुर उपकेन्द्र की क्षमता 3.15 एम.व्ही.ए. से बढ़कर 5 ए.व्ही.ए.



0 ऊर्जीकरण से 15 ग्रामों के 2361 उपभोक्ताओं को मिलेगी उच्च गुणवत्ता की विद्युत आपूर्ति

हो गया है। विद्युत कंपनी के उच्चाधिकारियों के विशेष प्रयासों से विद्युत विकास के लिए स्वीकृत इस कार्य से कवर्धा विकासखण्ड के ग्राम दुल्लापुर स्थित 33/11 के.व्ही.उपकेन्द्र के परिधि में आने वाले अनेक गांवों के किसानों तथा उपभोक्ताओं को इसका लाभ मिलेगा। कवर्धा संभाग कार्यपालन अभियंता जी.एस. फ्लोरा ने बताया कि कवर्धा संभाग के ग्राम दुल्लापुर में विद्यमान 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र में 5 एम.व्ही.ए. के नये पॉवर ट्रांसफार्मर के क्रियाशील हो जाने से इस क्षेत्र के 15 ग्रामों के 2361 विद्युत उपभोक्ताओं एवं कृषकों को ओवरलोडिंग की समस्याओं का निराकरण सहित उच्च गुणवत्ता की विद्युत सेवा का लाभ मिलेगा। इस कार्य को सफलतापूर्वक किये जाने पर राजनांदगांव क्षेत्र मुख्य अभियंता टी.के.मेश्राम एवं अधीक्षण अभियंता रंजीत घोष ने कार्यपालन अभियंता जी.एस. फ्लोरा, के. एल. उइके, एच.पी. गुप्ता, सहायक अभियंता यू.के. धृतलहरे, मुकेश लहरे, सुनील कंवर और उनकी टीम को बधाई दी है।

# दिव्यांगजन के लिए व्यापक व्यावसायिक मूल्यांकन उपकरण विषय पर दो दिवसीय सीआरई कार्यक्रम संपन्न

राजनांदगांव (दावा)। एनआईईपीआईडी सिकंदराबाद के प्रशासनिक नियंत्रण एवं भारतीय पुनर्वास परिषद् के तहत सीआरसी राजनांदगांव द्वारा सीआरसी एकेडेमिक बिल्डिंग बसंतपुर में दिव्यांगजन के लिए व्यापक व्यावसायिक मूल्यांकन उपकरण विषय पर दो दिवसीय सीआरई कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में सीआरई कार्यक्रम में विभिन्न जिलों से पहुंचे आरसीआई पंजीकृत 20 प्रतिभागियों ने भाग लिया। सीआरई कार्यक्रम के सदस्य श्री गजेन्द्र कुमार साहू द्वारा सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान निदेशक सीआरसी राजनांदगांव एवं सीआरसी राजनांदगांव के पुनर्वास प्रोफेशनल श्रीमती सिमता महोबिया तथा व्यावसायिक पुनर्वास में सहायक प्रोफेसर श्री श्रीनिवासुला, विशेष शिक्षक श्री पुनित साहू, सहायक श्रीमती पूनम नैदानिक, व्यावसायिक चिकित्सक श्रीमती श्वेता श्रोती द्वारा सीआरई विषय एवं समय सारिणी अनुसार अपने-अपने क्षेत्र की जानकारी दी। कार्यक्रम को आरसीआई के पूर्ण मार्गदर्शन के साथ सीआरई कार्यक्रम को आरसीआई मानदंडों के साथ सफलतापूर्वक पूरा किया गया।

# जनसंपर्क कार्यालय में अनुपयोगी समाचार पत्रों की बिक्री

राजनांदगांव (दावा)। जिला जनसंपर्क कार्यालय राजनांदगांव में रखे पुराने अनुपयोगी समाचार पत्र, पत्रिकाओं तथा अन्य सामग्री की खुली निविदा एवं गठित समिति के अनुमोदन उपरांत स्थानीय फर्म से कोटेशन प्राप्त कर प्रचलित बाजार दर पर जो भी अधिक हो कि बिक्री किया जाना है। इच्छुक व्यक्ति जिला जनसंपर्क कार्यालय राजनांदगांव में 19 फरवरी 2024 को अपरान्ह 3 बजे तक अपना आवेदन पत्र के साथ कोटेशन जमा कर सकते हैं।

# धरमूटोला में बसंत पंचमी एवं मातृ-पितृ दिवस मनाया गया

छुरिया (दावा)। शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला धरमूटोला में बसंत पंचमी एवं मातृ-पितृ दिवस का आयोजन 14 फरवरी दिन बुधवार को शाला प्रांगण में किया गया। इस अवसर पर सभी बच्चों ने ज्ञान की देवी मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर अपने-अपने माता-पिता का तिलक, अभिनंदन एवं चरण स्पर्श कर उनका आशीर्वाद लिया। बसंत पंचमी एवं मातृ-दिवस आयोजन पर उपस्थित पालकों का शाला परिवार की ओर से स्वागत अभिनंदन कर उनका सम्मान किया गया। मातृ-पितृ दिवस पर उपस्थित बच्चों के पालकों ने कहा कि यह आयोजन वास्तव में प्रशंसनीय है। शाला परिवार एवं हमारे छोटे-छोटे बच्चों के द्वारा हमारा सम्मान किया



० बच्चों ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना, माता-पिता का चरण स्पर्श कर लिया आशीर्वाद

जाना हमारे लिए गौरव की बात है। इस तरह के आयोजन से निश्चित ही बच्चों में अपने माता-पिता के प्रति स्नेह एवं अपनत्व का भाव आता है और बच्चे संस्कारवान बनते हैं। पढ़ा लिखा होने के साथ ही संस्कारवान का गुण भी बच्चों के लिए आवश्यक है तभी हमारे बच्चे बड़े होकर एक अच्छे सुसंस्कारित नागरिक बनेंगे।

# दुबेलिया तेली साहू समाज के वार्षिक महासभा अधिवेशन में सामाजिक न्याय को सर्वश्रेष्ठ माना

अचानकपुर (दावा)। दुबेलिया तेली साहू समाज का 77वां वार्षिक महासभा अधिवेशन में रायपुर दुर्ग भिलाई राजनांदगांव धमधा खैरागढ़ छुईखदान गंडई नागपुर बिलासपुर के हजारों सामाजिक सदस्यों ने सामाजिक न्याय को सर्वश्रेष्ठ माना और एकमत होकर सामाजिक न्याय पर विश्वास है महासभा के अध्यक्षता शिवकुमार साहू ने जनमानस को संबोधित करते हुऐ कहे देश धर्म समाज परिवार और इंसानियत का मान-सम्मान को बचाना है तो अहम अहंकार घमंड और शराब गांजा जैसे अन्य नशाओं का त्याग करना ही होगा मंच संचालनकर्ता मनीराम साहू ने महासभा आये अतिथियों का स्वागत करवाये और कहा समाजिक न्याय प्रकोष्ठ के न्याय से जनसमूह पक्ष-विपक्ष सभी संतुष्ट हो जाते हैं समाज के पुर्व अध्यक्ष वर्तमान प्रमुख संरक्षक समयलाल साहू ने जनमानस को संबोधित कर कहे देश-दुनिया का एक मात्र दुबेलिया



तेली साहू समाज है जो नशामुक्त परिवार को रामायण टीकाकार स्व. नोहर लाल साहू बावनकुरिया की स्मृति में सामाजिक रत्न सम्मान रामचरित मानस रामायण ग्रन्थ भेंटकर सम्मान देते आ रहे मेरे कार्यकाल 2017 से समाजिक रत्न सम्मान का शुरूआत हुआ है।

समाज का 77वां वार्षिक महासभा में आठवां समाजिक रत्न सम्मानधारी निवासी वरिष्ठ 86 वर्षीय धनऊराम साहू को सम्मानित किया गया। साहू जी ने सामाजिक रत्न सम्मान पाकर भावुक होकर कहा यह सम्मान पाकर मैं धन्य हुआ और मेरा जीवन सफल हो गया सामाजिक रत्न से बड़ा और कोई सम्मान हो ही नहीं सकता पूर्व अध्यक्ष सुन्दर लाल साहू ने समाजजनों को सामाजिक संस्कार की सीख देते हुऐ कहे तन-मन और हृदय से समाज का सेवा करना देश धर्म समाज परिवार का ध्यान रखकर पालन करना ही सामाजिक संस्कार है। सहसचिव सी.आर.साहू ने सामाजिक सदस्यों को संबोधित करते हुऐ कहा मनुष्य का बड़प्पन सहनशीलता नम्रता शालिनता और निःस्वार्थभाव रखना ही है। सुख-सुविधा धन-सम्पत्ति जमीन-जायदाद यह सब चलता-फिरता लोभ-लालच है। कोषाध्यक्ष उत्तम कुमार साहू ने जनमानस को मन की बात कही मनुष्य के सहनशक्ति इच्छाशक्ति और मानसिकशक्ति से बड़ा कोई और शक्ति हो ही नहीं सकता। महासभा में समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान किया। पूर्व विधायक कोमल जंघेल समाज के बहुचर्चित छत्तीसगढ़ी गायक बिहारीलाल साहू और वरिष्ठ सामाजिक सदस्य ईश्वर साहू को उनके अच्छे कार्य के लिऐ रामायण ग्रन्थ भेंटकर सम्मान किया गया।

# शहर मंडल के बूथ क्रमांक 157 में पहुंचे भाजपा कार्यकर्ता

डोंगरगढ़ (दावा)। प्रदेश एवं भाजपा के आदेशनुसार गांव चलो अभियान के तहत शहर मंडल के बूथ क्रमांक 157 में आज दिनांक 15 फरवरी को नगरी बूथ प्रवासी संतोष राव महामंत्री शहर मंडल डोंगरगढ़ के द्वारा एवं भाजपा के नेतागण अमित छाबड़ा, महेंद्र अग्रवाल, तुलसी मिश्रा विजेद्र ठाकुर, सुषमा कोठारी, एम तुलसी, भारती कोसे, डी. सुनीता बी सारथी, रामा राव, दीपन बघेल, अतुल बिरहा, तेजू राव, डी एकेश राव, अजय शर्मा, मयंक डोंगरे, रघुनाथ गजेंद्र की उपस्थिति में बूथ अध्यक्ष रतन कोसे एवं समिति के सदस्यों एवं पन्ना प्रभारियों के बैठक संपन्न हुई।

बैठक में समिति के सदस्यों द्वारा सुनिश्चित किया गया कि आने



० बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव की रणनीति बनाने को लेकर विस्तृत विचार विमर्श

वाले लोकसभा चुनाव में वोट प्रतिशत कैसे बढ़ेगा इसे लेकर चर्चा भी की गई। केंद्र की योजनाओं की जानकारी वार्ड के लोगों तक पहुंचाने एवं लाभ दिलाने पर जोर दिया गया। साथ ही वार्ड के महिलाओं के साथ बैठकर महतारी वंदन योजना के बारे में जानकारी दी गई। आने वाले लोकसभा चुनाव में लोकसभा के जो भी प्रत्याशी होगा उसकी जीत का आग्रह करते हुए वार्डवासियों से भी निवेदन किया गया।

# बच्चों ने मनाई बसंत पंचमी, मां सरस्वती की उपासना की



**राजनांदगांव (दावा)। बसंत पंचमी के अवसर पर शहर के लेबर कालोनी स्थित सामुदायिक भवन में निःशुल्क कोचिंग पढ़ने वाले बच्चों व शिक्षक श्रीमती सुधा पवार द्वारा ज्ञान की देवी मां सरस्वती माता की व भारत माता की पूजा अर्चना की गई।**

गौरतलब है कि श्रीमती सुधा पवार यहां विगत दो वर्षों से बच्चों को निःशुल्क ट्यूशन दे रहीं हैं। सरस्वती पूजा के उक्त कार्यक्रम में वार्ड क्रमांक 16 के पार्षद पारस वर्मा, प्रकाश हरिहारनो, संतोष पिल्ले, नरेंद्र यादव, संतोष सिंह, समीर श्रीवास्तव, अखिलेश श्रीवास्तव, सुश्री शारदा चंद्र, श्रीमती ऋतु शर्मा, दर्शना श्रीवास्तव, श्रीमती दुर्गा भुनेश्वर, श्रीमती निशा सेंगर, श्रीमती संगीता साहू, श्रीमती अंजू, नवलकर, प्रतिमा वर्मा व सभी गणमान्य नागरिक जन शामिल हुए। सभी ने बच्चों को आगे बढ़ने का आशीर्वाद दिया।

# आज डॉ. अम्बेडकर के अस्थि दर्शन यात्रा पर भव्य मोटर सायकल रैली

डोंगरगढ़ (दावा)। आदर्श नागसेन बुद्ध विहार ट्रस्ट समिति द्वारा डॉ अंबेडकर के अस्ति दर्शन यात्रा के अवसर पर भव्य मोटरसाइकिल रैली का आयोजन आज किया गया है। भारतीय संविधान के निर्माता, भारत रत्न, बोधिसत्व बाबा साहब डॉ. भीमराव आम्बेडकर जी का अस्थि कलश मुम्बई के चैत्यभूमि, नागपुर की दीक्षा भूमि एवं पूणे के धम्मचक्र प्रवर्तन महाविहार दापोड़ी एवं इंदौर के महू में रखी थी। जिसे मानव समाज को जागृत करने के लिए त्रिरत्न बौद्धमहासंघ के प्रयासों से छत्तीसगढ़ में लाया जा रहा है। आयोजन समिति द्वारा सभी सामाजिक बंधुओ से आग्रह किया गया है कि अधिक से



अधिक संख्या में उपस्थित होकर दर्शन का लाभ लें। यह अस्थि दर्शन यात्रा 17 फरवरी को खैरागढ से संध्या 4 बजे डोंगरगढ़ आगमन होगा।

### विविध आयोजन के साथ धम्म भोज होगा

इस अवसर पर अम्बेडकर अनुयायी अपने घरो के सामने मोमबत्ती जलाएंगे 17 फरवरी को रात में बुद्ध विहार में धम्मभोज की व्यवस्था रखी गई है, मोटर सायकल से ग्राम ढारा गांव तक जाकर रथ यात्रा को पूरे सम्मान के साथ नगर में प्रवेश कराऐंगे। डोंगरगढ़ के शहर में मोटर सायकल रैली द्वारा भ्रमण होगा एवं उसके पश्चात नागसेन बुद्ध विहार में सभी लोगो के दर्शन हेतु रखा जाएगा।

18 फरवरी को सुबह डोंगरगढ़ से राजनांदगांव के लिए प्रस्थान करेगी जिसको तुमड़बोड़ तक मोटर सायकल द्वारा भेजा जाएगा। यह करबला से थाना चौक होते हुए भगतसिंह चौक, गोल बाजार, रेल्वे चौक, जयस्तंभ चौक गोल बाजार से महावीर पारा होते हुए बुद्ध विहार जाएगी। सम्पूर्ण स्थानो से गुजरते समय फुलो की बारिश करके सम्मान किया जाएगा।

# केंद्रीय कैबिनेट मंत्री ने आईबी ग्रुप के एबीस फिश फीड

## सुखरी प्लांट छत्तीसगढ़ का उद्घाटन किया





राजनांदगांव (दावा)। आज 16 फरवरी 2024 को आईबी ग्रुप ने सुखरी, राजनाँदगांव में एबीस फिश फीड प्लांट का भव्य लोकार्पण किया। यह भारत का पहला पूर्णत: स्वचालित फिश फीड प्लांट है जो जलवायु-अनुकूल फ्लोटिंग फिश फीड का उत्पादन करता है। इस कार्यक्रम में केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री परशोत्तम रूपाला और राज्य और जिला स्तर के अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित थे।

आईबी ग्रुप एक प्रगतिशील कृषि व्यवसाय कंपनी है और भारत में 11000 करोड़ रुपये के कारोबार के साथ पोल्ट्री, लाइवस्टॉक फीड (फिश, श्रिम्प, पोल्ट्री) और सॉल्वेंट, एडिबल ऑइल एवं प्रोसेस्ड चिकन में एक अग्रणी नाम है। आईबी ग्रुप तकनीकी को अपनाते हुए प्रोटीन-समृद्ध राष्ट्र बनाने और आईबी से जुड़े लाखों किसानों, ट्रेडर्स, डीलर्स के जीवन में परिवर्तन लाने के लिए प्रतिबद्ध है। आईबी ग्रुप नए आईडिया और लोगों को साथ जोड़कर काम करने की सोच के माध्यम से न केवल गांव के विकास को गति दे रहा है, बल्कि पूरे देश में आर्थिक विकास और समृद्धि भी ला रहा है।

उद्घाटन समारोह में, केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री श्री परशोत्तम रूपाला ने वहां उपस्थित फार्मर्स को सम्बोधित करते हुए कहा कि ''मोदी सरकार के शासन में मत्स्य पालन मंत्रालय की स्थापना होना और ग्रामीण विकास को बढ़ावा देना, हर वर्ग स्तर के लोगों सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता को दिखाता है। इस कदम से भारत के 3 करोड़ फार्मर्स को लाभ हुआ है। इन्हीं प्रयासों के कारण ही भारतीय जलीय कृषि उद्योग आज वैश्विक स्तर में दूसरे स्थान में है। आईबी ग्रुप लाइवस्टॉक फीड उत्पादन में अपने 40 वर्षों के अनुभव का लाभ उठाते हुए देश के हर घर तक प्रोटीन पहुँचा रहा है। आईबी ने छत्तीसगढ़ जैसे गैर तटीय क्षेत्र में फिश फीड प्लांट स्थापित कर भारतीय अर्थव्यवस्था में फिश उद्योग के महत्व को समझकर एक उदाहरण प्रस्तुत किया है। राजनांदगांव के संसद संतोष पाण्डेय ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि मैं आईबी और उनकी पूरी टीम को नए प्लांट की शुभकामनायें देता हूँ। संस्कारधानी राजनांदगांव को विश्व पटल में किसी ने पहचान दिलाई है तो वह आईबी ग्रुप ने दिलाई है। इस शहर में अगर औद्योगिक विकास संभव हुआ है, तो वह आईबी के एमडी बहादुर अली के विजन के कारण ही संभव हो पाया है।

# केंद्रीय मंत्री रुपाला ने स्वदेशी मेले मे उपस्थिति देकर आयोजन की गरिमा बढ़ाई

### स्वागत सत्कार से अभिभूत हुए रुपाला जी, मंत्री जी ने घुम-घुम कर किया मेले का अवलोकन



राजनांदगांव (दावा)। शहर के स्टेट स्कूल मैदान में शुक्रवार 16 फरवरी से आगाज हुए स्वदेशी मेले में केंद्रीय मंत्री परशोत्तम रुपाला ने सौजन्य उपस्थिति देकर आयोजन की गरिमा बढ़ाई।

इस दौरान श्री रुपाला के साथ जिले के सांसद संतोष पाण्डेय की भी उपस्थिति रही। स्वदेशी मेले के भव्य द्वार पर पधारते ही केन्द्रीय मंत्री तथा सांसद जी का हार-फूलों से आत्मीय स्वागत, मेला स्वागत समिति के अध्यक्ष विनोद लड्ढा, सचिव योगेश बागड़ी, चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश महामंत्री राजा माखीजा, मेला संयोजक-कोमल सिंह राजपूत, सह संयोजक किशुन यदु ने किया। स्वागत सत्कार से अभिभूत श्री रुपाला ने संस्कारधानी की मेहमान नवाजी की सराहना की व उपरोक्त जनों सहित स्वदेशी मेला संरक्षक विष्णु साव (अधिवक्ता) सीवीएमडी सुब्रत चाको, राजकुमार शर्मा,राकेश ठाकुर, राधेश्याम गुप्ता, के.के. दीक्षित, कमल सोनी, भीष्म देवांगन, श्रीमती सुधा पवार, अमित खंडेलवाल, हफीज खान मलखम कोसरे, अनूप श्रीवास आदि के साथ घुम-घुम कर मेले का अवलोकन किया और स्वावलंबन की ओर बढ़ता भारत थीम पर लगे मेले के एक से बढ़कर एक चीजों के स्टाल व मेले की चाक -चौबंद व्यवस्था की सराहना की।

मेला समिति ने केन्द्रीय मंत्री श्री रुपाला का शाल व श्रीफल सहित प्रतीक चिन्ह (मेमोंटो) देकर सम्मानित किया गया। उक्ताशय की जानकारी सोशल मीडिया प्रभारी कमल सोनी ने दी।

# आयुष्मान भारत योजना में दंत चिकित्सा को जोड़े जाने की मांग



राजनांदगांव (दावा)। शहर के मध्य काली माई मंदिर रोड में अग्रसेन भवन के पास भरकापारा स्थित दादाजी डेंटल क्लीनिक जहां विगत 10 वर्षों से डॉ. सुनील गुप्ता द्वारा मरीजों की सेवा की जा रही है। यह डेंटल क्लीनिक छ.ग. का पहला ऐसा डेंटल क्लीनिक बन गया है, जिसे राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्रदान की गई है।

दादा जी डेंटल क्लीनिक के डॉ. सुनील गुप्ता ने गरीब व जरुरतमंद लोगों के इलाज के लिए मोदी सरकार द्वारा चलाई जा रही आयुष्मान भारत योजना की जमकर सराहना की व कहा कि इस योजना से गरीब लोगों के इलाज में पैसा बाधक सिद्ध नहीं हो रहा। गंभीर से गंभीर इलाज के लिए आयुष्मान योजना का पांच लाख रुपए पर्याप्त साबित हो रहा है। और इस योजना का लोग जमकर लाभ उठा रहे हैं। डॉक्टर गुप्ता ने कहा कि ज्यादातर लोग दांतों के रोग से ग्रसित होते है। जिसके इलाज के लिए गरीब तबके के लोगो को हजारों रुपए खर्च करने पड़ते है। चूंकि दांतों का रुट केनाल से लेकर नए दांत लगवाने, रिपेयर करवाने आदि सहित इलाज करवाना महंगा जान पड़ता है। इसलिए इलाज के अभाव में उन्हें तड़फ कर रह जाना पड़ता है या फिर गहने जेवर, घर मकान खेत आदि बेच कर या गिरवी रख कर इलाज करवानी मजबूरी हो जाती है।

ऐसे गरीब तबके के लोगो के लिए अपने दांतों का इलाज करवांने के लिए आयुष्मान भारत योजना में व्यवस्था की जानी आवश्यक है ताकि गरीब वर्ग के लोगों को अन्य चिकित्सा सुविधा की तरह दांतों की चिकित्सा सुविधा कि लाभ मिल सके।

# निर्माण एजेंसी स्थल निरीक्षण करने के पश्चात ही नये विकास कार्यो का बनाएं स्टीमेट - कलेक्टर

- स्वीकृत नए कार्यों को शीघ्र शुरू करने के दिए निर्देश
- छोटे एवं पुराने निर्माणाधीन विकास कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के दिए निर्देश
- कलेक्टर ने ली सभी निर्माण एजेंसी से संबंधित अधिकारियों की बैठक



- सांसद एवं विधायक निधि के निर्माण कार्यों को प्राथमिकता के साथ निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने के दिए निर्देश
- अधिकारियों को जिले में चल रहे विकास कार्यों का नियमित फिल्ड निरीक्षण करने के दिए निर्देश

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में निर्माण एजेंसियों की बैठक लेकर जिले में चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा की। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने विभिन्न विभागों द्वारा कराए जा रहे निर्माणाधीन कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष समाप्त होने वाला है। सभी निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ समय-सीमा के भीतर पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य के लिए यह समय अनुकूल है, इसलिए निर्माण कार्य में तेजी लाए। उन्होंने स्वीकृत नये विकास कार्यों को शीघ्र शुरू करने के निर्देश निर्माण एजेंसियों को दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण एजेंसी द्वारा निर्माण कार्यों में कोई परेशानी आती है, उसकी जानकारी साझा करें। जिससे संबंधित क्षेत्र के अधिकारियों और जिला प्रशासन के माध्यम से दूर किया जाएगा।

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि नये विकास कार्यों का स्टीमेट बनाने के पहले अधिकारी स्वयं स्थल का निरीक्षण जरूर करें, जिससे सही तरीके से स्टीमेट बनेगा। उन्होंने कहा कि निर्माण एजेंसियों के अधिकारी नियमित फिल्ड में जाकर विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा करें, जिससे निर्माणाधीन कार्यों में तेजी आएगी और गुणवत्ता बनी रहेगी। उन्होंने छोटे एवं पुराने विकास कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिससे जनसामान्य को इसका लाभ शीघ्र मिल सके। उन्होंने कहा कि जिस कार्य के लिए राशि स्वीकृत हुई है, उसी कार्य में उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्य प्रारंभ की तिथि और कार्य पूर्णता की संभावित तिथि की जानकारी जिला कार्यालय को देने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने सांसद एवं विधायक निधि के अंतर्गत स्वीकृत निर्माण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देशित करते हुए कहा कि सांसद एवं विधायक निधि से स्वीकृत निर्माण कार्यों को प्राथमिकता के साथ निर्धारित समयावधि में गुणवत्ता के साथ पूर्ण करें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने निर्माण कार्यों की लगातार मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने लोक निर्माण विभाग, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, जल संसाधन विभाग, छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विस कॉर्पोरेशन, सेतु निर्माण विभाग, सिंचाई विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा सहित अन्य विभागों के निर्माण कार्यों की समीक्षा कर गुणवत्तापूर्ण समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में आयुक्त नगर निगम श्री अभिषेक गुप्ता सहित निर्माण से संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

# लोकसभा स्पीकर ने किया सिकासा कमेटी को सम्मानित



राजनांदगांव (दावा)। ओम बिरला जी लोकसभा स्पीकर से सम्मानित हुए चार्टर्ड अकाउंटेंट शिवम चौधरी इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट ऑफ इंडिया नई दिल्ली द्वारा पिछले दिनों राष्ट्रीय स्तर पर विज्ञान भवन में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें भिलाई ब्रांच ऑफ़ आईसीएआई के सिकासा कमेटी को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए ऑल इंडिया में द्वितीय श्रेष्ठ पुरस्कार प्राप्त हुआ पुरस्कार भिलाई ब्रांच सिकासा के चेयरमैन शिवम चौधरी और अन्य कमेटी के मेम्बर ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला जी के कर कमल से प्राप्त किया।

इस उपलब्धि के लिए छत्तीसगढ़ के समस्त चार्टर्ड एकाउंटेंट ने भिलाई ब्रांच को बधाई और अनेक अनेक शुभकामनाएं दी है।

# रायपुर नाका पेट्रोल पंप के पीछे अवैध प्लाटिंग की तैयारी को निगम ने किया ध्वस्त



राजनांदगांव (दावा)। शासन निर्देशानुसार नगर निगम द्वारा निगम सीमांतर्गत अवैध कालोनी एवं अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध सख्त रवैया अपना कर प्रतिदिन कार्यवाही की जा रही है और अवैध प्लाटिंग की जॉच कर उसे ध्वस्त करने तथा अवैध कालोनी भूमि विक्रय पर बाहय विकास शुल्क जमा करने नोटिस जारी किया जा रहा है। अब तक कई क्षेत्र के अवैध प्लाटिंग ध्वस्त करने के साथ-साथ अवैध कॉलोनी में बाह्य विकास शुल्क जमा करने नोटिस दिया गया है। कार्यवाही की कड़ी में आज रायपुर नाका पेट्रोल पंप के पीछे मुरूम डालकर अवैध प्लाटिंग करने तैयारी की जा रही थी, जिसे निगम की टीम जेसीबी से उखाडकर मुरूम जप्ती की कार्यवाही की।

कार्यवाही के संबंध में निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता ने बताया कि अवैध कालोनी एवं अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध कार्यवाही करने शासन द्वारा निर्देशित किया गया है, निर्देशानुसार निगम का अतिक्रमण तोडू दस्ता अवैध प्लाटिंग की जानकारी लेकर नोटिस जारी करने के साथ साथ प्लाटिंग क्षेत्र की रोड नाली तोडने की कार्यवाही कर रही है। उन्होने बताया कि रायपुर नाका स्थित पेट्रोल पंप के पीछे खसरा कं. 72/6 में री राहुल जैन आ. श्री नरेश जैन तथा 72/7 में श्री गणेश जैन आ. श्री टीकम चंद जैन द्वारा मुरूम डालकर अवैध प्लाटिंग की तैयारी की जा रही थी, जिसकी जानकारी होते ही निगम की टीम जेसीबी के माध्यम से मुरूम ध्वस्त करने की कार्यवाही की। इस प्रकार की कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

आयुक्त श्री गुप्ता ने तकनीकी अधिकारियों से कहा कि, नगर निगम सीमाक्षेत्र में अवैध कॉलोनी एवं अवैध प्लाटिंग की जॉचकर नोटिस जारी करें और यदि संबंधित के द्वारा अवैध प्लाटिंग कार्य बंद नही किया जाता तो उनके विरूद्ध निगम प्रावधानों के तहत् कडी कार्यवाही करें। कार्यवाही के दौरान प्र.सहायक अभियंता दिलीप मरकाम, उप अभियंता अनिमेष चंद्राकर, अशोक देवांगन, डाकेश्वर कर्ष, प्र.पटवारी मिलिन्द रेड्डी व गणेश झा उपस्थित थे।

# लोहिया पेपर एण्ड बोर्ड का रायपुर में आज नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

रायपुर (दावा)। लोहिया पेपर एण्ड बोर्ड प्रा. लि. रायपुर का कल 18 फरवरी रविवार को इरानी बस्ती सडडू (रायपुर) में नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया है।

रविवार प्रातः 9 बजे से आयोजित इस नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर के मुख्य अतिथि कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड की पार्षद श्रीमती सुशीला धीवर जी है। उक्त परीक्षण श्रीराम पैथालाजी लैब द्वारा की जाएगी। कंपनी के मैनेजर सुजीत झा ने बताया कि इस शिविर में बीपी, शुगर व पूरे शरीर के एक-एक अंगों का चेकअप किया जाएगा। आयोजन समिति द्वारा उक्त नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का अधिकाधिक संख्या में लाभ लेने की अपील लोगों से की गई है।

# राजा माखीजा ने केंद्रीय मंत्री रुपाला से की शहर में बड़े उद्योग खोले जाने की मांग



राजनांदगांव (दावा)। चेम्बर आफ कामर्स के प्रदेश मंत्री व जिला भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के संयोजक राजा माखीजा ने जिले के दौरे पर आए केंद्रीय मंत्री माननीय पुरषोत्तम रुपाला से भेंट कर तथा उनसे विस्तृत चर्चा करते हुए राजनांदगांव क्षेत्र में बड़े उद्योग लगाने की मांग की है। इस पर केन्द्रीय मंत्री परसोत्तम रुपाला एवं सांसद संतोष पांडे ने माखीजा की जन हितैषी मांग को ध्यान से सुनते हुए स्थान चयनित व किस तरह के उद्योग की यहां आवश्यकता है इस पर पूरी तरह तय कर उन्हें बताने व उसके पश्चात पूरी शिद्दत से उसे कार्य रूप में परिणत करने का आश्वासन दिया है।

रुपाला जी से मुलाकात के अवसर पर जिले के सांसद संतोष पाण्डेय जी भी उपस्थित थे जिन्होंने संस्कार धानी वासियों की एक बड़े उद्योग की आवश्यकता पर बल दिया। माखीजा जी ने कहा कि राजा के जमाने में यहां के लोगों के हाथों में काम हो इसलिए स्वंय की जमीन देकर बीएनसी मिल खुलवाने का मार्ग प्रशस्त किया था यही नहीं राजा ने यहां से गुजरने के लिए रेल्वे को जमीन दी थी। ऐसे प्रज्ञा हितैषी राजा के क्षेत्र में एक भी बड़ा उद्योग का न होना संस्कार धानी वासियों को लंबे अर्से से साल रहा है। रुपाला को बताया गया कि बीएनसी मिल के बंद होने से यहां का व्यापार व्यवसाय पूरी तरह चौपट हो चुका है।

ऐसे हालात में यहां के लोगों के हाथों में काम देने व युवा बरोजगारों को रोजगार देने तथा यहां का व्यापार व्यवसाय को गति प्रदान करने के लिए संस्कार धानी क्षेत्र में एक बड़े उद्योग-धंधे की शिद्दत से महसूस की जा रही है। माखीजा को केंद्रीय मंत्री जी ने यहां क्या खुलवाना चाहते हो इस संबंध में सभी व्यापारी बंधुओं के साथ बैठकर तय करें और बताएं इस पर हम राजनांदगांव में रिटर्न में से उद्योग से आएगा वो भी देखना है। माखीजा ने मंत्री जी के बात से पूरी तरह आश्वस्त हुए और हम संस्कारधानी वासियों की बात व समस्या ध्यान से सुनने के लिए उन्होंने उनका आभार माना।







# कल बाबा साहेब अंबेडकर की अस्थि दर्शन, शहर में उमड़ेगा जन सैलाब

### 18 फरवरी, दोपहर 01 बजे अंबेडकर चौक में भव्य स्वागत, बसंतपुर में दोपहर से रात तक किया जा सकेगा दर्शन



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव में पहली बार डॉ.बाबा साहेब की अस्थितयों 18 फरवरी को लाई जा रही है। राजनांदगांव के बौद्ध आम्बेडकर अनुयायियों के लिये एतिहासिक दिन का लाभ उठाने का अवसर आ रहा है, और शहर के आम्बेडकर अनुयायी पूरी समर्पण भाव से अस्थि दर्शन की तैयारी में जुटे है।

त्रिरत्न बौद्ध महासंघ छत्तीसगढ़ के द्वारा धम्म प्रचार प्रसार अभियान के अंतर्गत हम सब के आदर्श प्रेरणा स्त्रोत भारत रत्न बोधिसत्व डॉ.बाबासाहेब अंबेडकर जी की अस्थि छत्तीसगढ़ आ रही है बौद्ध धम्म में अस्थि को विशेष महत्व दिया जाता है जैसे महान चक्रवर्ती सम्राट अशोक ने महाकारुणिक तथागत बुद्ध की अस्थियों को 84 हजार भागों में बांटकर संपूर्ण एशिया में स्तूप व चैत्य बनवाया। बुद्ध के प्रमुख शिष्यों सारिपुत्त महामोगल्यान की अस्थियों पर सांची में स्तूप बनाया गया है जो कि नवंबर के अंत में उन अस्थियों को निकाल कर भ्रमण कराया जाता है। ठीक वैसे ही महाकारुणिक तथागत बुद्ध की अस्थि सारनाथ के मूल गंध कुटी विहारए वहां भी महाकारुणिक तथागत बुद्ध की अस्थियां है उसे भी कार्तिक पूर्णिमा के दिन अस्थियों को निकाल कर संपूर्ण सारनाथ में घुमाया जाता है। बोधिसत्व डॉ बाबासाहेब अंबेडकर जी की अस्थियां मुंबई के चैत्यभूमिए नागपुर की दीक्षाभूमिए महू की जन्मभूमि एवं पुणे के धम्म चक्र प्रवर्तन महाविहार दापोड़ी में रखी गई है। जो कि समय-समय पर गुजरात महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश में समाज को जागरूक करने के लिए भ्रमण कराई जाती है।

इस बार छत्तीसगढ़ में पहली बार डॉ.बाबा साहेब की अस्थि दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। हमारे महान आदर्श डॉ.बाबासाहेब अंबेडकर की अस्थि हमारे शहर राजनांदगांव में हमारे बीच 18 फरवरी दिन रविवार को आ रही है।

### कार्यक्रम की रूपरेखा

* अस्थि भ्रमण दल का स्वागत, * बाइक रैली से युवा पेण्ड्री दल को लाने जायेंगे।

समय- दोपहर 12 बजे अस्थि दर्शन रैली

समय - दोपहर 01 बजे अंबेडकर चौक में भव्य स्वागत के पश्चात उपासक रैली के रूप में आम्बेडकर चौक से धम्म कीर्ति बुद्ध विहार पहुंचेगी धम्म किर्ती बुद्ध विहार में अस्थि कलश सभी उपासकों के दर्शनार्थ रखी जावेगी अस्थि कलश पूजा वंदना के पश्चात धम्मचारियों द्वारा धम्म देशना दी जाएगी अस्थि कलश दर्शन कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए बौद्ध कल्याण समिति राजनांदगांवए बुद्धिस्ट पेंशनर्स एसोसिएशनए धम्म किर्ती बुद्ध विहार के साथ सभी शाखा समितियों के सभी उपासक गण जुटे हुए हैं। बौद्ध कल्याण समिति के सहसचिव विनोद श्रीरंगे द्वारा सभी उपासकों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की है।










किराये से देना है

फर्स्ट फ्लोर में 3700 वर्गफीट हॉल किराये से देना है।

पता - मोहारा नदी रोड, ब्लू डायमण्ड सिटी के पास, अनय लॉन के सामने, राजनांदगांव

संपर्क करें
79991-61135
81037-58669

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुदक्र दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com